
वर्ष-07 - अंक 311
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया
लखनऊ
मंगलवार ,18 अगस्त 2026
RNI.No. UPHIN/2019/79073
केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# स्वतंत्र प्रभात
swatantraprabhat.com
epaper.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

भर्ती परीक्षाएं समयबद्ध कराने पर मुख्य सचिव का जोर................. 3
भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम के सियासी संकेत........................................ 4
इफको फूलपुर में अध्यक्ष संघाणी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस पर .......... 11

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने ली एनटीए की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के कामकाज और हाल में सामने आई परीक्षा संबंधी समस्याओं को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। शिक्षा मंत्री ने एनटीए को परीक्षा की सभी प्रक्रियाओं का व्यापक ऑडिट कराने का निर्देश दिया है। एजेंसी को परीक्षा व्यवस्था के प्रत्येक चरण की समीक्षा करनी होगी। यहां पाई जाने वाली कमियों की पहचान उन्हें दूर करने के लिए उठाए गए कदमों की रिपोर्ट बनानी होगी। एनटीए को यह भी निर्देश दिया गया है कि ऑडिट के बाद सुधारात्मक कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत की जाए। शिक्षा मंत्री ने बैठक में यह निर्देश दिया कि परीक्षा के तय नियमों का सख्ती से पालन हो। साथ ही कॉन्फिडेंशियल ऑपरेशन्स आर्किटेक्चर, अलग कमरों, एयर-गैप्ड सिस्टम और डिवाइस जमा करने के नियमों में पूरी तरह बदलाव को युद्ध स्तर पर लागू किया जाए। गौरतलब है कि यूजीसी-नेट जून 2026 के अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा भी अब दोबारा आयोजित की जाएगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इन तीनों विषयों के प्रश्नपत्रों में बड़ी संख्या में गंभीर त्रुटियां पाए जाने के बाद पुनर्परीक्षा कराने का फैसला किया है। स्वयं एनटीए ने बताया कि इन परीक्षाओं में भाषा, वर्तनी की गलतियों के साथ साथ पहले आयोजित परीक्षाओं में पूछे जा चुके प्रश्नों की पुनरावृत्ति भी बड़ी संख्या में सामने आई। यह परीक्षा पहले आयोजित की गई थीं लेकिन अब सितंबर में इनकी पुनर्परीक्षा होगी। सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र और अन्य संवेदनशील सामग्री की सुरक्षा को देखते हुए अलग-अलग स्तरों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया गया है। बाहरी नेटवर्क से अलग कंप्यूटर प्रणालियों के इस्तेमाल से संवेदनशील परीक्षा सामग्री तक अनधिकृत पहुंच की आशंका को कम किया जाएगा। सोमवार को हुई इस बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, एनटीए के महानिदेशक, परीक्षा से जुड़े अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री को हाल की समस्याओं के बाद एनटीए की ओर से उठाए गए कदमों और परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि एनटीए में सुधार प्रक्रिया के तहत 50 से अधिक कर्मचारियों को हटाया जा चुका है। इसके साथ ही एजेंसी के भीतर पेशेवर और तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करने के लिए नई नियुक्तियों की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। एनटीए ने 10 नए पेशेवर नेतृत्व पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। इनमें मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, मुख्य वित्त अधिकारी, मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी, परीक्षा सुरक्षा के महाप्रबंधक, अनुसंधान एवं विकास तथा मनोमितीय मूल्यांकन के महाप्रबंधक सहित अन्य महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। इन पदों पर विशेषज्ञों को नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है। परीक्षा प्रणाली को तकनीकी और पेशेवर रूप से मजबूत बनाने के लिए निजी क्षेत्र से विशेषज्ञों को भी एनटीए के साथ जोड़ा जा रहा है। इन विशेषज्ञों की सेवाएं मुख्य रूप से साइबर सुरक्षा, मनोमितीय मूल्यांकन, प्रश्नपत्र तैयार करने और अन्य विशेष तकनीकी क्षेत्रों में ली जाएंगी। इससे प्रश्नपत्र निर्माण और परीक्षा सुरक्षा से जुड़ी प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता बढ़ाने तथा संभावित कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी।




**एनटीए को यह भी निर्देश दिया गया है कि ऑडिट के बाद सुधारात्मक कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत की जाए। शिक्षा मंत्री ने बैठक में यह निर्देश दिया कि परीक्षा के तय नियमों का सख्ती से पालन हो। साथ ही कॉन्फिडेंशियल ऑपरेशन्स आर्किटेक्चर, अलग कमरों, एयर-गैप्ड सिस्टम और डिवाइस जमा करने के नियमों में पूरी तरह बदलाव को युद्ध स्तर पर लागू किया जाए। गौरतलब है कि यूजीसी-नेट जून 2026 के अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा भी अब दोबारा आयोजित की जाएगी।**










## नेपाल ने जनरल धीरज सेठ को प्रदान की नेपाली सेना के जनरल की मानद रैंक

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत और नेपाल के बीच दशकों से चली आ रही विशेष सैन्य परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने सोमवार को भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ को नेपाली सेना के जनरल की मानद रैंक प्रदान की। काठमांडू स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष अलंकरण समारोह में जनरल सेठ को यह सम्मान प्रदान किया गया। भारतीय सेना के अनुसार, जनरल धीरज सेठ को नेपाली सेना के जनरल की मानद रैंक दिया जाना महज औपचारिक सम्मान नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच कायम विशेष और ऐतिहासिक सैन्य संबंधों का प्रतीक है। भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच एक-दूसरे के सेना प्रमुखों को मानद जनरल की रैंक प्रदान करने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। यह पारस्परिक सम्मान दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी विश्वास, पेशेवर सम्मान और सैन्य भाईचारे को दर्शाता है।



भारतीय सेना का कहना है कि दोनों देशों में सैन्य नेतृत्व की कई पीढ़ियां बदलने के बावजूद यह परंपरा लगातार कायम रही है। ऐसे में जनरल धीरज सेठ को मिला सम्मान भारत-नेपाल के सैन्य संबंधों में निरंतरता और आपसी विश्वास का भी प्रतीक है। समारोह ने भारतीय सेना और नेपाली सेना की उस प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया, जिसके तहत दोनों देश अपने ऐतिहासिक सैन्य संबंधों को बनाए रखते हुए साझा हित वाले क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, जनरल धीरज सेठ को नेपाली सेना की मानद रैंक प्रदान किए जाने से दोनों सेनाओं के बीच दोस्ती और सहयोग के संबंध और मजबूत होंगे। यह सम्मान भारत और नेपाल के बीच लंबे समय से चली आ रही रक्षा साझेदारी में विश्वास, सम्मान और सहयोग की भावना को दोहराता है। भारत और नेपाल के सैन्य संबंध केवल औपचारिक संपर्क तक सीमित नहीं हैं। दोनों देशों की सेनाओं के बीच लंबे समय से संयुक्त प्रशिक्षण, सैन्य आदान-प्रदान और पेशेवर सहयोग की गतिविधियां भी होती रही हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जुलाई में यूक्रेन के 437 नागरिकों की मौत, 2,610 घायल

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि जुलाई में रूसी हमलों के दौरान यूक्रेन में 437 नागरिकों की मौत हुई, जबकि 2,610 लोग घायल हुए। उन्होंने इसे मई 2022 के बाद एक महीने में नागरिकों के हताहत होने का सबसे बड़ा आंकड़ा बताया। जेलेंस्की के अनुसार, जुलाई में 17 बच्चों की मौत हुई और 166 बच्चे घायल हुए। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2022 के बाद किसी एक महीने में बच्चों के हताहत होने का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इन आंकड़ों को गंभीरता से लेने की अपील की। जेलेंस्की ने नागरिकों की मौत के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि यूक्रेन के शहरों पर मिसाइल, ड्रोन और बम हमले तेज किए जा रहे हैं। उनके मुताबिक, जुलाई में लंबी दूरी के हथियारों से किए गए हमलों में कुल नागरिक हताहतों के करीब 38 प्रतिशत मामले सामने आए।

### 'वंदे मातरम' के अपमान पर सोनिया गांधी माफी मांगें: अठावले

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने 'वंदे मातरम' को लेकर चल रहे विवाद पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' देश की स्वतंत्रता की लड़ाई से जुड़ा महत्वपूर्ण गीत है और इसका अपमान किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। आईएएनएस से बातचीत में अठावले ने कहा कि 15 अगस्त देशवासियों के लिए गर्व और सम्मान का दिन है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'वंदे मातरम' ने लोगों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने और अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी एक जिम्मेदार राजनीतिक नेता रही हैं और कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। ऐसे में उन्हें 'वंदे मातरम' के कथित अपमान को लेकर माफी मांगनी चाहिए। अठावले ने कहा कि किसी भी राष्ट्रीय प्रतीक या देश की भावना का अपमान उचित नहीं है। 'बौद्धिक नक्सलवाद' को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में किए गए प्रयासों का उल्लेख किया है। उन्होंने दावा किया कि बड़ी संख्या में नक्सलियों को मुख्यधारा में लाया गया है और कई क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों में कमी आई है।

## मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ मुंबई पुलिस में की शिकायत

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वंदे मातरम के गायन में कथित तौर पर बाधा डालने के आरोप को लेकर कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ मुंबई के दिंडोशी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में पुलिस से वंदे मातरम अधिनियम की प्रयोज्यता और कानूनी स्थिति का पता लगाने और तीनों कांग्रेस नेताओं के कथित आचरण की निष्पक्ष, तटस्थ और समयबद्ध जांच करने के बाद एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। मुंबई भाजपा के सचिव अखिलेश चौबे (एडवोकेट) ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, दिंडोशी पुलिस स्टेशन, मलाड ईस्ट, मुंबई को एक पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 15 अगस्त को एआईसीसी मुख्यालय स्थित इंदिरा भवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सोनिया गांधी ने ऐसे इशारे किए, जिनसे वंदे मातरम के गायन को लेकर आपत्ति का संकेत मिलता था। विवाद उस समय बढ़ा जब गायकों ने वंदे मातरम के उन बाद के छंदों का गायन शुरू किया, जिनमें हिंदू धार्मिक प्रतीकों का उल्लेख है। कांग्रेस के नेताओं का तर्क है कि इन छंदों से अन्य धर्मों के अनुयायियों की भावनाएं आहत हो सकती हैं। शिकायत में कथित वीडियो फुटेज का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें राहुल गांधी को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया है कि, 'हम वंदे मातरम नहीं गा रहे हैं।'



## भाजपा सरकार घोषणाओं और प्रचार तक सीमित न रहे: राव नरेंद्र सिंह

**रोहतक(एजेंसी)।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को रोहतक में कांग्रेस की विभिन्न संगठनात्मक बैठकें आयोजित की गईं। इस दौरान गढ़ी-सांपला-किलोई, महम, कलानौर और रोहतक विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठकों में रोहतक ग्रामीण और रोहतक शहरी जिला कांग्रेस कमेटियों की कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी शामिल हुए। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने और जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा की जनता महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, युवाओं के रोजगार और सरकारी कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को लेकर परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए और केवल घोषणाओं एवं प्रचार तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की आवाज बनकर हर गांव और वार्ड तक पहुंचेंगे तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ उठाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने और उनकी समस्याओं को पार्टी के मंच पर प्रभावी ढंग से रखने का आह्वान किया। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के साथ सीधे जुड़ाव से मजबूत होगा। विधानसभा और जिला स्तर पर आयोजित बैठकों का उद्देश्य प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ संवाद स्थापित करना तथा जमीनी स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को और प्रभावी बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच रहकर उनके मुद्दों को उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्राथमिकता जनता के अधिकारों की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना और हर वर्ग की आवाज को राजनीतिक मंच उपलब्ध कराना है। बैठक में रोहतक ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलवान सिंह रंगा, रोहतक शहरी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप सिंह, विधायक भारत भूषण बत्रा, शकुंतला खटक और बलराम डांगी, पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी एवं सुभाष बत्रा, पूर्व विधायक संतलाल सहित जिला एवं विधानसभा स्तर के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नितिन नवीन ने घोषित की नई टीम, स्मृति ईरानी और वसुंधरा राजे को अहम जिम्मेदारी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को अपनी नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा की। पार्टी ने नई टीम में अनुभवी नेताओं के साथ कई नए चेहरों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी हैं। इस संबंध में पार्टी की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई। नई टीम में पीयूष गोयल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और राजेश मंगल को राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, बी.एल. संतोष को राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिप्रकाश और सौदान सिंह को सहायक मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है, जबकि राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा तीरथ सिंह रावत, राम माधव, बैजयंत पांडा, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन नरेंद्र भाई दोशी, भारती प्रवीण पवार, मनप्रीत सिंह बादल, लाल सिंह आर्य, एम. नागराज, तारिक मंसूर और मधुचंद्र कर को भी उपाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी की नई टीम में राष्ट्रीय महामंत्री पद के लिए आठ नेताओं के नाम पर मुहर लगाई गई है। इनमें विनोद तावड़े, सुनील बंसल, बिप्लव कुमार देव, स्मृति ईरानी, सतीश पूनिया, गजेंद्र पटेल, हरीश द्विवेदी और संजय भाटिया शामिल हैं। वहीं, राष्ट्रीय मंत्री पद पर कविता पाटीदार, के. सुरेंद्रन, भोला सिंह, प्रदीप यादव, जगदीश ईश्वरभाई पटेल, संदीप पाठक, फांग्नोन कोन्यक, संगीता यादव, अनिल एंटनी, एम. वेंकटेशन, मनोज टिग्गा, सिद्धार्थ शंभु, स्वदेश सिंह, मृगांका देव बर्मन, रोहन गुप्ता और जय प्रकाश सहित कई नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। नई टीम की घोषणा के बाद नितिन नवीन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अनुभव और ऊर्जा से समृद्ध यह टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संगठन को नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम के सभी सदस्य कार्यकर्ता भाव से संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा 'विकसित भारत' के संकल्प और राष्ट्रसेवा के ध्येय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## भारत बना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक देश

### वैश्विक मत्स्य उत्पादन में करीब आठ प्रतिशत हिस्सेदारी, सरकार ने बताया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत का मत्स्य और जलीय कृषि क्षेत्र तेजी से देश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभर रहा है। सरकार ने सोमवार को बताया कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश बन गया है और वैश्विक मत्स्य उत्पादन में उसकी करीब आठ प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसके साथ ही जलीय कृषि उत्पादन में भी भारत का स्थान दुनिया में दूसरा है। झींगा उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में भी भारत अग्रणी देशों में शामिल है। मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के अनुसार, देश में करीब तीन करोड़ मछुआरों और मत्स्य किसानों की आजीविका सीधे तौर पर इस क्षेत्र से जुड़ी है। मत्स्य उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन और विपणन तक की पूरी मूल्य श्रृंखला में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल रहा है। सरकार के मुताबिक, वर्ष 2015 से अब तक मत्स्य क्षेत्र के सतत विकास और आधुनिकीकरण के लिए 39,272 करोड़ रुपये का संचयी निवेश किया गया है। यह निवेश नीली क्रांति योजना, मत्स्य एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना तथा इसकी उप-योजना प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के माध्यम से किया गया है। सरकार का कहना है कि इन योजनाओं का उद्देश्य मत्स्य क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं का विकास, उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाना, मछुआरों और मत्स्य किसानों की आय में वृद्धि करना तथा बाजार की पहुंच को मजबूत करना है। मंत्रालय के अनुसार, देश के मत्स्य क्षेत्र के भविष्य में युवाओं, मछुआरों और मछली किसानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवा अब आधुनिक जलीय कृषि तकनीकों, डिजिटल निगरानी, शीत-श्रृंखला प्रबंधन, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग, विपणन और निर्यात जैसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं। सरकार का मानना है कि युवाओं और उद्यमशील मत्स्य किसानों की बढ़ती भागीदारी से देश की नीली अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। इससे मत्स्य क्षेत्र आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के प्रमुख माध्यम के रूप में और मजबूत होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना को मंजूरी दी थी। यह प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत केंद्रीय क्षेत्र की उप-योजना है, जिसे वित्त वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक चार वर्षों के लिए लागू किया जा रहा है। इस योजना के लिए करीब 6,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। योजना देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू है।



## बलूचिस्तान में आईडी धमाका, दो की मौत

**क्वेटा(एजेंसी)।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुए आईईडी धमाके में दो लोगों की मौत हो गई। धमाका एक वाहन में हुआ। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर सिंहुआ न्यूज एजेंसी को बताया कि यह घटना रविवार को दोपहर करीब 3 बजे राजधानी क्वेटा में हुई। पुलिस ने बताया कि गाड़ी पानी के पाइपलाइन का सामान ले जा रही थी। सूत्रों के मुताबिक, मृतकों के शवों और कुछ घायलों को क्वेटा के एक अस्पताल ले जाया गया।झ यह हमला पिछले हफ्ते पाकिस्तानी एयर फोर्स द्वारा सुराब के गिदर इलाके में रिहायशी इलाकों में अंधाधुंध बमबारी करने के कुछ दिनों बाद हुआ है। उस हमले में महिलाओं और बच्चों समेत 30 से ज्यादा मासूम नागरिक मारे गए थे और कई घायल हो गए थे, जबकि प्रॉपर्टी को भी काफी नुकसान हुआ था। हमले की निंदा करते हुए, बलूच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) की नेता सबिहा बलूच ने कहा कि इस घटना से पता चलता है कि पाकिस्तान कैसे बच्चों समेत बेगुनाह बलूच नागरिकों की हत्या करके अपने बनने और होने का दम भरता है, जिसे उन्होंने 'नरसंहार' बताया। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सबिहा ने कहा, 'वो इलाका पाकिस्तानी सेना से घिरा हुआ है। बचाव टीम, मेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस और पत्रकारों के आने-जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। मानवीय मदद और स्वतंत्र दस्तावेजीकरण होने देने से रोकना मानवाधिकार संबंधी नियमों का पूरी तरह से उल्लंघन है और इस पर तुरंत अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ध्यान देने की जरूरत है।'



## संक्षिप्त खबरें

### बस्ती पुलिस के दो अधिकारियों को मिला डीजीपी प्रशंसा चिन्ह-रजत



**बस्ती।** स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर पुलिस सेवा में सराहनीय एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए बस्ती के दो पुलिस अधिकारियों को प्रतिष्ठित पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह-रजत पदक से सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में अपर पुलिस अधीक्षक श्यामाकांत वर्मा और प्रभारी निरीक्षक, तकनीकी शाखा धर्मेंद्र यादव शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक बस्ती ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दोनों अधिकारियों को मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण की ओर से अधिकारियों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुकरणीय कार्य और सेवा के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक श्यामाकांत वर्मा को जिले में प्रभावी कार्यशैली और ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए भी जाना जाता है। दोनों अधिकारियों को मिले सम्मान से बस्ती पुलिस परिवार में खुशी का माहौल है।

# परसरामपुर में छह से अधिक सचिवों पर बिना डीएम अनुमति भुगतान का आरोप

## निष्पक्ष जांच तो अनियमित तरीके से भुगताने वाले सचिवों पर हो सकती है बड़ी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिलेके विकास खंड परसरामपुर में शासनादेश को दरकिनार कर ग्राम पंचायतों में बिना जिलाधिकारी की अनुमति के भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें प्रशासक बनाए जाने तथा भुगतान के लिए जिलाधिकारी की अनुमति आवश्यक होने के बावजूद कई सचिवों ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया है। सूत्रों के अनुसार सचिव राज मंगल दूबे, अभिषेक सोनी, अर्चना वर्मा, अजीत सिंह, अलोक कुमार दिवाकर, तौफीक खान, गिरजेश वर्मा समेत अन्य सचिवों द्वारा कथित तौर पर बिना जिलाधिकारी की अनुमति के भुगतान किए गए हैं।




मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायती राज अधिकारी ( डीपीआरओ ) घनश्याम सागर ने परसरामपुर के खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार सिंह को नोटिस जारी किया है। नोटिस के माध्यम से सात कार्य दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। डीपीआरओ के अनुसार यदि बी.डी.ओ द्वारा दिया गया जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो बिना अनुमति भुगतान करने वाले संबंधित सचिवों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, मामले में ब्लॉक स्तर पर निगरानी और अधिकारियों की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि बिना निर्धारित अनुमति के भुगतान किए जाने के बावजूद समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। परसरामपुर ब्लॉक में कथित तौर पर करोड़ों रुपये के भुगतान का मामला सामने आने के बाद अब जिला प्रशासन की

**डीपीआरओ घनश्याम सागर ने मामले का संज्ञान लेकर बी.डी.ओ विनोद कुमार सिंह को जारी किया नोटिस 07 कार्य दिवस के अन्दर डीपीआरओ ने बी.डी.ओ से मांगा है नोटिस का जवाब यदि उक्त प्रकरण की हुई**

कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं। यदि उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा की गई तो आधा दर्जन से अधिक सचिवों पर बड़ी कार्यवाही हो सकती है। अब बड़ा सवाल यह है कि जिलाधिकारी की अनुमति के बिना कुल कितनी धनराशि का भुगतान किया गया और जांच के बाद संबंधित सचिवों व जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई होती है?

# चार्जिंग पर लगा मोबाइल में आधी रात हुआ जोरदार धमाका, बाल-बाल बचे दंपती



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के निषाद नगर में 15 अगस्त की आधी रात उस समय हड़कंप मच गया, जब चार्जिंग पर लगा शाओमी मोबाइल अचानक तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि कमरे में सो रहे दंपती की नींद खुल गई और देखते ही देखते कमरा धुएं से भर गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

**रात करीब एक बजे हुआ जोरदार धमाका** जानकारी के मुताबिक निषाद नगर निवासी धर्मेंद्र पांडेय अपनी पत्नी के साथ कमरे में सो रहे थे। उन्होंने अपना शाओमी मोबाइल चार्जिंग पर लगाया था और इसके बाद दोनों सो गए। रात करीब 1 बजे अचानक मोबाइल में जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर दंपती की नींद खुल गई। मोबाइल फटने के बाद कमरे में तेजी से धुआं फैल गया, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दंपती ने किसी तरह स्थिति संभाली और कमरे से बाहर निकले।

**मोबाइल पूरी तरह हुआ क्षतिग्रस्त** धमाके के बाद चार्जिंग पर लगा शाओमी मोबाइल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मोबाइल के ब्लास्ट होने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। माना जा रहा है कि बैटरी या चार्जिंग से जुड़ी किसी तकनीकी खराबी के कारण यह घटना हुई हो सकती है।

**बाल-बाल बचा दंपती** सबसे राहत की बात यह रही कि धमाके के समय मोबाइल के ठीक पास कोई मौजूद नहीं था। यदि मोबाइल के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद होता तो गंभीर हादसा हो सकता था। घटना में दंपती समेत किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यह घटना मोबाइल फोन को लंबे समय तक चार्जिंग पर लगाकर छोड़ने और चार्जिंग के दौरान सावधानी बरतने को लेकर भी लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण चेतावनी है।

# जनकल्याण समिति ने स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को बांटी कॉपी-पेन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय डिंगरापुर में विद्यालय परिवार एवं डिंगरापुर जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, शिक्षकों, समिति पदाधिकारियों, सदस्यों और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान डिंगरापुर जनकल्याण समिति की ओर से बच्चों को कॉपी और पेन वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। समिति के सचिव के.के. सिंह ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें बेहतर शिक्षा, संस्कार और अवसर उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि डिंगरापुर जनकल्याण समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण, खेल एवं जनहित के कार्यों के माध्यम से गांव को आदर्श ग्राम सभा के रूप में विकसित करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने, खेलों में आगे बढ़ने तथा माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने की अपील की। खंड शिक्षा अधिकारी दुबौलिया विजय आनंद ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समिति द्वारा शिक्षा एवं विद्यालय के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय और समाज के सहयोग से बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। समिति द्वारा विद्यालय और बच्चों के हित में किए जा रहे कार्य सराहनीय एवं प्रेरणादायक हैं।

# पुलिस पर मारपीट के गंभीर आरोप, एसपी से निष्पक्ष जांच और मेडिकल कराने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र के सण्डा गांव निवासी अखिलेश पाण्डेय पुत्र लक्ष्मीशंकर पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक बस्ती को शिकायती पत्र देकर मुंडेरवा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, पुलिस द्वारा कथित मारपीट का मेडिकल परीक्षण कराने तथा भविष्य में दी जा रही कथित धमकी से सुरक्षा दिलाने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, अखिलेश पाण्डेय की शादी करीब नौ वर्ष पूर्व हुई थी और उनका सात वर्षीय बेटा है। पत्र में बताया गया है कि कुछ पारिवारिक विवाद के बाद उनकी पत्नी ने मुंडेरवा थाने में शिकायत की। शिकायत के बाद 112 नंबर की पुलिस उनके घर पहुंची, लेकिन उस समय अखिलेश घर पर मौजूद नहीं थे।

अखिलेश का आरोप है कि घर वापस आने के बाद 14 अगस्त 2026 को मुंडेरवा थाने के पुलिसकर्मी उन्हें पकड़कर थाने ले गए। आरोप है कि वहां रातभर उनके साथ मारपीट की गई और उनके पैर का नाखून तक निकाल दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी चिकित्सकीय जांच नहीं कराई गई और उनके विरुद्ध धारा 170, 135 और 126 बीएनएसएस के तहत चालान कर दिया गया। शिकायती पत्र में अखिलेश ने आरोप लगाया है कि उन्होंने प्रकरण में परगनाधिकारी के समक्ष जमानत ली। उनका कहना है कि पुलिस की ओर से कथित तौर पर यह धमकी दी जा रही है कि यदि उन्होंने आगे कोई कार्रवाई की तो उनके साथ फिर मारपीट कर हाथ-पैर तोड़कर उन्हें अपाहिज बना दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि कथित मारपीट के कारण उन्हें चलने में भी परेशानी हो रही है। अखिलेश पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने थाने द्वारा कथित मारपीट का मेडिकल परीक्षण कराने और भविष्य में मिल रही धमकी से सुरक्षा प्रदान करने की भी गुहार लगाई है। मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। पुलिस का पक्ष सामने आने के बाद ही पूरे प्रकरण की स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

# वामा सारथी ने मनाया भव्य हरियाली तीज कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मे हरियाली तीज पर्व के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) के तत्वावधान में रविवार, 16 अगस्त 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन बस्ती के सभागार कक्ष में भव्य हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वामा सारथी अध्यक्षा एवं पत्नी पुलिस अधीक्षक बस्ती प्रियंका सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में पुलिस परिवार की महिलाओं एवं वामा सारथी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पत्नी पुलिस अधीक्षक संत कबीर नगर संजीवनी मीणा, पत्नी अपर पुलिस अधीक्षक संत कबीर नगर अंकिता, पत्नी नगर आयुक्त अयोध्या रौशनी, डॉ. करिश्मा पाण्डेय, पत्नी क्षेत्राधिकारी लाइन दीपा यादव, क्षेत्राधिकारी हरैया सुश्री स्वर्णिमा सिंह एवं क्षेत्राधिकारी एलआईयू सुश्री रुचि गुप्ता मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डॉ. शालिनी सिंह ने किया। इस दौरान विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन



किया गया। तीज क्वीन प्रतियोगिता में महिला थाना की कांस्टेबल शिल्पा मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तिलोत्तमा यादव थाना मुंडेरवा ने द्वितीय तथा कंचन दुबे थाना कोतवाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा एकल नृत्य प्रतियोगिता में आयुषी मिश्रा विजेता रहीं, जबकि समूह नृत्य प्रतियोगिता में आयुषी यादव एवं रूबी ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया। रैम्प वॉक में प्रतिभाग करने वाली सभी महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक ढंग से खूबसूरत झूले लगाए गए थे, जिनका महिलाओं एवं पुलिस परिवार के सदस्यों ने जमकर आनंद लिया। हरियाली तीज के पारंपरिक रंग में सजे कार्यक्रम में गीत-संगीत और नृत्य ने माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया।महिला थाना में नियुक्त म0 का0 ममता यादव एवं हे0का0 प्रीती गुप्ता द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी प्रस्तुति की उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने वामा सारथी द्वारा आयोजित भव्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम पुलिस परिवार के सदस्यों को एक-दूसरे से जुड़ने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक बस्ती एवं प्रभारी वामा सारथी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण तथा पुलिस परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# स्मृति ईरानी के राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने पर अमेठी में जश्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति जुबीन ईरानी को पार्टी का राष्ट्रीय महामंत्री बनाए जाने की घोषणा से अमेठी जनपद में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन में अमेठी के गौरव और कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धक अवसर बताते हुए जगह-जगह बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।जिला मुख्यालय सहित विभिन्न मंडलों में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्मृति ईरानी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।शुकुल बाजार कस्बे में विशेष उत्साह देखने को मिला। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पांच बार जिला उपाध्यक्ष रह चुके गिरीश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया तथा एक-दूसरे को





मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान वातावरण भाजपा के नारों और उत्साह से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्मृति ईरानी का राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व संभालना अमेठी के लिए गौरव का विषय है।भाजपा नेताओं ने कहा कि स्मृति ईरानी ने अमेठी के विकास, जनसरोकारों और संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी कार्यशैली, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद उन्हें पार्टी के भीतर एक प्रभावशाली नेतृत्व के रूप में स्थापित करता है। राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में उनकी नई जिम्मेदारी से भाजपा संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, उद्योगपति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, विभिन्न विद्यालयों

**मंडल शुकुल बाजार में वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जताई खुशी, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई**

के प्रबंधक एवं शुकुल बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, भाजपा मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह, डॉक्टर ओंकार नाथ सिंह, विजय गुप्ता, विनय चौरसिया, अरुण शंकर शुक्ला, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि स्मृति ईरानी को मिली यह जिम्मेदारी अमेठी के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए गर्व और उत्साह का विषय है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

## तुलसी साहित्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**देवरिया।** तुलसी जयंती के अवसर पर सोमवार को नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया की ओर से तुलसी साहित्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के निबंध वर्ग में देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल की वर्षा द्विवेदी और नेशनल पब्लिक स्कूल सौंदा के अश्विन सिंह ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। सनबीम स्कूल सौंदा की पलक मिश्रा और गुरुकुल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की आकांक्षा पाण्डेय द्वितीय तथा देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अंकित मौर्य और सनबीम स्कूल सौंदा की आंचल तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में गुरुकुल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की स्तुति मिश्रा प्रथम, नेशनल पब्लिक स्कूल सौंदा की श्रेया सिंह द्वितीय और नेशनल पब्लिक स्कूल चांदपार भटनी की अनन्या त्रिपाठी तृतीय रहीं। प्रांशु मिश्रा, मांगलिक मिश्रा, आराध्या पाठक और अंशिका मणि त्रिपाठी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कनिष्ठ वर्ग की सुपठन प्रतियोगिता में सरस्वती वरिष्ठ विद्या मंदिर के हरिओम जायसवाल प्रथम, सनबीम स्कूल सौंदा की आर्या सिंह द्वितीय और सरस्वती वरिष्ठ विद्या मंदिर के आयुष मिश्र तृतीय रहे। सांत्वना पुरस्कार विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों को प्रदान किए गए।

# बम विस्फोट का फरार आरोपी अतुल पांडे गिरफ्तार, 20 मुकदमे दर्ज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले में शांति व्यवस्था भंग करने वाले अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बम विस्फोट के मामले में वांछित चल रहे 20 मुकदमों के शातिर हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 301/2026 धारा 109(1), 3(5) बीएनएस, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908, 3/25 आर्म्स एक्ट व 7 सी.एल.ए एक्ट से संबंधित अभियुक्त अतुल पांडे पुत्र मुन्ना लाल पांडेनिवासी मड़वा नगर, कोतवाली को मुखबीर की सूचना पर दिनांक 16.08.2026 को समय 17:30 बजे रौता के पास सब्जी मंडी से एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अतुल पांडे जनपद का कुख्यात अपराधी है। इसके विरुद्ध कोतवाली व कलवारी थाने में हत्या के प्रयास, लूट, विस्फोटक अधिनियम, आर्म्स एक्ट सहित कुल 20 अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी पूर्व में की जा चुकी है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमप्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंहउ0नि0 जयविन्द कुमार यादव, उ0नि0 अनस अख्तर, हे0का0 कुंवर बहादुर, का0 धनंजय यादव, का0 यशवंत यादव, रिक्रूट का0 कुंज बिहारी व रिक्रूट का0 आयुष सिंह। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह* ने बताया कि अतुल पांडे लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था। मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर इसे रौता सब्जी मंडी के पास से धर दबोचा गया। बस्ती पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि कानून हाथ में लेने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। कोतवाली पुलिस लगातार ऐसे शातिर अपराधियों की कुंडली खंगाल रही है और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। आमजन से अपील है कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। आपकी एक सूचना अपराध पर लगाम लगाने में मददगार साबित होगी। बस्ती को अपराध मुक्त बनाना ही हमारी प्राथमिकता है।

# नवागत थाना अध्यक्ष ने व्यापारियों के साथ की बैठक

## बाजार शुक्ल कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापारियों से किया संवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाजार शुक्ल, अमेठी।** बाजार शुक्ल थाने के नवागत थाना अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को कस्बे के व्यापारी बंधुओं के साथ बैठक कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था एवं व्यापारियों की समस्याओं को लेकर विस्तृत संवाद किया। बैठक का उद्देश्य कस्बे में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ व्यापारियों में सुरक्षा का भरोसा कायम करना रहा। बैठक में थाना अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने व्यापारियों से कहा कि पुलिस प्रशासन व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है। बाजार क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जाएगी तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।थाना अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर



समन्वय से ही अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही बाजार में यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, रात्रि गश्त तथा दुकानों के आसपास निगरानी व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई।बैठक में कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, विजय गुप्ता, शुभम गुप्ता, संजय कौशल, राजा गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में व्यापारी बंधु मौजूद रहे। व्यापारियों ने नवागत थाना अध्यक्ष का स्वागत करते हुए क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभिन्न

**समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा**

सुझाव भी दिए। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के साथ हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं थाना अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि बाजार शुक्ल कस्बे में कानून-व्यवस्था बनाए रखना तथा आमजन और व्यापारियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता होगी।बैठक के अंत में व्यापारियों ने नवागत थाना अध्यक्ष के साथ बेहतर समन्वय एवं सहयोग के साथ कस्बे में शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## दिव्यांगजनों के लिए तहसीलवार लगेंगे कल्याणकारी शिविर

**देवरिया।** दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान कराने के लिए जिले की तहसीलों में कल्याणकारी शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में दिव्यांगजनों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन भी किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि विभाग की ओर से 'सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान' की भावना के तहत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में ऐसे दिव्यांगजनों को चिन्हित किया जाएगा, जिनके हाथ या पैर कटे हैं और जिन्हें कैलीपर अथवा कृत्रिम अंग की आवश्यकता है। इसके साथ ही पात्र दिव्यांग छात्राओं को ई-ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने के लिए भी लाभार्थियों का चिन्हांकन किया जाएगा। विभागीय अधिकारी और कर्मचारी शिविर में मौजूद रहकर विभिन्न योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करेंगे। कृत्रिम अंग एवं ई-ट्राईसाइकिल के लिए चिन्हांकन कराने वाले दिव्यांगजन दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और आधार कार्ड साथ लेकर शिविर में पहुंचें।

# एडीएम के निरीक्षण में 5 कर्मचारी मिले नदारद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह ने नगर पालिका गौरा बरहज कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी निरुपमा उपस्थित मिलीं, जबकि पांच कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। एडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब करने तथा वेतन रोकने के निर्देश दिए। लंबे समय से मेडिकल अवकाश पर चल रहे कर्मचारियों के मामले में भी एडीएम ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने ऐसे कर्मचारियों का मेडिकल बोर्ड से परीक्षण कराने के निर्देश दिए, ताकि अवकाश की वास्तविकता स्पष्ट हो सके।



निरीक्षण के दौरान एडीएम ने कार्यालय की साफ-सफाई, पत्रावलियों के रख-रखाव और कर्मचारियों की समयबद्ध उपस्थिति की भी जांच की। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। नगर में विकास एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ-साथ पेयजल, विद्युत और साफ-सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने पर जोर दिया। एडीएम प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सरकारी कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारियों के निर्वहन में

**अनुपस्थित कर्मियों पर सख्ती, स्पष्टीकरण तलब; वेतन रोकने के निर्देश**
**लंबे समय से मेडिकल अवकाश वालों का होगा मेडिकल बोर्ड से परीक्षण**

लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। औचक निरीक्षण के बाद नगर पालिका कार्यालय में हड़कंप की स्थिति रही।

# भर्ती परीक्षाएं समयबद्ध कराने पर मुख्य सचिव का जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के युवाओं को अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और सरकारी सेवाओं में चयन प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न चयन आयोगों एवं भर्ती बोर्डों के साथ बैठक हुई। बैठक में भर्ती परीक्षाओं के आयोजन, परिणाम जारी करने, अभिलेख सत्यापन और नियुक्ति की प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने पर जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने चयन आयोगों एवं भर्ती संस्थाओं से अपनी स्वायत्तता और निर्धारित नियमों का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रियाओं को यथासंभव समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की अपेक्षा की, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि विभिन्न चयन परीक्षाओं के आयोजन से लेकर परिणाम, अभिलेख सत्यापन और नियुक्ति तक की पूरी प्रक्रिया के लिए वार्षिक कैलेंडर और निर्धारित समयसीमा का प्रभावी पालन किया जाना चाहिए। किसी स्तर पर प्रक्रिया लंबित होने की स्थिति में संबंधित संस्थाओं को नियमित समीक्षा कर आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता, शुचिता और निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में निर्धारित मानकों और नियमों का पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए। साथ ही आधुनिक तकनीकी संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग कर परीक्षा व्यवस्था को सुरक्षित, सुगम और विश्वसनीय बनाने की दिशा में काम किया जाए। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाना जरूरी है, लेकिन इसके साथ परीक्षा की गुणवत्ता और विश्वसनीयता से किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। विभिन्न भर्ती संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय और अनुभवों के आदान-प्रदान से चयन प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जा सकता है। बैठक में विभिन्न चयन आयोगों एवं भर्ती बोर्डों के वरिष्ठ अधिकारियों ने चल रही भर्ती परीक्षाओं की प्रगति, चयन प्रक्रिया की समयसीमा और परीक्षा व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी साझा की। इस दौरान भर्ती प्रक्रियाओं को और अधिक सुगम एवं समयबद्ध बनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम. देवराज, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार, प्रमुख स्टाफ ऑफिसर अमृता सोनी सहित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## आकांक्षात्मक विकास खंडों की धीमी प्रगति पर मुख्य सचिव सख्त

लखनऊ। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सोमवार को आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए राज्य औसत से कम प्रगति वाले विकास खंडों में सुधार के लिए प्रभावी और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को कमजोर संकेतकों को राज्य औसत से ऊपर लाने का लक्ष्य निर्धारित करने और बेहतर समन्वय के लिए विभागीय नोडल अधिकारी नामित करने को कहा। समीक्षा बैठक में आकांक्षात्मक विकास खंडों में विभिन्न विभागों की योजनाओं और प्रमुख संकेतकों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप समयबद्ध कार्रवाई करते हुए पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने जनपद और विकास खंड स्तर के अधिकारियों के साथ संकेतकों की प्रगति की त्रैमासिक समीक्षा अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठकों की सूचना और कार्यवृत्त विभागीय लॉगिन के माध्यम से नियोजन विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया जाए, ताकि प्रगति की नियमित निगरानी और प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित हो सके। मुख्य सचिव ने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खंडों के समग्र विकास के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय, गुणवत्तापूर्ण आंकड़े और नियमित निगरानी जरूरी है। उन्होंने आंकड़ों के प्रमाणीकरण और पर्यवेक्षण तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया। लाइन लिस्टिंग के आधार पर प्रमाणिक और अद्यतन आंकड़े उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

## पैतृक संपत्ति को लेकर दो पक्षों में विवाद, चार पर निरोधात्मक कार्रवाई




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मोहनलालगंज। हुलास खेड़ा गांव में पैतृक संपत्ति को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच पहले भी मारपीट हो चुकी है, जिसको लेकर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार हुलास खेड़ा निवासी चक्रधर साहू और मिथिलेश पत्नी स्वर्गीय बैकुंठ नाथ के बीच पैतृक संपत्ति को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। पूर्व में हुए विवाद के मामले में चक्रधर साहू समेत अन्य के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। रविवार को जमीन को लेकर दोनों पक्ष एक बार फिर आमने-सामने आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। मामले में प्रथम पक्ष के शिखर साहू पुत्र चक्रधर साहू और अनूप कुमार पुत्र राजेंद्र तथा द्वितीय पक्ष के अभय साहू पुत्र स्वर्गीय बैकुंठ साहू, सभी निवासी हुलास खेड़ा, के खिलाफ बीएनएस के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच विवाद को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई की गई है। पुलिस ने लगाए गए अन्य आरोपों को निराधार और असत्य बताया है।

## श्री छत्रपाल बाबा मंदिर बलभद्र प्रसाद पूर्व माध्यमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




बिसवां/सीतापुर श्री छत्रपाल बाबा पंडित बलभद्र प्रसाद पूर्व माध्यमिक विद्यालय अल्लीपुर मैं बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली रैली के पश्चात ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ उसके बाद बच्चों के द्वारा कविता स्पीच और भाषण सुनने का अवसर मिला 7 विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ कई अभिभावक भी उपस्थित रहे के ग्राम पेंडरा के प्रधान आलोक यादव जी, जिनके द्वारा बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया है, सिकंदरपुर निवासी आयुष सिंह के द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया 7 विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीकांत दीक्षित जी के द्वारा बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया 7

विद्यालय परिवार के सभी अध्यापक अध्यापिकाओं को सफल कार्यक्रम हेतु धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ..

## 80वां स्वतंत्रता दिवस ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ गया मनाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बिसवां/सीतापुर 80वां स्वतंत्रता दिवस नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कस्बे में लाल मुन्नू लाल स्मारक समिति द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल की मूर्ति का माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। नगर की तहसील, खंड विकास कार्यालय ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवा ,नगर पालिका , ऐलपिस ग्लोबल स्कूल, बीएनएसडी पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, पशु चिकित्सा केंद्र ,शुगर फैक्ट्री, रेलवे स्टेशन अन्य स्कूली संस्थाओं एवं काशीराम कॉलोनी नगर में देश की आन बान शान तिरंगा को फहराकर आजादी का जश्न मनाया गया ।वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत कार्यालय सरकारी समितियां सहित अन्य संस्थाओं पर भी ध्वजारोहण कर देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च निछावर कर देने वाले महान क्रांतिकारियों को नमन कर श्रद्धा के फूल चढ़ाए गए। वहीं प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर में समाज सेविका सुंदरी अवस्थी ने विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं को स्वतंत्र भारत की महत्ता को बताते हुए विद्यालय के नौनिहालों को उपहार एवं लड्डू भेंट किया एवं नव निहालो के भविष्य को संवारने में लगे अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को भी सम्मानित किया। समाज सेविका सुंदरी अवस्थी की ओर से बीते 10 वर्षों से लगातार अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय के नौनिहालों के बीच पहुंच कर आजादी का जश्न लगातार मनाती आई हैं। छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनकी हौसला अफजाई करती रही हैं ।यही नहीं समाज सेविका सुंदरी अवस्थी इसके अलावा भी अन्य क्षेत्रों में भी हमेशा सहयोग के साथ अपनी उपस्थिति अन्य आयोजनों में भी करते रही हैं । गौर करने वाली बात यह भी है कि उक्त समाज सेविका के द्वारा स्वयं बिना किसी दूसरे से आर्थिक सहयोग लिए बिना सभी की मदद करती रहती हैं जो उनके समाज सेवा एवं समाज के प्रति समर्पण भाव को प्रदर्शित करता है।

## नगर निगम का अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, 53 रैंप समेत ठेले-गुमटियां हटाईं

लखनऊ। शहर में अतिक्रमण और यातायात अवरोध की समस्या को दूर करने के लिए नगर निगम ने सोमवार को सघन अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर जोन-7 में हुई कार्रवाई के दौरान सड़क, नाली और नालों की पटरियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। साथ ही गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी विकास सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने पॉलिटेक्निक चौराहे से चिनहट तक सड़क के दोनों ओर तथा नाली-नालों की पटरियों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया।

# डीएम-एसपी के सामने उमड़ी फरियादियों की भीड़

## राजस्व विभाग की 40 शिकायतों समेत 89 प्रकरण दर्ज; 12 मामलों का निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने अधिकारियों से कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को केवल औपचारिकता न समझा जाए, बल्कि प्रत्येक प्रकरण की मौके पर जांच कर नियमानुसार समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने अथवा फरियादियों को बार-बार दौड़ाने की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। महमूदाबाद-सीतापुर। स्वतंत्रता दिवस के कारण स्थगित हुआ तहसील दिवस सोमवार, 17 अगस्त को महमूदाबाद तहसील सभागार में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर., पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल तथा उपजिलाधिकारी अभिषेक प्रियदर्शी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। सुबह से ही तहसील परिसर में विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की भीड़ जुटी रही। तहसील दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, नगर पालिका, विद्युत तथा समाज कल्याण विभाग से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी फरियादी को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। तहसील दिवस के दौरान प्रस्तुत विभागवार विवरण के अनुसार राजस्व विभाग से संबंधित 40 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 12 का निस्तारण किया गया, जबकि 28 प्रकरण अवशेष बताए गए। पुलिस विभाग से संबंधित 15, विकास विभाग से 15, नगर पालिका से 6, विद्युत विभाग से 5 तथा समाज कल्याण विभाग से 1 शिकायत दर्ज की गई। पुलिस और अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई, विकास कार्यों तथा स्थानीय निकाय से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने भी पुलिस विभाग से संबंधित मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसील दिवस में प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अभिलेख में दर्ज कुल आंकड़ों के अनुसार तहसील दिवस में कुल 89 प्रकरण प्राप्त, 12 निस्तारित तथा 70 प्रकरण अवशेष अंकित किए गए हैं। विभागवार विवरण में हालांकि कुल संख्या 82 बनती है, इसलिए अंतिम प्रकाशन से पूर्व संबंधित कार्यालय से कुल आंकड़ों का सत्यापन किया जाना उचित होगा।

# ब्लॉक खैराबाद के कंपोजिट विद्यालय जमैयतपुर में बच्चों का किया गया सम्मान

## शिक्षा मनुष्य का बेहतरीन आभूषण है:-सतीश कुमार मिश्र बी0 ई0 ओ0

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



खैराबाद सीतापुर। स्थानीय ब्लॉक खैराबाद के कंपोजिट विद्यालय जमैयतपुर में आयोजित स्टार ऑफ़ द मंथ कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी खैराबाद सतीश कुमार मिश्र ने माह जुलाई में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों माही प्रियांशी कान्हा हरिओम शिफा आदित्य आरोही शोभित रिमझिम शिवांश कनक शिवम सलोनी आकाश नेहा निहारिका अनन्या रुबीना सूर्यांश सोनिक अंशिका जायसवाल आशुतोष विशाल संजना दुर्गा शिवानी सबिया को प्रमाण पत्र , स्टेशनरी एवं स्टार ऑफ द मंथ के बैज लगाकर सम्मानित किया, श्री मिश्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की इन बच्चों में असीम प्रतिभा है सभी बच्चे सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में जरूर प्रतिभाग करें तथा उसका लाभ उठाएं, खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में मेन्यू के अनुसार निर्मित स्वादपूर्ण तहरी का बच्चों के साथ बैठकर खाने का आनंद लिया। बच्चों द्वारा प्रकाशित उनके अपने प्यारे समाचार पत्र *बाल मित्र* के 212 वें अंक का शानदार विमोचन किया तथा बच्चों के द्वारा अखबार में साझा की गई मौलिक रचनाओं उनके द्वारा बनाए गए चित्रों की सराहना की। विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य के लिए सकारात्मक निर्देश भी प्रदान किये ।प्रभारी प्रधानाध्यापक योगेंद्र पांडेय ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त किया जबकि विद्यालय स्टाफ में ममता अग्निहोत्री, अर्चना मिश्रा,महिमा दीक्षित, रागिनी श्रीवास्तव, स्मिता गुप्ता , तहरुन्निसा ,कौशल किशोर त्रिपाठी, शिल्पी मिश्रा ,पूजा देवी,मनोज कुमार, तथा गीता देवी आदि उपस्थित रहे।

# कोटेदारों के कमीशन में वृद्धि संघर्ष की जीत,संगठन ने जताया आभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



मिश्रिख़ ( सीतापुर )। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोटेदारों के कमीशन में वृद्धि की घोषणा का ऑल इंडियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश ने स्वागत किया है। संगठन ने इसे प्रदेश के कोटेदारों के लंबे संघर्ष और एकजुटता की जीत बताया है।एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी रविन्द्र यादव ने कहा कि आर्थिक तंगी, बढ़ती महंगाई और कम कमीशन की समस्या के बावजूद कोटेदार लगातार अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे। संगठन के नेतृत्व में सरकार के समक्ष कोटेदारों की समस्याओं और मांगों को लगातार प्रभावी ढंग से उठाया गया। उन्होंने इस संघर्ष में प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी, प्रदेश महासचिव अशोक सिंह तथा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी के नेतृत्व और निरंतर प्रयासों के लिए साधुवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन ने कोटेदारों की आवाज को मजबूती से सरकार तक पहुंचाया। रविन्द्र यादव ने प्रदेश के सभी कोटेदारों को कमीशन में वृद्धि की घोषणा पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम, धैर्य और संगठन की एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संगठन का लक्ष्य अभी पूरा नहीं हुआ है। 200 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन की मांग को लेकर संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। संगठन को उम्मीद है कि सरकार कोटेदारों की इस मांग पर भी शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी ।वही कोटेदारों के लाभांश बढ़ोतरी को लेकर मिश्रिख़ तहसील में भी मिश्रिख़ विधायक रामकृष्ण भार्गव, मुनेंद्र अवस्थी ,मिश्रिख़ एसडीएम सहित तमाम तमाम कोटेदार बंधु उपस्थित रहे।

## व्यक्तित्व विकास एवं करियर काउंसलिंग पर अतिथि व्याख्यान, विशेषज्ञ ने छात्र-छात्राओं को दिए सफलता के मंत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सीतापुर। सीतापुर शिक्षा संस्थान, कनवाखेड़ा में 17 अगस्त 2026 को पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एंड करियर काउंसलिंग विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ, संबद्ध लखनऊ विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. विशाल वर्मा ने छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व विकास एवं बेहतर करियर निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. विशाल वर्मा की ज्ञानवर्धक एवं रोचक प्रस्तुति ने विद्यार्थियों के बीच सीखने के लिए सकारात्मक और संवादात्मक वातावरण तैयार किया। उन्होंने महत्वपूर्ण विषयों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाते हुए छात्र-छात्राओं को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों का समाधान करते हुए उन्हें अपने भविष्य की दिशा निर्धारित करने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। इस अवसर पर संस्थान की सचिव डॉ. सुमन मेहरोत्रा ने अतिथि वक्ता के उत्कृष्ट विचारों एवं व्याख्यान की सराहना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को व्याख्यान में बताए गए सकारात्मक विचारों और जीवन-मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सीतापुर शिक्षा संस्थान, कनवाखेड़ा के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार ने विद्यार्थियों को आत्म-अनुशासन, संगठन क्षमता, लक्ष्य-उन्मुख व्यवहार, विश्वसनीयता, सामाजिकता, सकारात्मक ऊर्जा एवं बहिर्मुखी स्वभाव विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ व्यक्तित्व का समग्र विकास विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है। कार्यक्रम में सीतापुर शिक्षा संस्थान, रस्यौरा के प्राचार्य डॉ. मनोज मौर्या, एम.एड. के डॉ. संजीव सिंह, विभागाध्यक्ष बी.एड. डॉ. श्यामा कुमार सिंह, डीन एकेडमिक डॉ. राजीव कुमार, कार्यक्रम संयोजक श्री अजय कुमार सहित बी.एड., बी.एससी., बी.कॉम., बीसीए, बीबीए, एम.एड. एवं बीपीएड. के समस्त सहायक आचार्य तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अतिथि व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने करियर, व्यक्तित्व विकास और भविष्य की संभावनाओं से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञ से संवाद किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक सोच एवं बेहतर करियर के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने के प्रति जागरूक करना रहा।

# नागपंचमी पर मऊ गांव में गूंजी गुड़िया पीटने की परंपरागत धुन

## ........नागपंचमी पर बच्चों और नवयुवकों ने निभाई सदियों पुरानी लोक परंपरा, गुड़िया पीटने को लेकर बच्चों में दिखा खास उत्साह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




लखनऊ। राजधानी लखनऊ की नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव में सोमवार को नागपंचमी का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और उल्लास के साथ मनाया गया। शाम के समय गांव की गलियों में नागपंचमी से जुड़ी प्राचीन लोक परंपरा का अनोखा नजारा देखने को मिला। घर की बेटियों द्वारा कपड़े से तैयार की गई गुड़िया को सड़क पर डालने के बाद घर के युवकों और बच्चों ने उसे पीटकर वर्षों पुरानी परंपरा को निभाया। नागपंचमी के अवसर पर मऊ गांव में बच्चों और नवयुवकों ने उत्साह के साथ गुड़िया पीटने की रस्म निभाई। इस दौरान गांव की गलियों में बच्चों की चहल-पहल और उत्साह देखने लायक रहा। वृशांक मिश्रा, वासवी मिश्रा, अहान मिश्रा, बृजय मिश्रा, बृजया मिश्रा, रामेष्ठ मिश्रा, यश गुप्ता, शिवा गुप्ता, आयुशी गुप्ता और लाडो गुप्ता सहित दर्जनों बच्चों व युवाओं ने इस पारंपरिक लोकाचार में हिस्सा लिया। ग्रामीणों के अनुसार नागपंचमी पर गुड़िया पीटने की यह परंपरा गांवों में लंबे समय से चली आ रही है। मान्यता और लोक परंपरा के अनुसार नागपंचमी की शाम घर की बेटियां कपड़े से गुड़िया बनाकर घर के बाहर या सड़क पर डालती हैं, जिसके बाद परिवार के युवक और बच्चे उसे पीटते हैं। इस रस्म को ग्रामीण पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही लोक परंपरा के रूप में निभाते आ रहे हैं। मऊ गांव निवासी विजय सोनी, संतोष सोनी, गिरजा शंकर गुप्ता और सूरज गुप्ता ने बताया कि गांव में हर वर्ष नागपंचमी का पर्व प्राचीन परंपराओं के अनुसार धूमधाम से मनाया जाता है। खासकर बच्चों में गुड़िया पीटने की रस्म को लेकर काफी उत्साह रहता है। छोटे-छोटे बच्चे भी पूरे उमंग और उत्साह के साथ इस परंपरा में शामिल होते हैं, जिससे गांव की पुरानी लोक संस्कृति और परंपराएं आज भी जीवंत बनी हुई हैं।

# गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कांवड़ यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

## चौथी बार निकली यात्रा, हर बार की तरह इस बार भी भव्यता देखते ही बनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सीतापुर। विकासखंड परसेंडी क्षेत्र की ग्राम पंचायत अर्रो खेमाजितपुर से ग्राम प्रधान विक्रम सिंह के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। यह यात्रा चौथी बार आयोजित की गई, जिसमें हर बार की तरह इस बार भी यात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी। यात्रा में बड़ी संख्या में कांवड़िए शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ खजुहा बाबा स्थित महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद हुआ। शिव आराधना में लीन कांवड़िए नाचते-गाते आगे बढ़े। रास्ते में जगह-जगह समाजसेवियों एवं स्थानीय लोगों ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कांवड़ यात्रा झरेखापुर चौराहे पर पहुंची, जहां ओमकार यादव, ग्राम प्रधान विक्रम सिंह, रवी थापर, दिनेश यादव, विवेक सिंह समेत दर्जनों लोगों ने कांवड़ियों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद कांवड़िए हरगांव स्थित गौरीशंकर दरबार में भगवान शिव के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए रवाना हुए। यात्रा में कई सैकड़ा कांवड़िए शामिल रहे। उनके साथ दर्जनों चार पहिया व दो पहिया वाहन तथा ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भी मौजूद रहीं। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ागांव चौकी पुलिस ने जिम्मेदारी संभाली। झरेखापुर तक सुरक्षा व्यवस्था बड़ागांव चौकी पुलिस के जिम्मे रही, जबकि इसके बाद झरेखापुर चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सरोज के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

# संपादकीय

## कानून का राज या मुकदमों का बोझ

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत केवल कानूनों का होना नहीं, बल्कि उन कानूनों पर जनता का भरोसा होना है। नागरिक को यह विश्वास होना चाहिए कि उसके साथ अन्याय होने पर वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है और उचित समय में न्याय पा सकता है। लेकिन जब किसी मुकदमे का फैसला वर्षों तक नहीं आता, तब कानून की मौजूदगी के बावजूद न्याय की अनुभूति कमजोर पड़ने लगती है। यही वजह है कि भारत की न्याय व्यवस्था के सामने लंबित मुकदमों का बढ़ता बोझ केवल प्रशासनिक चुनौती नहीं, बल्कि लोकतंत्र और नागरिक विश्वास से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। भारत में अदालतों पर लंबित मामलों का दबाव लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है। निचली अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय तक बड़ी संख्या में मामले वर्षों से लंबित हैं। इसके पीछे न्यायाधीशों की कमी, अदालतों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, बार-बार होने वाली तारीखें, जांच और अभियोजन की कमजोरियां, सरकारी विभागों की मुकदमेबाजी तथा प्रक्रिया की जटिलता जैसे अनेक कारण हैं। समस्या यह नहीं कि अदालतें काम नहीं कर रही हैं; समस्या यह है कि मामलों की रफ्तार और नए मामलों के आने की गति के बीच संतुलन नहीं बन पा रहा। आम नागरिक के लिए अदालत की सबसे बड़ी परेशानी अक्सर न्यायिक प्रक्रिया की लंबाई होती है। एक मुकदमा शुरू होता है तो उसके बाद गवाही, दस्तावेज, जिरह, बहस और विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं के बीच समय बीतता चला जाता है। कई बार किसी एक पक्ष की अनुपस्थिति, वकीलों की व्यस्तता, जांच से संबंधित कमी या किसी अंतरिम आदेश के कारण सुनवाई आगे बढ़ जाती है। इसका सबसे अधिक असर उस व्यक्ति पर पड़ता है जिसके पास आर्थिक संसाधन सीमित हैं। संपन्न व्यक्ति लंबे मुकदमे का खर्च उठा सकता है, लेकिन गरीब और मध्यम वर्ग के लिए वर्षों तक अदालत के चक्कर लगाना स्वयं एक सजा जैसा अनुभव बन सकता है। न्याय का उद्देश्य केवल दोषी को दंडित करना या निर्दोष को मुक्त करना नहीं है। न्याय व्यवस्था का उद्देश्य यह भी है कि विवाद का समाधान उचित समय में हो। देर से मिला न्याय कई परिस्थितियों में अपने महत्व का बड़ा हिस्सा खो देता है। सरकारी आंकड़ों में एक लंबित मामला एक संख्या हो सकता है, लेकिन उसके पीछे किसी व्यक्ति की जिंदगी जुड़ी होती है। किसी परिवार की जमीन का विवाद हो सकता है, किसी कर्मचारी की सेवा संबंधी समस्या, किसी महिला की सुरक्षा से जुड़ा मामला, किसी व्यापारी का आर्थिक विवाद या किसी आरोपी की जमानत और मुकदमे से जुड़ी चिंता। आपराधिक मामलों में स्थिति और गंभीर हो जाती है। यदि कोई निर्दोष व्यक्ति लंबे समय तक मुकदमे का सामना करता रहता है तो उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा, रोजगार और पारिवारिक जीवन प्रभावित हो सकता है। दूसरी ओर यदि कोई अपराधी लंबे समय तक कानूनी प्रक्रिया की खामियों का लाभ उठाता है तो पीड़ित और समाज दोनों के मन में न्याय व्यवस्था को लेकर निराशा पैदा हो सकती है। इसलिए लंबित मुकदमों की समस्या को केवल अदालतों की समस्या मानना उचित नहीं होगा। यह पुलिस, अभियोजन, सरकार, न्यायपालिका, वकीलों और विधायी व्यवस्था—सभी से जुड़ा हुआ विषय है। भारतीय न्याय व्यवस्था में सरकारी विभागों और सार्वजनिक संस्थाओं से जुड़े मुकदमों की बड़ी संख्या भी चिंता का विषय रही है। कई विवाद ऐसे होते हैं जिन्हें प्रशासनिक स्तर पर बातचीत, पुनर्विचार या बेहतर निर्णय प्रक्रिया से सुलझाया जा सकता है, लेकिन वे अदालत तक पहुंच जाते हैं। सरकारी विभाग यदि हर मामले में अपील को स्वाभाविक रास्ता मान लें, तो अदालतों का बोझ बढ़ना तय है। इसलिए सरकार को अपनी मुकदमेबाजी नीति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। हर मामले में अपील करना प्रशासनिक सफलता का प्रमाण नहीं हो सकता। कई बार बेहतर प्रशासन का अर्थ ही यह होता है कि विवाद अदालत तक पहुंचने से पहले सुलझा लिया जाए। न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं लंबित मुकदमों को कम करने के लिए न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाना आवश्यक है, लेकिन केवल संख्या बढ़ा देने से समस्या पूरी तरह हल नहीं होगी। अदालतों को प्रशिक्षित कर्मचारी, आधुनिक रिकॉर्ड व्यवस्था, बेहतर बुनियादी सुविधाएं और तकनीकी सहायता भी चाहिए। ई-कोर्ट और डिजिटल तकनीक ने न्याय व्यवस्था के सामने नए अवसर खोले हैं। ऑनलाइन दस्तावेज, डिजिटल केस रिकॉर्ड, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और तकनीकी निगरानी से समय बचाया जा सकता है। लेकिन तकनीक का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब अदालतों और वकीलों से जुड़े सभी स्तरों पर डिजिटल व्यवस्था समान रूप से मजबूत हो। अदालत में अगली तारीख मिलना कई बार सामान्य प्रक्रिया जैसा दिखाई देता है, लेकिन यही संस्कृति मुकदमों की अवधि को लंबा करने का कारण बन सकती है। हर स्थगन का मतलब केवल एक तारीख आगे बढ़ना नहीं होता; उसके साथ न्याय की प्रतीक्षा कर रहे व्यक्ति का समय, पैसा और मानसिक दबाव भी बढ़ता है। जरूरत इस बात की है कि स्थगन को अपवाद बनाया जाए, सामान्य प्रक्रिया नहीं। अनावश्यक स्थगन पर प्रभावी नियंत्रण और सुनवाई की बेहतर केस-मैनेजमेंट व्यवस्था विकसित करनी होगी। हर विवाद को अदालत तक ले जाना आवश्यक नहीं है। मध्यस्थता, लोक अदालत और अन्य वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणालियां ऐसे मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं जिनमें पक्षकार समझौते के माध्यम से समाधान चाहते हैं। यदि छोटे और आपसी सहमति से सुलझाए जा सकने वाले विवाद अदालतों से बाहर प्रभावी तरीके से निपटाए जाएं, तो न्यायपालिका गंभीर और जटिल मामलों पर अधिक ध्यान दे सकेगी। इससे अदालतों का समय भी बचेगा और पक्षकारों को जल्दी समाधान मिलने की संभावना भी बढ़ेगी।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष**–आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं, धैर्य रखें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**वृषभ**–दिन आपके पक्ष में रहेगा। नौकरी और व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे। रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन**-कामकाज में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात लाभकारी हो सकती है। निवेश में जल्दबाजी से बचें। विद्यार्थियों को मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।

**कर्क**–आज आत्मविश्वास बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार में लाभ होगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह**–कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में लाभ मिल सकता है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात मन प्रसन्न करेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या**–आज योजनाओं को पूरा करने का अच्छा समय है। व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**तुला**–नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। अधिकारियों से सहयोग मिलेगा। कारोबार में लाभ के योग हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

**वृश्चिक**–आज महत्वपूर्ण फैसले लेने पड़ सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में विरोधियों से सावधान रहें। यात्रा के दौरान सतर्कता बरतें।

**धनु**–भाग्य का साथ मिलेगा। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। व्यापार में नए संपर्क लाभदायक साबित होंगे। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी का माहौल रहेगा।

**मकर**–आज मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक लाभ के अवसर बनेंगे। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**कुंभ**-दिन मिलाजुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन आप समझदारी से उनका समाधान कर लेंगे। धन संबंधी मामलों में सावधानी बरतें। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मीन**–आज का दिन शुभ रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। व्यापार में लाभ की संभावना है। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। मानसिक शांति बनी रहेगी।

# भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम के सियासी संकेत



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की बहुप्रतीक्षित नई राष्ट्रीय टीम का आखिरकार ऐलान हो गया। नई टीम में अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन, सामाजिक समीकरण और आगामी चुनावी जरूरतों का मेल दिखाई देता है। पार्टी ने जहां संगठन के अनुभवी चेहरों पर भरोसा कायम रखा है, वहीं कई नए नेताओं को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर संगठन को नई दिशा देने का संकेत दिया है। हालांकि नई टीम में कुछ फैसले ऐसे हैं, जिनके राजनीतिक मायने तत्काल दिखाई नहीं देते। इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की राष्ट्रीय महासचिव के रूप में संगठन में वापसी और आईटी एवं सोशल मीडिया से जुड़े दायित्व में बदलाव प्रमुख हैं। आईटी और सोशल मीडिया सेल की कमान छत्तीसगढ़ के दीपक म्हास्के को दी गई है, जबकि अनिल बलूनी मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी पर बने हुए हैं। इसे डिजिटल मोर्चे पर नए प्रयोग और राजनीतिक नैरेटिव को नए तरीके से आगे बढ़ाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। नई टीम में स्मृति ईरानी की वापसी सबसे अहम राजनीतिक संदेशों में से एक मानी जा रही है। उन्हें राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है और उत्तर प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य में उनकी भूमिका को खास महत्व मिलने की संभावना है। आक्रामक राजनीतिक शैली, संसदीय अनुभव और विपक्ष के खिलाफ मुखर रुख के लिए पहचानी जाने वाली स्मृति ईरानी को संगठन के शीर्ष स्तर पर लाने से भाजपा उत्तर प्रदेश में अपनी राजनीतिक सक्रियता को और धार देने की कोशिश करती दिखाई देती है। उत्तर प्रदेश देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में संगठन में मजबूत राजनीतिक चेहरे की मौजूदगी आगामी चुनावी तैयारियों और विपक्ष के मुकाबले भाजपा की रणनीति को धार देने में उपयोगी साबित हो सकती है। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनके साथ तीरथ सिंह रावत, राम माधव, बैजयंत पांडा, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन नरेंद्रभाई दोशी, डॉ. भारती प्रवीण पवार, मनप्रीत सिंह बादल, लाल सिंह आर्य, एम. नागराजा, प्रो. तारिक मंसूर और डॉ. मधुचंद्र कर को भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। राष्ट्रीय महासचिवों की टीम में विनोद तावड़े, सुनील बंसल, बिप्लब कुमार देब, स्मृति ईरानी, डॉ. सतीश पूनिया, गजेंद्र पटेल, हरीश द्विवेदी और संजय भाटिया को जगह दी गई है। संगठन के स्तर पर बीएल संतोष राष्ट्रीय महासचिव संगठन की भूमिका में बने हुए हैं, जबकि शिवप्रकाश और सौदान सिंह को राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। इससे साफ है कि नितिन नबीन ने पार्टी की अनुभवी संगठनात्मक मशीनरी को बनाए रखते हुए राजनीतिक टीम का विस्तार किया है। राष्ट्रीय सचिवों की सूची में भी भाजपा ने व्यापक क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश की है। कविता पाटीदार, के. सुरेंद्रन, डॉ. भोला सिंह, डॉ. प्रदीप वर्मा, जगदीश ईश्वरभाई पटेल, डॉ. संदीप पाठक, फांगनॉन कोन्याक, संगीता यादव, अनिल एंटनी, डॉ. एम. वेंकटेशन, मनोज तिग्गा, सिद्धार्थ शंभू, डॉ. स्वदेश सिंह, मृगांका देब बर्मन, रोहन गुप्ता और जय प्रकाश को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। इन नियुक्तियों में दक्षिण भारत, पूर्वोत्तर, पूर्वी भारत और हिंदी पट्टी के साथ-साथ अलग-अलग सामाजिक एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि के नेताओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है। इससे पार्टी की देशव्यापी संगठनात्मक पहुंच को मजबूत करने की कोशिश साफ दिखाई देती है। नई टीम के अन्य पदों पर भी कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। तरुण चुग को केंद्रीय कार्यालय प्रभारी और महेंद्र पांडे को केंद्रीय कार्यालय सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्वोत्तर समन्वयक के तौर पर डॉ. संबित पात्रा और संयुक्त समन्वयक के तौर पर राजीव बब्बर को जिम्मेदारी मिली है। सभी प्रकोष्ठों के समन्वय की जिम्मेदारी विष्णु दत्त शर्मा को दी गई है, जबकि ऋतुराज सिन्हा और विष्णु वर्धन रेड्डी संयुक्त समन्वयक होंगे। यह व्यवस्था पार्टी के अलग-अलग प्रकोष्ठों के बीच बेहतर तालमेल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भाजपा ने विभिन्न मोर्चों की जिम्मेदारियां भी नए चेहरों को दी हैं। युवा मोर्चा की कमान डॉ. हेमंग जोशी, महिला मोर्चा की रूप कुमारी चौधरी, ओबीसी मोर्चा की अमरपाल मौर्य, किसान मोर्चा की बंसीलाल गुर्जर, एससी मोर्चा की शिवेश कुमार राम, एसटी मोर्चा की डॉ. मन्नालाल रावत और अल्पसंख्यक मोर्चा की कुंवर बसीत अली को सौंपी गई है। इन नियुक्तियों के जरिए पार्टी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों, पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों के बीच संगठनात्मक पहुंच मजबूत करने का प्रयास किया है। वित्तीय मोर्चे पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और राजस्थान के राजेश मंगल को संयुक्त कोषाध्यक्ष बनाया गया है। गोयल पहले भी पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रह चुके हैं। उनके प्रशासनिक और आर्थिक अनुभव को संगठन के वित्तीय प्रबंधन में उपयोगी माना जा रहा है। हालांकि उनके पास केंद्रीय मंत्री की जिम्मेदारी भी है। ऐसे में भाजपा के 'एक व्यक्ति, एक पद' सिद्धांत को लेकर चर्चा होना स्वाभाविक है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पार्टी इस मामले में आगे क्या रुख अपनाती है। नितिन नबीन की नई टीम को देखें तो पार्टी ने एक तरफ अनुभवी

**इससे साफ है कि नितिन नबीन ने पार्टी की अनुभवी संगठनात्मक मशीनरी को बनाए रखते हुए राजनीतिक टीम का विस्तार किया है। राष्ट्रीय सचिवों की सूची में भी भाजपा ने व्यापक क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश की है। कविता पाटीदार, के. सुरेंद्रन, डॉ. भोला सिंह, डॉ. प्रदीप वर्मा, जगदीश ईश्वरभाई पटेल, डॉ. संदीप पाठक, फांगनॉन कोन्याक, संगीता यादव, अनिल एंटनी, डॉ. एम. वेंकटेशन, मनोज तिग्गा, सिद्धार्थ शंभू, डॉ. स्वदेश सिंह, मृगांका देब बर्मन, रोहन गुप्ता और जय प्रकाश को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। इन नियुतियों में दक्षिण भारत, पूर्वोार, पूर्वी भारत और हिंदी पट्टी के साथ-साथ अलग-अलग सामाजिक एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि के नेताओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है। इससे पार्टी की देशव्यापी संगठनात्मक पहुंच को मजबूत करने की कोशिश साफ दिखाई देती है। नई टीम के अन्य पदों पर भी कई महत्वपूर्ण नियुतियां की गई हैं। तरुण चुग को केंद्रीय कार्यालय प्रभारी और महेंद्र पांडे को केंद्रीय कार्यालय सचिव की जिमेदारी दी गई है।**

नेताओं को बनाए रखा है, वहीं दूसरी तरफ क्षेत्रीय और सामाजिक प्रतिनिधित्व का विस्तार किया है। राम माधव की रणनीतिक समझ, वसुंधरा राजे का राजनीतिक अनुभव, स्मृति ईरानी की आक्रामक राजनीतिक शैली, सुनील बंसल का संगठनात्मक अनुभव और विभिन्न राज्यों से आए नेताओं की क्षेत्रीय पकड़ पार्टी के लिए अलग-अलग मोर्चों पर उपयोगी साबित हो सकती है। लेकिन नई टीम के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। अलग-अलग राज्यों में संगठनात्मक गुटबाजी को नियंत्रित करना, नेताओं के बीच बेहतर तालमेल बनाना, डिजिटल मोर्चे पर प्रभावी नैरेटिव तैयार करना और संगठन तथा सरकार के बीच समन्वय कायम रखना बड़ी चुनौती होगी। सबसे महत्वपूर्ण चुनौती आगामी चुनावों में नई टीम के जरिए बनाए गए सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों को जमीन पर राजनीतिक समर्थन में बदलने की होगी। संगठन में नियुक्तियां करना पहला कदम है, लेकिन इन नियुक्तियों को प्रभावी चुनावी रणनीति में बदलना नितिन नबीन के नेतृत्व की असली परीक्षा होगी।

# हर रोज हो 'न' कहने की आजादी




महिलाओं की स्वतंत्रता, सम्मान और अपनी पसंद के बारे में निर्णय लेने का अधिकार आज भी समाज के सामने एक गंभीर सवाल बना हुआ है। महिला जब अपनी इच्छा के विरुद्ध किसी बात से इनकार करती है तो उसके 'न' को स्वीकार करने के बजाय उस पर दबाव बनाने, उसे चुप कराने या उसकी आवाज को कमजोर करने की कोशिश क्यों की जाती है? यह सवाल केवल किसी एक घटना या विरोध-प्रदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे सामाजिक ढांचे और सोच से जुड़ा हुआ है। पितृसत्ता पर लंबे समय से बहस होती रही है, लेकिन हाल के कुछ घटनाक्रमों ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर किया है कि महिलाओं को अपनी बात कहने और विरोध दर्ज कराने की कितनी स्वतंत्रता वास्तव में हासिल है। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में एक महिला प्रदर्शनकारी की यह बात चर्चा में रही कि आंसू गैस के गोले से उसकी मां के आंसू निकलने की चिंता न करें, क्योंकि पितृसत्ता ने उनके आंसू पहले ही सुखा दिए हैं। व्यंग्य में कही गई यह बात महिलाओं के लंबे संघर्ष और उनके भीतर दबा दिए गए दर्द को सामने लाती है। हाल के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान महिलाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार, अभद्र भाषा और उनकी पहचान सार्वजनिक किए जाने के आरोप भी सामने आए हैं। महिलाओं की अनुमति के बिना उनकी निजी जानकारी सार्वजनिक करने की ऐसी घटनाओं के लिए 'डॉक्सिंग' जैसे शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। इसके बाद उन्हें ऑनलाइन उत्पीड़न, धमकियों और अपमान का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति बताती है कि डिजिटल दौर में भी महिलाओं की आवाज दबाने के तरीके लगातार बदल रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ इस्तेमाल होने वाली गाली-गलौज और हिंसा की भाषा पर नजर डालें तो उसमें अक्सर महिलाओं के साथ-साथ उनकी मां और बहनों को निशाना बनाया जाता है। यौन हिंसा, उत्पीड़न और छेड़छाड़ भी लंबे समय से महिलाओं को डराने और नियंत्रित करने के हथियार के रूप में इस्तेमाल होते रहे हैं। सवाल यह है कि आधुनिक और लोकतांत्रिक समाज में भी यह मानसिकता क्यों कायम है? 2012 के निर्भया कांड के बाद देशभर में महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर न्याय और सुरक्षा की मांग की थी। दिल्ली की सड़कों पर हुए उन प्रदर्शनों ने पूरे देश को झकझोर दिया था। महिलाओं ने पुलिस की कार्रवाई और तमाम मुश्किलों के बावजूद अपनी आवाज बुलंद की। उस आंदोलन ने यह स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। महिला अधिकारों से जुड़े मामलों में सबसे महत्वपूर्ण सवाल सहमति का है। किसी महिला का 'न' कहना उसकी स्वतंत्र इच्छा की अभिव्यक्ति है। रिश्ते चाहे किसी भी प्रकार के हों—परिवार, दोस्ती, विवाह या प्रेम—किसी भी व्यक्ति को दूसरे की इच्छा के विरुद्ध जाने का अधिकार नहीं है। समस्या तब और गंभीर हो जाती है, जब सामाजिक या राजनीतिक प्रभाव रखने वाले लोग महिलाओं की आवाज को ही सवालों के घेरे में खड़ा करने लगते हैं। सार्वजनिक जीवन में सक्रिय महिलाओं को अक्सर उनकी बात, पहनावे, व्यवहार या निजी जीवन के आधार पर कठघरे में खड़ा किया जाता है। इससे समाज में यह संदेश जाता है कि महिला की आवाज तभी स्वीकार्य है, जब वह तय मानकों के अनुरूप हो। महिलाओं की स्वतंत्रता और सम्मान की चर्चा भारत के संविधान से अलग नहीं की जा सकती। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान निर्माण के दौरान समानता, स्वतंत्रता और न्याय को लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार बनाने पर जोर दिया। संविधान प्रत्येक नागरिक को गरिमा के साथ जीवन जीने और अपनी स्वतंत्रता का उपयोग करने का अधिकार देता है। इसीलिए महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई केवल लैंगिक समानता की लड़ाई नहीं है, बल्कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का भी सवाल है। किसी महिला को अपनी इच्छा व्यक्त करने, असहमति जताने या किसी रिश्ते अथवा परिस्थिति से इनकार करने का अधिकार लोकतांत्रिक समाज की बुनियादी अवधारणा से जुड़ा है। आज विभिन्न आंदोलनों और सामाजिक अभियानों में महिलाएं लगातार आगे आ रही हैं। वे अपने अधिकारों, सम्मान और न्याय के लिए आवाज उठा रही हैं। उनके साथ खड़े पुरुष भी यह संदेश दे रहे हैं कि महिलाओं की स्वतंत्रता केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं है। जरूरत इस बात की है कि महिलाओं की आवाज को केवल विशेष अवसरों या महिला दिवस जैसे आयोजनों तक सीमित न रखा जाए। स्वतंत्रता का अर्थ केवल किसी एक दिन को याद करना नहीं, बल्कि हर दिन व्यक्ति की इच्छा, सम्मान और अधिकारों को स्वीकार करना है। जब कोई महिला कहती है कि उसे किसी व्यवहार, रिश्ते या परिस्थिति से असहमति है, तो समाज को सबसे पहले उसकी बात सुननी चाहिए। 'न' का मतलब 'न' ही होता है। इस सरल बात को व्यवहार में स्वीकार करना ही महिला सम्मान और समानता की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। महिलाओं को ऐसी सामाजिक और कानूनी व्यवस्था की जरूरत है, जहां उन्हें अपनी बात कहने के लिए डरना न पड़े, विरोध करने पर अपमानित न किया जाए और अपनी इच्छा के विरुद्ध किसी दबाव का सामना न करना पड़े। यह बदलाव केवल कानून से नहीं आएगा, बल्कि परिवार, समाज और संस्थाओं की सोच बदलने से आएगा। आज जरूरत इस बात की है कि महिलाओं के 'न' को सुना जाए, समझा जाए और सम्मान दिया जाए—सिर्फ स्वतंत्रता दिवस पर नहीं, बल्कि साल के हर दिन।

# समुद्र मंथन की पीड़ा से प्रयाग में विश्राम तक

तीर्थराज प्रयाग की पहचान मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन त्रिवेणी संगम से है। धार्मिक मान्यता है कि संगम में स्नान, दान और पूजन के बाद गंगा तट पर स्थित प्रमुख मंदिरों में देवी-देवताओं के दर्शन किए बिना तीर्थयात्रा का पुण्य पूर्ण नहीं माना जाता। इन्हीं प्रमुख धार्मिक स्थलों में दारागंज स्थित नाग वासुकी मंदिर का विशेष महत्व है। हिंदू धार्मिक मान्यताओं में नाग वासुकी को नागों का राजा माना गया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार वे महर्षि कश्यप के पुत्र, शेषनाग के भाई और भगवान शिव के परम भक्त हैं। भगवान शिव के गले में आभूषण के रूप में विराजमान नाग वासुकी का प्रयागराज से गहरा धार्मिक संबंध माना जाता है। मंदिर को प्रयाग की धार्मिक परिक्रमा में भी महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। नाग वासुकी के प्रयागराज में निवास की सबसे प्रचलित कथा समुद्र मंथन से जुड़ी है। धार्मिक कथाओं के अनुसार देवताओं और दानवों ने अमृत प्राप्त करने के लिए मंदराचल पर्वत को मथानी और नाग वासुकी को रस्सी बनाया था। लंबे समय तक चले समुद्र मंथन के दौरान घर्षण से नाग वासुकी का शरीर घायल हो गया। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने उन्हें प्रयागराज स्थित त्रिवेणी तट पर विश्राम करने की सलाह दी। त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान और विश्राम के बाद उनका शरीर स्वस्थ हुआ। इसके बाद नाग वासुकी ने प्रयाग को अपना निवास बना लिया। नाग वासुकी से जुड़ी एक अन्य कथा काशी से संबंधित है। कहा जाता है कि काशी के राजा दिवोदास ने नाग वासुकी को काशी लाने के लिए तपस्या की थी। वासुकी काशी जाने के लिए तैयार भी हुए, लेकिन देवताओं ने उन्हें प्रयाग में ही निवास करने के लिए कहा। मान्यता के अनुसार नाग वासुकी ने प्रयाग में रहने के लिए दो शर्तें रखीं। पहली, त्रिवेणी संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालु उनके दर्शन अवश्य करेंगे। दूसरी, श्रावण मास में नाग पंचमी के अवसर पर उनकी विशेष पूजा की जाएगी। इसी धार्मिक मान्यता के कारण नाग वासुकी मंदिर को संगम क्षेत्र के प्रमुख तीर्थों में स्थान मिला। नाग वासुकी मंदिर की प्राचीनता को लेकर विभिन्न धार्मिक परंपराएं प्रचलित हैं। कुछ मान्यताओं में इसे महाभारत काल से जोड़ा जाता है। यह भी कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने यहां नाग वासुकी के दर्शन किए थे। वर्तमान मंदिर के निर्माण और विस्तार को लेकर अलग-अलग ऐतिहासिक मत मिलते हैं। मंदिर परिसर में नाग वासुकी की आकर्षक प्रतिमा के साथ अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं। मंदिर परिसर में भगवान माधव के बारह स्वरूपों में एक असि माधव का प्राचीन मंदिर भी बताया जाता है। इसके अलावा हनुमान जी और शनिदेव की प्रतिमाएं भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र हैं। मंदिर की दीवारों और परिसर में मौजूद मूर्तियां इसकी धार्मिक और स्थापत्य परंपरा को दर्शाती हैं। नाग वासुकी मंदिर को ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण धरोहर माना जाता है। मंदिर में मौजूद प्राचीन प्रतिमाओं, शिलालेखों और कलाकृतियों के संरक्षण की व्यवस्था भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से जुड़ी बताई जाती है। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी यह मंदिर प्रयागराज के महत्वपूर्ण स्थलों में शामिल है। माघ मेला, कुंभ और महाकुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। संगम स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाग वासुकी के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते हैं। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी यानी नाग पंचमी के दिन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना होती है। इस अवसर पर प्रयागराज और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार नाग वासुकी की पूजा करने से नाग संबंधी दोषों और जीवन की बाधाओं से मुक्ति मिलती है। मंदिर में वर्षभर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी कराए जाते हैं। इनमें कालसर्प दोष निवारण, जप, यज्ञ, पूजन, त्रिपिंडी श्राद्ध और नारायण बलि जैसे अनुष्ठान शामिल बताए जाते हैं। श्रद्धालु अपनी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। नाग वासुकी मंदिर को लेकर एक लोकप्रिय लोककथा मुगल शासक औरंगजेब से भी जुड़ी है। कहा जाता है कि जब औरंगजेब प्रयागराज स्थित अकबर के किले में आया तो उसने मंदिर की ख्याति सुनी। कथा के अनुसार वह मंदिर में पहुंचा और नाग वासुकी की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन ऐसा नहीं कर सका। इसके बाद वह वापस लौट गया। हालांकि यह प्रसंग धार्मिक लोककथा के रूप में प्रचलित है और इसके ऐतिहासिक प्रमाणों को लेकर अलग-अलग मत हैं। आज नाग वासुकी मंदिर प्रयागराज की धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। संगम स्नान के बाद श्रद्धालुओं का यहां पहुंचना सदियों पुरानी धार्मिक परंपरा से जुड़ा माना जाता है। पौष पूर्णिमा के अवसर पर भगवान माधव की प्रतीकात्मक यात्रा और पूजा की परंपरा भी इस मंदिर के धार्मिक महत्व को और बढ़ाती है। समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से लेकर त्रिवेणी तट पर विश्राम तक नाग वासुकी की कथा प्रयाग की धार्मिक परंपरा में विशेष स्थान रखती है। यही वजह है कि संगम नगरी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नाग वासुकी मंदिर आज भी आस्था, इतिहास और पौराणिक परंपरा का महत्वपूर्ण संगम बना हुआ है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को मिलेंगे स्वीकृति प्रमाण पत्र

**देवरिया।** जनकल्याणकारी योजनाओं के चयनित लाभार्थियों को अब स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके लिए 'सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान' शिविर का आयोजन 18 अगस्त को भाटपाररानी तहसील परिसर में किया जाएगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अविनाश मणि त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सोशल सेक्टर विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित चयनित लाभार्थियों के लिए शिविर आयोजित किया जा रहा है। 18 अगस्त को सुबह 10 बजे से तहसील भाटपाररानी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में चयनित लाभार्थियों को संबंधित योजनाओं के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने तहसील भाटपाररानी क्षेत्र के सभी चयनित आवेदकों एवं लाभार्थियों से निर्धारित तिथि और समय पर तहसील परिसर में पहुंचने की अपील की है, ताकि उन्हें जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वीकृति प्रमाण पत्र प्राप्त हो सके।

## स्वतंत्रता दिवस पर चहुंओर शान से लहराया तिरंगा



**आजाद देश की शान है तिरंगा- सुधा**

**रूद्रपुर, देवरिया।** स्वतंत्रता दिवस पर तहसील क्षेत्र के रुद्रपुर नगर एवं देहात क्षेत्र में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं और सरकारी कार्यालय में शान से तिरंगा लहराया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए व आजादी के बीर सपूतों को याद किया गया। कई स्थानों पर तिरंगा यात्रा भी निकली गई। नारायणपुर स्थित विजयम् पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण के बाद विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो विद्यालय से निकलकर नारायणपुर चौराहा होते हुए विद्यालय पर आकर समाप्त हुई। विजयम् पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य अश्वनी द्विवेदी ने झंडारोहण किया।नगर पंचायत कार्यालय व रुद्रपुर पब्लिक स्कूल पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुधा निगम एवं राजीव गांधी जूनियर हाई स्कूल,ओम सरस्वती विद्या मंदिर तथा सेंट थॉमस स्कूल पर भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छट्ठे लाल निगम, तहसील में एसडीएम राजकुमार गुप्ता, कोतवाली में कोतवाल कल्याण सिंह सागर, ब्लाक कार्यालय में प्रमुख ऊषा पासवान, सीएचसी में डा वी बी सिंह,पीएसटी एलिमेंट्री लुअठहीं में रत्नेश त्रिपाठी,केडी पब्लिक स्कूल में श्याम विश्वकर्मा,आर एस मेमोरियल बजरंग चौराहे पर ब्रम्हानंद दूबे, इन्दिरा पब्लिक स्कूल में शिवानन्द विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## करंट की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

**महराजगंज (पनियरा)।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रजौड़ा पंजूम गांव के बच्चा टोले में सोमवार दोपहर खेत में लगे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार बड़हलगंज थाना क्षेत्र के धूबौली गांव निवासी लक्ष्मण सिंह की पत्नी शीला अपने मायके रजौड़ा पंजूम आई हुई थीं। सोमवार सुबह वह शौच के लिए घर से बाहर निकली थीं। बताया जा रहा है कि एक किसान ने अपनी फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेत के चारों ओर तार की बाड़ लगाई थी, जिसमें अवैध रूप से बिजली का करंट प्रवाहित किया जा रहा था। खेत के पास पहुंचते ही शीला अनजाने में उस तार के संपर्क में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजन उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

मृतका शीला के दो बेटे सत्यम 20 वर्ष और शिवम 17 वर्ष हैं। उनकी दो बेटियों की शादी हो चुकी है। पति लक्ष्मण सिंह मुंबई में पेंट-पॉलिश का काम करते हैं। घटना की सूचना मिलने पर वह घर के लिए रवाना हो गए हैं।पनियरा थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। करंट युक्त तार लगाने वाले के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि खेतों में इस तरह अवैध करंट का प्रयोग न करें, यह जानलेवा साबित हो सकता है।

# शंकर साव पोखरे की दीवार पर फिर लाखों का दांव, गुणवत्ता पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ग़ोला बाजार/गोरखपुर;** नगर पंचायत गोला के वार्ड नंबर 18 स्थित प्राचीन शंकर साव पोखरे की पश्चिमी दीवार का निर्माण एक बार फिर शुरू हो गया है। आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है। खास बात यह है कि पोखरे की यह दीवार बार-बार टूटने के बाद फिर बनाई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार पहले यह कार्य एक बार सांसद निधि और दो बार नगर पंचायत निधि से कराया जा चुका है। अब पुनः नगर पंचायत निधि से निर्माण कराया जा रहा है। बताया जाता है कि दीवार और उससे सटी सीसी सड़क के निर्माण के लिए करीब 34 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। हर वर्ष बारिश के दौरान पोखरे की ओर से पानी के दबाव के चलते दीवार क्षतिग्रस्त हो जाती है। दीवार टूटने के साथ ही उससे लगी सीसी सड़क भी पोखरे में बहकर क्षतिग्रस्त हो जाती है। इससे वार्ड और हनुमान मंदिर तक आने-जाने वाला रास्ता बाधित हो जाता है। प्राचीन शंकर साव पोखरा कभी नगर का महत्वपूर्ण जलस्रोत माना जाता था। पोखरे के चारों ओर पक्की दीवार और उत्तर दिशा में सीढ़ियां बनी हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से जिम्मेदारों की उपेक्षा के कारण पोखरे का पानी गंदा हो चुका है। सीढ़ियों के आसपास लोग गोबर के कंडे भी पाथते हैं, जिससे पोखरे की स्थिति और खराब हो रही है। पोखरे के पश्चिमी हिस्से से सटकर दक्षिण दिशा में हनुमान मंदिर तक सीसी सड़क जाती है। उत्तर और पश्चिम दिशा से आने वाला बरसाती पानी इसी मार्ग से होकर पोखरे में गिरता है। सड़क को सुरक्षित रखने के लिए पोखरे से सटाकर दीवार बनाई गई थी, लेकिन पिछले वर्ष बारिश में वह भी टूट गई। कुछ दूरी तक सीसी सड़क भी क्षतिग्रस्त होकर पोखरे में समा गई थी। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि वर्तमान निर्माण में ईंट और चुनाई का कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि इस बार भी मजबूत और गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं हुआ तो बारिश के बाद दीवार फिर ढह सकती है और सरकारी धन दोबारा खर्च करना पड़ेगा।

**क्या कहते हैं सभासद** वार्ड सभासद श्रवण कुमार ने बताया कि दीवार और हनुमान मंदिर तक जाने वाली सीसी सड़क का निर्माण चौथी बार कराया जा रहा है। इसके लिए करीब 34 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। उन्होंने बताया कि इससे पहले एक बार सांसद निधि और दो बार नगर पंचायत निधि से निर्माण कराया जा चुका है। हालांकि, दीवार की गुणवत्ता पर सवाल पूछे जाने पर सभासद स्पष्ट जवाब देने से बचते नजर आए। अब सवाल यह है कि बार-बार टूट रही दीवार के निर्माण में आखिर कमी कहां रह जा रही है और लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान क्यों नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराकर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।

# बैतालपुर डिपो के पास हादसा, कार में आग लगने से एक की मौत




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बैतालपुर में एचपी पेट्रोल पंप के सामने सोमवार देर रात दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद एक कार में आग लग गई। दुर्घटना में घायल किआ कार चालक सारिक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 16/17 अगस्त की रात आई-20 कार संख्या यूपी 32 एफबी 3118 देवरिया से गोरखपुर की ओर जा रही थी। बैतालपुर में एचपी पेट्रोल पंप के सामने कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गई और सामने से गोरखपुर की ओर से देवरिया आ रही किआ कार संख्या यूपी 52 सीबी 9523 से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में सवार कई लोग घायल हो गए। किआ कार में सवार सारिक, आदिल पुत्र असलम निवासी अबूबकर नगर, साहिल अंसारी निवासी मिल इलाही समेत सात लोग घायल हुए। वहीं आई-20 में सवार रितिक और सिद्धार्थ निवासी छेड़ी रेवती, थाना रेवती, बलिया को भी चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए देवरिया मेडिकल कालेज भेजा गया। इसी दौरान आई-20 कार में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क किनारे हटाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु कराई जा सकी। हादसे में गंभीर रूप से घायल किआ कार चालक सारिक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर राजेश चतुर्वेदी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हुई है। पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## द ग्रेट बुद्धा पब्लिक स्कूल में आजादी महोत्सव की धूम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रिपोर्ट- प्रमोद यादव (पत्रकार)

**गाजीपुरः** द ग्रेट बुद्धा पब्लिक स्कूल, मंगल मड़ई छावनी लाइन में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के पितामह श्री नंदलाल कुशवाहा द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने राष्ट्रगान, झंडा गीत, सारे जहां से अच्छा और वंदे मातरम् प्रस्तुत कर देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अवधेश कुमार और धर्मदेव कुशवाहा उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में क्षेत्रीय कलाकार अजय भारद्वाज, सुनीता मौर्या, संजय विश्वकर्मा, रिशु राज और नेहा सोनाली ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद वीरों के सम्मान में एक भव्य झांकी निकाली गई, जो विद्यालय से आदर्श बाजार, पीजी कॉलेज गोराबाजार, डीएम आवास और शास्त्री नगर चौराहे से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंची। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सोनी मैम, डायरेक्टर बंसराज सर, संचालक विपिन सर, शशिकांत सर, प्रिया मैम, पूजा मैम, रिया मैम, संजय सर, दिवाकर विश्वकर्मा, गुनगुन मैम सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# आरएस कॉन्वेंट में देशभक्ति से मना स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गाजीपुर।** गाजीपुर-सीबीएसई बोर्ड द्वारा (10+2)की मान्यता प्राप्त आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवंर गाजीपुर में देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, गर्व और देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय प्रांगण तिरंगे की आभा और 'भारत माता की जय' के गगनभेदी उद्घोषों से गूंज उठा। सुबह-सबेरे विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रधानाचार्य जितेन्द्र यादव ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ, जिसके पश्चात राष्ट्रगान की सामूहिक प्रस्तुति ने वातावरण को भावविभोर कर दिया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झलकी आज़ादी की गाथा**

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, समूह नृत्यों और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों की प्रस्तुतियों में जहाँ बलिदान की वीर गाथाएँ जीवंत हुईं, वहीं नए भारत के सपनों की झलक भी दिखाई दी। समूचा प्रांगण करतल ध्वनि और राष्ट्रभक्ति के उत्साह से भर उठा।इसके बाद तिरंगा यात्रा भी स्कूल परिसर से पूर्वांचलएक्सप्रेसवे के तिराहे तक बंदे मातरम के जय घोष करते गगनभेदी नारो के साथ पहुंचा तत्पश्चात स्कूल परिसर मे आकर सास्कृतिक कार्यक्रम मे तब्दील हो गया।

**स्कूल के प्रबंधक यशवन्त सिंह का प्रेरक संबोधन**

विद्यालय के प्रबंधक यशवन्त सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के वास्तविक अर्थ से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि आज़ादी केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि लाखों बलिदानों से अर्जित वह अमूल्य धरोहर है, जिसे संजोए रखना हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि सच्ची देशभक्ति नारों में नहीं, बल्कि अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा में निहित है। 'आज जो हाथ किताब थामे हैं, वही कल राष्ट्र का भविष्य गढ़ेंगे,'– इन शब्दों के साथ उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और देश के निर्माण में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को आत्मसात करते हुए एक जागरूक, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर नागरिक बनें।

**प्रधानाचार्य ने दी नए भारत की दिशा**

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र यादव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना पर बल देते हुए कहा कि आने वाला युग ज्ञान, नवाचार और परिश्रम का है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा को केवल परीक्षा तक सीमित न रखकर उसे राष्ट्र-निर्माण का सशक्त माध्यम बनाने की प्रेरणा दी। उन्होने ने कहा कि आज़ादी के इन आठ दशकों में भारत ने जो ऊँचाइयाँ छुई हैं, उन्हें और आगे ले जाने की जिम्मेदारी अब इसी युवा पीढ़ी के कंधों पर है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, निरंतर अध्ययन और उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि एक सशक्त और विकसित भारत का स्वप्न तभी साकार होगा, जब प्रत्येक विद्यार्थी अपने भीतर उत्कृष्टता की लौ जलाए रखेगा। स्कूल के संस्थापक/अध्यक्ष भीष्मदेव सिंह ने शेरो सायरी और बलिदानियों को याद करते हुए बच्चो तथा उपस्थित लोगो को अपनी शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं अन्य स्टाप मौजूद रहा।

# अंडमान में हनीमून के दौरान पीरियड्स आने पर पत्नी से मारपीट, गला दबाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


अनुज मृतक | सचिन मृतक | हरिश मृतक

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल थाना क्षेत्र की एक युवती ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और गंभीर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ ही दिन बाद से उसे परेशान किया जाने लगा। हनीमून के दौरान अंडमान निकोबार में पीरियड्स आने पर पति ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाने की कोशिश की। मामले में पीड़िता की शिकायत पर रामगढ़ताल थाने में पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता के मुताबिक उसका विवाह दिल्ली निवासी निखिल मिश्रा के साथ हुआ था। शादी में उसके परिवार की ओर से करीब 40 लाख रुपये का दहेज दिए जाने का आरोप है। विवाह के बाद वह पति के साथ अंडमान निकोबार हनीमून पर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान उसके पीरियड्स आ गए, जिसको लेकर पति नाराज हो गया। विवाद बढ़ने पर पति ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाने का प्रयास किया। पीड़िता ने घटना के बाद खुद को असुरक्षित महसूस करने की बात कही है।

आरोप है कि अंडमान से लौटने के बाद भी ससुराल में उसका उत्पीड़न जारी रहा। शादी के करीब 45 दिन बाद उसे कथित तौर पर घर से निकाल दिया गया। इसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी और न्याय की मांग को लेकर पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए पति और ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसएसपी के निर्देश के बाद रामगढ़ताल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस अब लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है और मामले से जुड़े तथ्यों, घटनाक्रम तथा दोनों पक्षों के बयानों को जुटाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना के दौरान सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामला पति-पत्नी के बीच विवाद और गंभीर आरोपों से जुड़ा होने के कारण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## चोरी की दो वारदातों का खुलासा, 1.08 लाख और नौ सिक्के बरामद

**देवरिया।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए एक विधि विरुद्ध बालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। उसके कब्जे से 1.08 लाख रुपये नकद और सफेद धातु के नौ सिक्के बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार पूछताछ में बालक ने साथियों के साथ मिलकर दोनों घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। मामले में शामिल दो अन्य वांछित आरोपितों की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद पांडेय के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने 16/17 अगस्त की रात मुखबिर की सूचना पर कसया मार्ग ओवरब्रिज के पास बालक को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से नकदी और नौ सफेद धातु के सिक्के मिले। पुलिस के मुताबिक पहली घटना नौ अगस्त की रात कोतवाली रोड स्थित एजीएस बैटरी एंड सोलर सॉल्यूशन की दुकान में हुई थी। चोरों ने रात करीब दो बजे दुकान का शटर उठाकर काउंटर तोड़ा और करीब 3.50 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए थे। इस संबंध में कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## बाट- माप विभाग का छापा,16 मामलों में कार्रवाई; 63 हजार रुपये जुर्माना वसूला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** व्यापारिक प्रतिष्ठानों में माप-तौल की गड़बड़ी और नियमों की अनदेखी पर विधिक माप विज्ञान विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रभारी अधिकारी विधिक माप विज्ञान ए.के. सिंह के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर इस माह अब तक 16 मामलों में अभियोजन दर्ज कराया गया। कार्रवाई के बाद कुल 63 हजार रुपये शमन शुल्क/जुर्माना ट्रेजरी में जमा कराया गया। विभागीय टीम ने अवतही, सलेमपुर, सिरजम, गौरीबाजार और देवरिया सदर क्षेत्र में स्थित विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों की जांच की। निरीक्षण के दौरान नियमों के विपरीत गतिविधियां और अनियमितताएं मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

**पेट्रोल पंपों पर भी पहुंची टीम** व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साथ ही विभाग ने विभिन्न पेट्रोल पंपों का भी औचक निरीक्षण किया। भारत फ्यूल्स, इंडिया फ्यूल्स और रघुवेशन फ्यूल्स समेत अन्य पेट्रोल पंपों पर जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कुछ पेट्रोल पंपों पर कॉनिकल केयर असत्यापित पाए गए, हालांकि पेट्रोल-डीजल की माप की शुद्धता सही मिली। विभाग की कार्रवाई से पेट्रोल पंप संचालकों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में खलबली रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि माप-तौल में किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**शिकायतों का मौके पर निस्तारण** टीम ने रुद्रपुर स्थित सुनीता गैस एजेंसी का भी निरीक्षण किया। यहां प्राप्त एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इसके अलावा राशन डीलर से संबंधित शिकायत का भी समाधान कराया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और व्यापारिक गतिविधियों में माप-तौल की पारदर्शिता के लिए औचक जांच का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## स्वस्थ जलवायु के लिए पौधरोपण जरूरी, वृक्ष कटान की रफ्तार पर जताई चिंताः उमेश दुबे



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी।** स्वस्थ जलवायु और मानव जीवन को सुरक्षित रखने के लिए पौधरोपण के साथ वृक्षों का संरक्षण बेहद जरूरी है। विकास के नाम पर जिस तेजी से पेड़ों की कटान हो रही है, उसकी भरपाई के लिए उससे कई गुना तेजी से पौधरोपण किया जाना चाहिए। यदि समय रहते इस दिशा में गंभीर प्रयास नहीं हुए तो इसके दूरगामी परिणाम मानव जीवन के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। यह बातें नगर पंचायत उनवल के अध्यक्ष प्रतिनिधि उमेश दूबे ने प्राचीन एवं ऐतिहासिक शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कही। उमेश दूबे ने कहा कि पौधे पृथ्वी के श्रृंगार के साथ मानव जीवन के प्रमुख आधार हैं। पेड़ हमें ऑक्सीजन, फल, छाया और लकड़ी देने के साथ वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण करते हैं। साथ ही मिट्टी के कटाव को रोकने और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि सड़कों और अन्य विकास परियोजनाओं के निर्माण के लिए पेड़ों की कटान हो रही है। विकास आवश्यक है, लेकिन पर्यावरण की कीमत पर विकास भविष्य के लिए गंभीर संकट खड़ा कर सकता है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के बीच बड़े पैमाने पर पौधरोपण और उनका संरक्षण समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही वृक्षों को पूजनीय माना गया है। धर्मशास्त्रों में भी पौधरोपण को महान धार्मिक एवं पुण्य कार्य बताया गया है। अब जरूरत केवल पौधे लगाने की नहीं, बल्कि लगाए गए पौधों को पेड़ बनने तक संरक्षित करने की है। इस अवसर पर राकेश तिवारी, विनोद यादव, शचींद्रनाथ मिश्र, धर्मेंद्र त्रिपाठी, मनोज गुप्ता, विनय यादव, महेंद्र चौधरी, बाघाम्बर साहनी, राहुल, रोहित गौड़, सुशील मौर्य, शशांक दूबे सहित अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## नागपंचमी के अवसर पर गुड़िया पीटने गये तीन बालकों की पोखरे में डूबने से मौत

**खजनी गोरखपुर** बांसगांव थाना के ग्राम बैदौली बाबू में नागपंचमी के दिन तब कोहराम मच गया जब यह हल्ला हुआ कि गांव के दक्षिण स्थित मठिया पोखरे में गुड़िया पीटने गये तीन नाबालिग बच्चों डूब गये हैं गांव के लोग जहां थे वह सभी मठिया पोखरे में जाल डाल कर तथा तैरनेवाले पोखरे में कूद कर डूबे बच्चों की तालाश करने लगे ।पोखरे में गांव के लोगों द्वारा दो मृतक तथा एक जिवीत को बाहर निकालें बाद में तीसरा बच्चा भी दम तोड़ दिया। नागपंचमी के अवसर पर सुबह 9 बजे के लगभग बहनों की गुड़िया पीटने के लिए गए तीनों गुड़िया पीटने के बाद मठिया पोखरे में खूब नहा रहे थे इसी में एक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा दूसरा तीसरा बचाने गहरे पानी में चले गए वह भी डूब गया गांव में तहलका मच गया लोग तीनों को बाहर निकालें। मृतकों में तीनों यादव परिवार के लड़के हैं जिनमें सचिन पुत्र भजुराम14 वर्ष जो कक्षा 6 का छात्र था इसके पास एक भाई है और पिता मजदूरी करता। दूसरा अनुज पुत्र सत्यप्रकाश उम्र 9 वर्ष कक्षा तीन का छात्र था इसके पास भी एक भाई है। इसका पिता पेंट पालिश का काम करता है। तीसरा हरिश पुत्र राधेश्याम उम्र 12 वर्ष कक्षा पांच का छात्र था यह माता पिता का इकलौता बेटा था जिसके घर का चिराग बुझ गया इसकी एक बहन है पिता दुबई में मजदूरी करता है।

# खजनी तहसील में धूमधाम से मनाया गया नाग पंचमी का त्यौहार

## जगह- जगह आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता, शिव मंदिरों में दिन भर रही भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी।** गोरखपुर सोमवार को जिले भर में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शिव मंदिरों में भगवान शिव के साथ ही नाग देवता की पूजा की गई। बच्चों ने तालाब, पोखरों व नदी के किनारे परंपरागत तरीके से गुड़िया पीटा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह कुश्ती, कबड्डी, खो-खो एवं लंबी दौड़ व खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोगों ने कालसर्प दोष से मुक्ति के लिए विभिन्न मंदिरों, नदी व तालाबों के पास पूजा-अर्चना कराई। नागपंचमी के अवसर पर घर में सुख संपन्नता व समृद्धि के लिए सुबह परंपरागत परिधानों में सजी धजी महिलाओं और लड़कियों ने शिवमंदिर पहुंच पूजा-अर्चना की। सुबह से घरों के बाहर गोबर से नाग देव का चिह्न बनाकर उसकी पूजा की। महिलाओं ने नागदेव की कथा भी सुनी।

श्रावण मास के चलते शिव मंदिरों के बाहर तमाम सपेरे नाग के साथ नजर आए। शिवभक्तों ने मंदिर में दर्शन करने के बाद नाग के जोड़ों के आगे श्रद्धा के साथ नतमस्तक हुए। कुछ ने नाग को दूध और लावा भी चढ़ाया। जिन लोगों की जन्मकुंडली में कालसर्प दोष है, उन्होंने दोष से निवारण के लिए खास पूजा की। शिवालय और नदियों के तट पर पूजन-अर्चन कर इस दोष से मुक्ति का उपाय किया। खजनी तहसील के जैशर नाथ शिव मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर झारखंडेश्वर टेकवर झारखंडी शिव मंदिर सरया तिवारी आदि स्थानों पर परिवार के साथ बच्चों ने नागपंचमी का पर्व मनाया और भगवान शिव का दर्शन किया।

**महिलाओं ने गाया कजरी और झूले का लुत्फ उठाया**

नागपंचमी के अवसर पर गांवों में बच्चों और महिलाओं ने जमकर झूले का लुत्फ उठाया। शादी के बाद पहली बार नाग पंचमी का पर्व पड़ने पर नवविवाहिताएं मायके पहुंची तो उन्होंने सहेलियों के साथ जमकर मस्ती की। घरों में मिठाइयां और पकवान तैयार किए गए। महिलाएं पीपल एवं बरगद के पेड़ की डाल पर झूले डालकर कजरी गीत गाया और झूले का लुत्फ उठाया।

# राशन कोटेदारों का लाभांश 90 से बढ़कर हुआ 125 प्रति कुंतल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** सरकार ने उचित दर विक्रेताओं यानी राशन कोटेदारों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए उनका लाभांश 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल कर दिया है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर तहसील सदर फिरोजाबाद के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, सदर विधायक मनीष असीजा और महापौर कामिनी राठौर की मौजूदगी में सरकार की पहल की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। इस दौरान एक नए चरण पर घर-घर वितरण व्यवस्था के तहत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता प्रतिक्रिया प्रणाली का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य राशन वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और उपभोक्ता अनुकूल बनाना है।



**उपभोक्ताओं से बेहतर व्यवहार की अपील**

सदर विधायक मनीष असीजा ने राशन विक्रेताओं से उपभोक्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार करने और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उचित दर दुकानों पर बाजार के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को अन्य आवश्यक वस्तुएं भी आसानी से मिल सकें। उन्होंने घटिया उत्पाद बेचने, अनावश्यक सामान थोपने और उपभोक्ताओं के शोषण से बचने की भी हिदायत दी।

**घटतौली और कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं: डीएम**

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि कोटेदारों के लाभांश में वृद्धि सरकार और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने उचित दर विक्रेताओं से पात्र लाभार्थियों को पारदर्शिता, ईमानदारी और सम्मान के साथ खाद्यान्न उपलब्ध कराने को कहा। डीएम ने स्पष्ट किया कि राशन दुकानों पर घटतौली, कालाबाजारी या निर्धारित दर से अधिक वसूली किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है। महापौर कामिनी राठौर ने भी लाभांश बढ़ाने के निर्णय को कोटेदारों और आम जनता के हित में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी व्यवस्था से राशन वितरण प्रणाली में लोगों का विश्वास और मजबूत होगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम, उप जिलाधिकारी सुदर्शन सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी स्वीटी सिंह, मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नशे के कारोबारी 15 करोड़ की नाजायज चरस के साथ गिरफ्तार

## नेपाल से लाते थे चरस, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के शहरों में ऊंचे दामों में बेचते

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** थाना फजलगंज पुलिस और सर्विलांस की टीम ने साढ़े पंद्रह किलो चरस के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत पंद्रह करोड़ रुपए है। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह चरस नेपाल के रास्ते लाई जा रही थी और इसको मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के शहरों में बेचने का प्लान था। पुलिस ने इस चरस के साथ आसमित गौतम पुत्र राकेश कुमार गौतम निवासी डूडा कालोनी स्वर्ण जयन्ती विहार यशोदा नगर थाना नौबस्ता कानपुर नगर उम्र 26 वर्ष व आयुष तिवारी पुत्र सन्तोष कुमार तिवारी निवासी 392 काजीखेड़ा लालबंगला थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चरस तस्करों के अंतरराज्यीय सिंडिकेट के बारे में और गहनता से जानकारी की जा रही है। यह नाजायज चरस एक बैग में अल्टो कार से लाई जा रही थी। अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि अभियुक्त इवेंट मैनेजमेंट का कार्य करते हैं। अभियुक्त आसमित गौतम जिम संचालक है तथा पिछले लगभग 4-5 वर्षों से जिम चला रहा है, तथा अधिक पैसा कमाने की लालच में नेपाल से सस्ते दाम पर नाजायज चरस खरीदकर लाते है तथा आस पास के जिलों एवं मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के कुछ जिलों में अधिक दामों पर चरस की सप्लाई करते है। पूछताछ के दौरान यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि गिरफ्तार अभियुक्त आसमित गौतम का भाई नवीत गौतम फरवरी 2026 में राजस्थान के सिरोही जनपद में 20 किलोग्राम नाजायज चरस के साथ गिरफ्तार हुआ था तथा वर्तमान में सिरोही जिला कारागार में निरुद्ध है। नवीत गौतम के जेल जाने के बाद से आसमित गौतम द्वारा नाजायज चरस के कारोबार किया जा रहा था तथा अभियुक्त नशे के अवैध कारोबार से अर्जित धनराशि का उपयोग अपने महंगे शौक पूरे करने में कर रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता दिवस पर एटा एसओजी प्रभारी श्रवण कुमार निगम सम्मानित




**कानपुर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पुलिस सेवा में उत्कृष्ट और सराहनीय योगदान देने वाले जांबाज पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में आगरा क्षेत्र के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) एस.के. भगत नेकनपुर के वर्रा निवासी, एटा के एसओजी प्रभारी श्रवण कुमार निगम को उनके शानदार सेवा रिकॉर्ड के लिए पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह 'सिल्वर मेडल' और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसओजी प्रभारी श्रवण कुमार निगम को यह प्रतिष्ठित सम्मान कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने, अपराधियों के खिलाफ सफल अभियानों को अंजाम देने और पुलिस सेवा में निरंतर कर्तव्यनिष्ठा दिखाने के लिए दिया गया है। आगरा में आयोजित एक गरिमामय समारोह के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक एस. के. भगत ने उन्हें पदक पहनाकर और प्रशस्ति पत्र सौंपकर उनके हौसले की सराहना की। इस बड़ी उपलब्धि पर एटा पुलिस विभाग में हर्ष का माहौल है। वरिष्ठ अधिकारियों और सहयोगियों ने एसओजी प्रभारी श्रवण कुमार निगम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरी टीम के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है और इससे अन्य पुलिसकर्मियों को भी पूरी निष्ठा के साथ काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

### बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**बरेली/**स्वतंत्रता दिवस पर कार्यालय में किया गया ध्वजारोहण सभी ने बड़े सम्मान और गौरव के साथ ध्वज को सलामी दी इस क्रम में विकासखंड भदपुरा कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार थाना क्यों लड़िया पर प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी डॉक्टर मुनीश। खंड शिक्षा कार्यालय पर विजय कुमार खंड शिक्षा अधिकारी ने बाल विकास परियोजना पर सुपरवाइजर कंचन गंगवार पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान पुष्पा देवी पशु चिकित्सालय में वहां के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजीव ने साधन सहकारी समिति पर अध्यक्ष सर्वेश कुमार गंगवार मदरसा गौसिया इशाहकाकिया फैजुल इस्लाम में अफजाल अहमद समेत अनेकों स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया।

### डीएसपी संजीव कुमार को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया



**चंडीगढ़।** डीएसपी संजीव कुमार, पीपीएस, डीएसपी सीआईडी अमृतसर को पुलिस विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (मेरिटोरियस सर्विस) से सम्मानित किया गया है। डीएसपी संजीव कुमार ने अपने सेवाकाल के दौरान समर्पण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ पुलिस सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा और खुफिया कार्यों के साथ सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उनकी कार्यशैली में व्यावसायिक दक्षता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को विशेष रूप से सराहा गया है।

# सावन के तीसरे सोमवार को हर हर महादेव की स्वर लहरियों से गूंज उठे शिवालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)-** सावन के तीसरे सोमवार को 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' की स्वर लहरियों से शिवालय गूंज उठे। भगवान भूतभावन को समर्पित श्रावण मास के इस सोमवार को भी नगर व क्षेत्र के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बड़े भोर से ही उमड़ा आस्था का यह सैलाब 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से वातावरण को शिवमय बना रहा था। महिलाओं ने आशुतोष भगवान भोले शंकर को प्रसन्न करने के लिए, उनका जलाभिषेक किया, पंचामृत स्नान कराया और विधि विधान से उनका पूजन कर भोग प्रसाद समर्पित किया। चंदकुआं पर भूतेश्वर महादेव मंदिर पर भूत भावन का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। महाकालेश्वर मंदिर (नायक का मठ) में भी महिलाओं की भारी भीड़ रही, उक्त मंदिर में समूचे शिव परिवार के साथ भगवान नारायण, भगवान विश्वकर्मा, आंजनेय हनुमान, एकदंत गणेश, नंदीश्वर और मां दुर्गा की प्रतिमाएं भी प्रतिष्ठित हैं जो अपने आप में विस्मयकारी है। अति प्राचीन इस मंदिर को इतिहासकार मराठाकालीन बताते हैं। सायं वेला में यहां सैकड़ों महिलाओं ने भजन कीर्तन कर भोलेनाथ को प्रसन्न किया। नईबस्ती के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भी बड़े भोर से ही महिलाओं की भारी भीड़ जलाभिषेक के लिए जुटने लगी थी और यह सिलसिला दिन चढ़े तक जारी रहा। भगवान मारकंडेश्वर, बनखंडेश्वर, गुप्तेश्वर आदि मंदिरों में भारी भीड़ रही। सुरक्षा के दृष्टिगत सभी शिवालयों में पुलिस की भी व्यवस्था देखने को मिली।

### ग्रामीणों ने भदेवरा प्रधान की एडीएम से की शिकायत

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निकाली गई तिरंगा बाइक रैली के दौरान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण को लेकर विवाद सामने आया है। सोमवार को गांव के कुछ ग्रामीणों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम को शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान पर बाबा साहब का जानबूझकर अपमान करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, 15 अगस्त को पंचानन चौराहा कोंच से युवाओं द्वारा तिरंगा बाइक रैली निकाली गई थी। दोपहर में रैली ग्राम भदेवरा स्थित पंचायत भवन पहुंची जहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाना था। आरोप है कि प्रतिमा स्थल पर ताला लगा हुआ था जिसको लेकर रैली में शामिल लोगों ने मोबाइल फोन के माध्यम से ग्राम प्रधान से संपर्क किया। ग्राम प्रधान ने ताले की चाबी गांव में ही किसी के पास में होने की बात कहते हुए चाबी तलाश करने की बात कही। ताला न खुलने पर रैली में शामिल लोगों को मजबूरन गेट पर ही माल्यार्पण करना पड़ा। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रतिमा स्थल पर ताला लगाए जाने से उनकी भावनाएं आहत हुई है।

# समाधान दिवस में एडीएम ने सुनी जन शिकायतें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** सोमवार को आयोजित किए गए तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में अलग-अलग विभागों से संबंधित 13 शिकायतें फरियादियों द्वारा दर्ज कराई गईं। मौके पर सिर्फ 4 शिकायतें ही निस्तारित की जा सकीं। शेष लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील स्थित सभा कक्ष में आयोजित किए गए संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे अपर जिलाधिकारी राजीव राज ने फरियादियों की बारी-बारी से शिकायतें सुनी। एबेनेजर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ ए एक्स जोसफ ने शिकायती पत्र देकर बताया कि पंचानन से लौना (स्कूल मार्ग) के बीच बीते काफी समय से सड़क जर्जर हालत में है जिससे बारिश इन दिनों में बच्चों को आवागमन में काफी कठिनाई उठानी पड़ रही है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। जोसफ ने जनहित में सड़क को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। वहीं दर्ज कराई गई शिकायतों को लेकर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित समय के भीतर गुणवत्ता के साथ शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, एक बार दर्ज कराई गई शिकायत दोबारा से सामने नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण कार्य में लापरवाही जरा भी न बरती जाए अन्यथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान एसडीएम अभिनव कुमार, प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल, बीडीओ यज्ञदेव सिंह, एसडीओ बिजली धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# गुजैनी में अवैध हुक्का बार चलता मिला, दो लोगों को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** गुजैनी पुलिस ने एक रिहायशी मकान में संचालित अवैध हुक्का बार पर दबिश देकर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये काफी समय से यह अवैध हुक्का बार संचालित कर रहे थे और युवाओं को नशे का आदी बना रहे थे। गुजैनी थाना पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर एक रिहाईशी मकान में फ्लेक्स हाउस 2.0 के नाम से कैफे संचालित है जिसमें अवैध रूप से नयी उम्र के लड़के लड़कियों को हुक्का परोसा जा रहा है यदि जल्दी की जाये तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर थाना गुजैनी पुलिस बल द्वारा दबिश दी गई, मौके पर रेस्टोरेंट के पोर्च में लगी टेबलों पर कुछ व्यक्ति हुक्का पीते मिले जिसके सम्बन्ध में रेस्टोरेंट में काउण्टर पर मौजूद व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए हुक्का पिलाने का लाइसेंस तलब किया गया तो काउण्टर पर मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम विष्णु गुप्ता उर्फ लकी पुत्र घनश्याम गुप्ता निवासी एमआईजी फेस- 03, 131 दबौली वेस्ट थाना गोविंद नगर कानपुर नगर उम्र 27 वर्ष बताया और कहा कि मैं ही हुक्काबार का मालिक एवं मैनेजर हूँ, इस फ्लेक्स हाउस 2.0 कैफे को मैने किराये पर लिया है जिसे मैं एवं मेरे पार्टनर अर्पित पुत्र छुन्ना शर्मा निवासी जी-173 गुजैनी थाना गोविंद नगर कानपुर नगर उम्र 21 वर्ष मिलकर चलाते हैं। हम लोग ग्राहकों को हुक्का सर्व कराते है और ग्राहकों से अच्छा खासा पैसा लेते है यही हम लोगो की कमाई का स्रोत है। तत्पश्चात हुक्काबार मैनेजर व मौके पर मौजूद पार्टनर उपरोक्त से रेस्टोरेंट में हुक्का पिलाने के सम्बन्ध में लाइसेंस तलब किया गया तो दिखा नहीं सके तथा गलती की माफी मांगने लगे। मौके पर मौजूद ग्राहकों से पूछा गया तो बताया कि हम लोग यहां पर आज कुछ खाने पीने आये थे कि तभी रेस्टोरेंट के मैनेजर ने हम लोगो को कम पैसे में हुक्का पीने का ऑफर दिया था इसलिए हम लोग हुक्का फ्लेवर का आनन्द लेने लगे थे। रेस्टोरेंट में मौजूद ग्राहकों को हुक्का पीने की हिदायत देते हुए मौके से जाने दिया गया। मैनेजर विष्णु गुप्ता उर्फ लकी व पार्टनर अर्पित उपरोक्त द्वारा यह कार्य जानबूझ कर किया जा रहा था। इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### बेटे पर मारपीट करने का मां ने लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के भदेवरा गांव निवासी एक महिला ने अपने बेटे पर जमीन बेचने के लिए दबाव बनाने सहित शराब के नशे में गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता महिला रामकुमारी पत्नी स्व. रामप्रसाद के अनुसार, पति की मृत्यु के बाद उनके और पुत्र अमित कुमार के नाम पांच-पांच एकड़ भूमि विरासतन स्थानांतरित हुई थी। आरोप है कि पुत्र अमित अपने हिस्से की भूमि का कुछ भाग बेच चुका है और अब उसकी भूमि भी बेचने के लिए उस पर दबाव बना रहा है। शिकायत में कहा कि सोमवार की सुबह करीब 8 बजे पुत्र ने एक बार फिर जमीन उसके नाम करने का दबाव बनाया, मना करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की भी धमकी दी। चीख पुकार सुनकर पुत्री रंजना ने मौके पर आकर उसे बचाया। इस दौरान पुत्र ने पुत्री रंजना के साथ भी अभद्रता करते हुए उसे धमकाया। घटना की सूचना उसने तत्काल ही 112 नंबर पर दी। शिकायतकर्ता महिला ने एसडीएम से पुत्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# चक्की का ताला चटकाकर चोर ले गए मोटर और गेहूं से भरी बोरियां





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** आटा चक्की में लगा ताला तोड़कर चोर चक्की की मोटर, कांटा-बांट, एक दर्जन गेहूं से भरी बोरियां चोरी कर ले गए। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तीतरा निवासी प्रदीप वर्मा पुत्र ठाकुरदास तीतरा और झीलरा गांव के बीच में आटा चक्की लगाए हुए है। रविवार की देर शाम प्रदीप चक्की पर ताला लटकाकर वापस घर आ गया था। सोमवार की सुबह वह चक्की पर पहुंचा तो देखा कि ताला टूटा हुआ पड़ा था और बाहर से खाली कुंडी लगी हुई थी। अंदर जाकर जब देखा तो चक्की की मोटर सहित कांटा बांट और एक दर्जन की संख्या में गेहूं से भरी बोरियां नदारद थीं। चक्की के बाहर वाहन गुजरने के निशान भी देखे गए हैं। पीड़ित प्रदीप ने बताया कि करीब दो साल पहले उसने लोन निकालकर चक्की खरीदी थी और इसी से वह अपनी जीविका चलाता है, लोन की किश्त के रूप में वह प्रतिमाह 13 हजार रुपए अदा करता है। पीड़ित ने चोरी की घटना में पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। कोतवाल निरंकार प्रताप सिंह का कहना है कि सुनसान स्थान पर चक्की का संचालन किया जा रहा है, चक्की के बाहर वाहन गुजरने के निशान देखे जा रहे हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# स्कूल में केवल एक शिक्षक व तीन विद्यार्थी मिले, खंड शिक्षा अधिकारी का वेतन रोका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को सदर तहसील क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय लोधवा खेड़ा का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में तैनात पांच अध्यापकों में से चार विद्यालय में उपस्थित नहीं मिले और केवल शिक्षामित्र महेश प्रसाद मौजूद थे। वहीं, नामांकित 106 विद्यार्थियों के सापेक्ष मात्र तीन विद्यार्थी उपस्थित मिले। विद्यालय में शिक्षक एवं विद्यार्थियों की अत्यंत कम उपस्थिति पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी का वेतन रोकने तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजना गुप्ता और शिक्षिका क्षमा श्रीवास्तव आकस्मिक अवकाश पर थीं। साफिया खातून अंसारी बीआरसी में आयोजित प्रशिक्षण में गई थीं, जबकि सबीहा हसन जैदी चिकित्सकीय अवकाश पर थीं। विद्यालय में केवल शिक्षामित्र महेश प्रसाद उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी का दायित्व था कि शिक्षकों के अवकाश एवं प्रशिक्षण के बावजूद विद्यालय में पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एक ही दिन अधिकांश शिक्षकों के विद्यालय में उपस्थित न रहने से शिक्षण कार्य प्रभावित होना गंभीर विषय है। उन्होंने भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न होने देने के निर्देश दिए। डीएम ने 106 के सापेक्ष केवल तीन विद्यार्थियों की उपस्थिति पर भी जवाबदेही तय करने और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की।

बताया गया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार विद्यार्थियों के लिए रोटी और सब्जी तैयार की जा रही थी।

# महेश नाथ मंदिर पर छुट्टी अपार भीड़ क्षेत्राधिकार पहुंचे





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** सावन मास के तीसरे सोमवार को विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत परसरामपुर के गांव महेशपुर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है इस मंदिर से लोगों की भावनाएं जुड़ी है ऐसा मानना है के यहां पर भोलेनाथ से जो भी मांगा जाता है। वह कभी निराश नहीं जाता किसी आस्था के तहत आज तीसरे सोमवार को यहां पर कावड़ लेकर लौटे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी जिसकी सुरक्षा के लिए प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह के अतिरिक्त अन्य पुलिस बल भी लगाया गया परंतु इसका निरीक्षण करने क्षेत्र अधिकारी नवाबगंज निलेश मिश्रा भी शिव मंदिर पहुंचे उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं को दिखा।

लेकिन उनके पहुंचने तक वहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ काफी कम हो चुकी थी फिर भी उन्होंने पुलिस की कार्यवाही पर हर्ष व्यक्त किया और कहा एक सोमवार और शेष बचा है उसे पर भी इसी तरह चौकसी रखती है इसी क्रम में ददेल नगर के प्राचीन शिव मंदिर पर ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी वहां पर भी नवाबगंज की पुलिस मौजूद रही।

### श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में उत्साह से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**श्रीभूमि:** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र में सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों तथा विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रगान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, कविता, नाटक और प्रभात फेरी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दुल्लभछड़ा वन विभाग के बीट कार्यालय में बीट अधिकारी आसपाक उद्दीन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर फकर उद्दीन, कृष्णपद मालाकार और अर्जुन शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं, दुल्लभछड़ा डाकघर में कर्मचारियों ने ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। निजी शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर समारोह को आकर्षक बना दिया। कई मामलों में निजी संस्थानों द्वारा सरकारी संस्थानों की तुलना में अधिक व्यापक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुल्लभछड़ा में स्थापना काल से ही टेलीकॉम विभाग का कार्यालय रहा है, जिसका बाद में नाम बदलकर भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) कर दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में देश भक्ति गीतों की गूंज



**चुनार, मीरजापुर।** नगर के भरपूर मोहल्ले में स्थित राजरतन लाल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक काम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायक कलाकारों ने एक से एक देशभक्ति गीत गाकर लोगों को सुनने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान मेजर कृपा शंकर सिंह, डॉक्टर सत्यवान श्रीवास्तव, डॉ प्रकाश श्रीवास्तव, अखिलेश पांडेय, आदित्य गुप्ता पदयात्री, सुधीर सिंह, सुजीत यादव, सूर्यबली यादव, सभाजीत सिंह, शीतला प्रसाद यादव, एडवोकेट, महेश सेठ, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा चुनार की ब्रह्माकुमारी बहनें उपस्थित रही।कार्यक्रम संयोजक अफसर अली ने कार्यक्रम में सभी का आभार प्रकट किया।

### स्वस्तिक पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 80 वां स्वतंत्रता दिवस




**चुनार, मीरजापुर।** नगर के गंगेश्वरनाथ स्थित स्वस्तिक पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर सत्यवान श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 कृष्ण बिहारी द्विवेदी ,अखिलेश पांडे, संजय चटर्जी, डॉ0 विनोद कुमार शर्मा, संतोष यादव रहे। विद्यालय के संचालक बृजेश यादव द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा देश की स्वतंत्रता में अपने प्राणों को न्योछावर कर देने वाले देशभक्तों के बलिदान पर प्रकाश डाला गया। नन्हे नन्हे बच्चों के द्वारा मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के संचालक बृजेश यादव ने अपने संबोधन में बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य कम शुल्क में अधिक से अधिक बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को पहुंचाना है। जिसके लिए वह हमेशा अपने विद्यालय में एक्टिविटी आधारित कक्षाओं का संचालन एवं बच्चों को बेहतर भविष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं।

### रामलीला समिति की बैठक में लक्ष्मीकांत पांडेय चुने गए अध्यक्ष



**चुनार, मीरजापुर।** श्रीराघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति की बैठक रविवार की रात रामलीला भवन में रामजी साहू की अध्यक्षता एवं संरक्षक बचाऊ लाल सेठ की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में पिछले वर्ष संपन्न हुए रामलीला मंचन पर चर्चा करने के साथ ही इस वर्ष होने वाले रामलीला मंचन के लिए अध्यक्ष के चुनाव पर चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने सर्व सम्मति से लक्ष्मीकांत पांडेय को पुनः अपना अध्यक्ष चुना। बैठक में अमित गुप्ता, संजय साहू, पवन जायसवाल, फूलचंद, प्रदीप रस्तोगी, गोविंद जायसवाल, रामआसरे दास, अविनाशअग्रवाल, चन्द्रहास गुप्ता, अजय शेखर पांडे, अनिल गुप्ता, महेन्द्र साहू, किशन मोदनवाल, राजू गुप्ता, जगदीश गुप्ता, अभिलाष राय, पारसनाथ गुप्ता, विनोद शर्मा, कौशलेंद्र गुप्ता, रमेश चंद्र साहू, सुनील गुप्ता, विजय गुप्ता, महेन्द्र वर्मा, दीनू कुशवाहा आदि प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 112 शिकायतें पहुंचीं, 17 का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** शासन के मंशानुरूप जनशिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील औराई में जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, सीएमओ डॉ संतोष कुमार चक, उप जिलाधिकारी औराई शिवेन्द्र कुमार वर्मा, तहसील भदोही में उप जिलाधिकारी, तहसील ज्ञानपुर में उप जिलाधिकारी अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फ़रियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुन कर निस्तारण किया गया। सभी तहसीलों में जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में लगायें गये विभिन्न कैम्पो- बाल विकास पुष्टाहार विभाग, आयुष्मान गोल्डेन कार्ड, परिवार नियोजन, समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के उन्ययन हेतु विविध योजना मिशन शक्ति, राजस्व विभाग हेल्प डेस्क, जागरूकता हेतु लगाये गये। तहसील औराई में डीएम व एसपी ने निरीक्षण करते हुयें उनके द्वारा लाभार्थियों को दी जाने वाली योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने तहसील औराई के सभी राजस्व निरीक्षकों (आरआई) एवं लेखपालों को स्पष्ट निर्देश दिया कि उनके स्तर पर लंबित सभी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 15 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक मामले का नियमानुसार स्थलीय सत्यापन एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी के समक्ष विभिन्न विभागो से सम्बन्धित तहसील औराई में फरियादियो के द्वारा कुल 61 समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा 06 प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 55 प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कई मामलों में शिकायतकर्ताओं की संतोषजनक आख्या प्राप्त नहीं हो रही है, जिसके कारण प्रकरणों को पुनः विस्तारित जांच हेतु संबंधित अधिकारियों को वापस भेजा जा रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि न्यायालय में विचाराधीन मामलों को छोड़कर शेष शिकायतों का निस्तारण आपसी सहमति, निष्पक्ष जांच एवं तथ्यों के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि जांच आख्या विस्तृत, तथ्यपरक एवं स्पष्ट होनी चाहिए ताकि शिकायतकर्ता को न्याय मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को एआई टूल्स के माध्यम से बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण ड्राफ्टिंग तैयार करने के निर्देश दिए।

### एच एस कोचिंग सेंटर द्वारा मोहम्मद रिजवान को दिया गया स्कॉलरशिप



**चुनार, मीरजापुर।** पीडीएनडी इंटर कॉलेज में गणित के अध्यापक रहे हरिशंकर सिंह की स्मृति में हाई स्कूल परीक्षा में विद्यालय में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र को एच एस कोचिंग सेंटर द्वारा स्कॉलरशिप दिया जाता है। इस वर्ष 15 अगस्त को विद्यालय में हाई स्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले मोहम्मद रिजवान को यह सम्मान अवकाश प्राप्त इंजीनियर जे बी सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान पीडीएनडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामवृक्ष,एच एस कोचिंग सेंटर के प्रबंधक संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## चुनार के नयनागढ़ पैलेश में स्वतंत्रता दिवस की रही धूम ध्वजारोहण कर किया गया राष्ट्रगान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़ संवाद,** 80वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चुनार स्थित नव निर्मित ऐतिहासिक नयना गढ़ पैलेश में स्वतंत्रता दिवस धूम धाम से मनाया गया। पैलेश के मैनेजिंग डायरेक्टर सुरेश मिश्रा ने ध्वजारोहण कर पारंपरिक राष्ट्रगान किया। इस दौरान भारत माता वन्दे मातरम् के जयकारे से गूंज उठा परिसर। उपस्थित लोगों में मिष्ठान वितरण किया गया।इस अवसर पर नयनागढ़ पैलेश के प्रबंधक अतुल कुमार त्रिपाठी, किरन मिश्रा, राकेश मिश्रा, डॉ.ऋषभ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ऐतिहासिक नयनागढ़ पैलेश में स्वतंत्रता दिवस पर पर्यटकों ने भी पैलेश का लुत्फ उठाया। वाराणसी और आस पास के जनपदों से आए बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर नयनागढ़ पैलेश का दीदार किया ।वहीं स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर उपस्थित लोगों के बीच मिष्ठान वितरित किया गया।

# हरित पर्यावरण के सुरक्षा हेतु किया गया पौधारोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** श्रीमती भागीरथी ट्रस्ट आदर्श संस्कृत महाविद्यालय चुनार एवं ग्रीन इको सोसाइटी वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को विद्यालय में हरित पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एक पेड़ मां के नाम संदेश के साथ छात्रों अभिभावकों एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मंगलाचरण के साथ आरंभ हुआ। ग्रीन इको सोसाइटी की अध्यक्षा श्रीमती गीता सिंह एवं सचिव डॉक्टर रमेश कुमार भाटिया एवं सिद्धार्थ श्रीवास्तव ( सदस्य ) का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य डॉ रमापति त्रिपाठी ने माल्यार्पण कर किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चुनार नगर पालिका अध्यक्ष मसूद अहमद का स्वागत संस्था के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इसी क्रम में बच्चों के द्वारा स्वागत गीत गाया गया। तत्पश्चात डॉक्टर भाटिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का संदेश यही है कि हर बच्चा एक पेड़ अपनी मां को याद करके लगाए। इस अवसर पर ग्रीन इको संस्था के सदस्य, मुख्य अतिथि मंसूर अहमद,सभासद मदनलाल, विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका एवं छात्रों ने भी पौधे लगाए। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र अंकित पाठक, चंदन, अर्पित मिश्रा, रूपक पांडे, अतुल इत्यादि बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय के पूर्व प्राध्यापक वीरेंद्र चतुर्वेदी, रमापति दीक्षित, श्रीमती विभा, सुनील कुमार दीक्षित आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक श्याम किशोर पांडे ने किया।

# धूमधाम से बनाया गया 80 वा स्वतंत्रता दिवस




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** नगर में 80 वा स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्या छाया रानी ने ध्वजारोहण किया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इस दौरान सुधीर सिंह, अनीता सिंह, संतोष, प्रभु नाथ पांडे, सभासद रामलाल सहित विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका एवं अभिभावक उपस्थित रहे। वही 'द' ग्लेनहिल स्कूल मे स्कूल के अध्यक्ष आफताब अहमद ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्य दिलिप मिश्रा ने अपने संवोधन मे स्वतंत्रता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थीयो को देश की एकता, अखंडता और प्रगति मे अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो मे देश भक्ति नृत्य, गीतों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10 की छात्रा अनाम्या व कक्षा 9 का छात्र उत्कर्ष ने किया। रजकिश नाथ उत्तर महाविद्यालय चुनर में प्राचार्य डॉक्टर माधवी शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इस दौरान डॉ दीप नारायण डॉ दीपक सिंह, डॉ शिखा तिवारी सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष आदित्य गुप्ता पदयात्री ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता देवी प्रसाद त्रिपाठी, नियाज़ अहमद, प्रतीक त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। चुनार कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह ने ध्वजारोहण किय। श्रीमती भागीरथ श्री ट्रस्ट आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में प्राचार्य रमापति त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इस दौरान श्रीमती विभा, श्याम किशोर पांडे, सुनील दीक्षित सहित छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

### चुनार के ऐतिहासिक किले पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने किया ध्वजारोहण



**चुनार, मीरजापुर।** 80 वे स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर ऐतिहासिक चुनार किला पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाए बधाई दी। ध्वजारोहण के पश्चात उन्होंने दुर्ग परिसर स्थित सोनवा कूप के पास पौधरोपण किया। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय चुनार,जी जी ऐ सी एवं सन्त थामस स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अतिथियों को राजस्थानी टोपी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, चेयरमैन सहकारिता जगदीश सिंह पटेल उप जिलाधिकारी अनेग सिंह, तहसीलदार इवेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव, कोतवाल विजय शंकर सिंह के अलावा अन्य अधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राशन कोटेदारों को बड़ी सौगात, लाभांश 90 से बढ़कर 125 रुपये प्रति कुंतल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश–** प्रदेश के राशन कोटेदारों को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी सौगात देते हुए उनके लाभांश को रूपया 90 प्रति कुंतल से बढ़ाकर रूपाया 125 प्रति कुंतल कर दिया है। इस निर्णय से प्रदेश के लगभग 78 हजार राशन कोटेदारों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री द्वारा लाभांश वृद्धि की घोषणा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं उनके संबोधन का सजीव प्रसारण जनपद सोनभद्र की चारों विधानसभा क्षेत्रों के रॉबर्ट्सगंज, ओबरा, दुद्धी एवं घोरावल में किया गया। संबंधित सभागारों में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं राशन कोटेदारों ने मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सुना।

कलेक्ट्रेट सभागार, रॉबर्ट्सगंज में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में राशन कोटेदार उपस्थित रहे। इसी प्रकार अन्य विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में भी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं राशन कोटेदारों ने सहभागिता की। लाभांश में की गई इस वृद्धि का लाभ जनपद सोनभद्र के 786 राशन कोटेदारों को भी मिलेगा। अब प्रति कुंतल राशन वितरण पर मिलने वाला लाभांश 90 के स्थान पर 125 होगा, जिससे कोटेदारों की आय में वृद्धि होने के साथ सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

### भदोही के युवा बेरोजगार एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का उठाएं लाभ

**भदोही।** जिला सेवायोजन अधिकारी श्री अजीत कुमार ने बताया कि निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा मा0 श्रम एवं सेवायोजन मंत्री श्री अनिल राजभर के निर्देशानुसार जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला एवं श्रमिक पंजीकरण/हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला 19 अगस्त 2026 को प्रातः 10:00 बजे से चित्रांश पैलेस, निकट चीनी मिल गेट, औराई, भदोही में आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में देश एवं प्रदेश स्तर की लगभग 50 कंपनियों के प्रतिभाग करने की संभावना है। विभिन्न कंपनियों द्वारा युवाओं को उनकी शैक्षिक योग्यता एवं पात्रता के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

**रोजगार संगम पोर्टल पर करें पंजीकरण–** जिला सेवायोजन अधिकारी ने जनपद के अधिक से अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों से अपील की है कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए रोजगार संगम

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज चारों तहसीलों में हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद/उत्तर प्रदेश–** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अगस्त महीने के तृतीय शनिवार को स्वंत्रता दिवस होने के वजह से आयोजित न होकर सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर तहसील रावर्टसगंज में उप जिलाधिकारी आशीष कुमार त्रिपाठी आदि ने 24 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस रावर्टसगंज में कुल 04 मामले निस्तारित हुए, बाकी 20 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार रावर्टसगंज, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। इसी क्रम में सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस मौके तहसीलदार ओबरा आदि ने 22 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 03 मामले निस्तारित हुए, बाकी 19 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इसी क्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन उप जिलाधिकारी घोरावल विशाल कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान उप जिलाधिकारी घोरावल ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल व तहसीलदार घोरावल आदि ने 15 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 02 मामले निस्तारित हुए, बाकी 13 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इसी क्रम में सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी का आयोजन उप जिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील दिवस में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी दुद्धी, तहसीलदार दुद्धी, सी0ओ0 दुद्धी व पिपरी आदि ने 47 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 07 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 40 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। चारों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल शिकायतें-108 प्राप्त हुयी, जिसमें से 16 शिकायतों का निस्तारण टीम भेजकर और मौके पर किया गया।

# रंग फीके न पड़ जाएं त्योहार के, इसलिए नेह का रंग भी घोल लो

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** नाग पंचमी का त्योहार सोमवार को कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत ढंग से मनाया गया। घरों में नाग देवता की पूजा-अर्चना कर लोगों ने विधि-विधान से पूजन किया और सुख-समृद्धि की कामना की। हालांकि बदलते समय के साथ त्योहार की रौनक और उमंग में पहले जैसी चमक नजर नहीं आई।दोपहर बाद रंग-बिरंगे कपड़ों में सजी बालिकाएं गुड्डे-गुड़िया लेकर निर्धारित स्थानों पर पहुंचीं। यहां छोटे बच्चों ने छड़ियों से गुड़ियों को पीटने की परंपरा निभाई। कस्बे और कुछ ग्रामीण इलाकों में आयोजन तो हुए, लेकिन पहले जैसी भीड़ और उल्लास दिखाई नहीं दिया समाजसेविका कंचन श्रीवास्तव पुराने दिनों को याद करते हुए बताती हैं कि नाग पंचमी का इंतजार कई दिन पहले से शुरू हो जाता था। बच्चे गुड़ियों के लिए कपड़े तैयार करते थे और घर के बड़े त्योहार के लिए नए कपड़े खरीदकर देते थे। त्योहार के दिन बच्चों में अलग ही उत्साह और उमंग देखने को मिलती थी।ओम शांतिनगर की अनंत माधुरी कहती हैं कि आधुनिकता के दौर में गुड़ियों का त्योहार धीरे-धीरे गुम होता जा रहा है। सावन में पड़ने वाले इस पर्व का ग्रामीण जीवन से गहरा जुड़ाव रहा है। गांवों में पेड़ों की मजबूत शाखाओं पर झूले पड़ते थे। नाग पंचमी के दिन बच्चे, युवतियां और नवविवाहिताएं झूलों पर खूब आनंद उठाती थीं।उन दिनों लोकगीत भी त्योहार की पहचान हुआ करते थे। सावन के गीतों में लोक संस्कृति की खुशबू होती थी और गीतों की धुन लोगों को देर तक बांधे रखती थी। अब न वैसे गीत गाने वाले बचे हैं और न उन्हें सुनने वालों की संख्या पहले जैसी रही है।गृहणी सुमन शुक्ला बताती हैं कि नाग पंचमी पर घरों में विशेष व्यंजन बनाए जाते थे। नाग देवता की पूरे विश्वास के साथ पूजा होती थी और शाम को घर से दूर गुड़िया पीटने की परंपरा निभाई जाती थी। समय बदला तो त्योहार का रंग भी बदल गया और कई जगह परंपराएं महज रस्म बनकर रह गई।बुजुर्गों का कहना है कि त्योहारों की असली रौनक तभी लौटेगी, जब नई पीढ़ी को इनसे जोड़ा जाएगा। त्योहार महज कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि रिश्तों, यादों और लोक संस्कृति को जोड़ने का माध्यम हैं। जरूरत है कि आधुनिकता के साथ अपनी परंपराओं को भी संजोया जाए।

# पुलिया टूटने से आवागमन बाधित, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बीजपुर/ सोनभद्र–** रविवार रात हुई तेज बारिश के बाद डोड़हर ग्राम पंचायत क्षेत्र में पानी का बहाव तेज हो गया, जिससे ग्रामीणों के आवागमन का प्रमुख रास्ता प्रभावित हो गया। तेज पानी के बहाव के कारण पुलिया का एक हिस्सा टूट जाने से आवागमन बाधित हो गया है। पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग जान जोखिम में डालकर क्षतिग्रस्त पुलिया को पार करने का प्रयास कर रहे हैं। बच्चों को भी इस रास्ते से गुजरना पड़ रहा है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान पुलिया के नीचे से पानी का बहाव काफी तेज हो जाता है। ऐसे में क्षतिग्रस्त पुलिया से आवागमन करना बेहद खतरनाक है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं ग्राम पंचायत प्रशासन से तत्काल मौके का निरीक्षण कर पुलिया की मरम्मत कराने तथा सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया की मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है। अब देखना है कि जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीणों की इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेते हैं और कब तक पुलिया की मरम्मत कराकर आवागमन सुचारु कराया जाता है।

**डोड़हर ग्राम पंचायत में रविवार रात हुई तेज बारिश से पुलिया क्षतिग्रस्त, जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे ग्रामीण**

### कोषागार कर्मी की माता के निधन पर कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

**भदोही।** कोषागार, भदोही में कार्यरत कर्मचारी श्री राज बहादुर सिंह की माता जी का निधन दिनांक 15 अगस्त 2026 को हो गया। उनके निधन पर कोषागार मुख्यालय में वरिष्ठ कोषाधिकारी एवं समस्त कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी बृजेश सिंह, अवनीन्द्र शुक्ल, अजय कुमार सिंह, अनिल सोनकर एवं श्री मथुरा राम यादव सहित कोषागार के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# नाग पंचमी पर काल्हीगांव में सजा अखाड़ा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली) सरेनी।** नाग पंचमी के पावन अवसर पर काल्हीगांव में पारंपरिक अखाड़ा कूद प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास,उमंग और उत्साह के साथ किया गया।प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत क्षेत्र के दर्जनों युवाओं समेत अन्य प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने शारीरिक कौशल व दमखम का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अजीत पुत्र स्व. श्रीलाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। फैजान ने द्वितीय तथा शीतला शंकर उर्फ लल्लू पुत्र रमाशंकर शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों के प्रदर्शन पर मौजूद लोगों ने तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान संभावित प्रधान पद प्रत्याशी योगेंद्र सोनी ने प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया।उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के पारंपरिक आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और आपसी भाईचारा भी मजबूत होता है।नाग पंचमी के अवसर पर आयोजित अखाड़ा कूद प्रतियोगिता ने गांव की पारंपरिक खेल संस्कृति और युवाओं के जोश को एक साथ जीवंत कर दिया। आयोजन के दौरान पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।इस मौके पर गोवर्धन अग्निहोत्री, अशोक मिश्रा, पियूष मिश्रा, सत्यम त्रिवेदी, तूफान सिंह, ऊदल, पिंटू सोनी, गुलशन त्रिवेदी, शुभ मिश्रा, दीप मिश्रा, केशव अग्निहोत्री आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### चकमार्ग की बदहाली से ग्रामीण परेशान, बारिश में आवागमन हुआ मुश्किल

**लालगंज मिर्जापुर।** क्षेत्र में चकमार्ग की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि चकमार्ग के लिए जमीन चिन्हित होने और मिट्टी डाले जाने के बावजूद रास्ते का कार्य पूरा नहीं कराया गया, जिससे बरसात के दिनों में आवागमन और भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर चकमार्ग का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। उनका कहना है कि बरसात के कारण रास्ते पर कीचड़ और पानी भरने से लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले में जल्द कार्रवाई कर चकमार्ग को आवागमन योग्य बनवाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में ग्रामीण रामदास व आमोद कुमार सहित अन्य लोगों की समस्या का उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते रास्ते की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बरसात में परेशानी और बढ़ सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषकों की समस्याओं के समाधान हेतु किसान दिवस का आयोजन 19 अगस्त को

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया है कि कृषकों की समस्याओ के समाधान हेतु किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन 19 अगस्त (तृतीय बुधवार) को विकास भवन सभागार में दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा। किसान दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक कृषक प्रतिभाग कर अपनी शिकायतों का प्रस्तुत कर सकते है।

### 19 अगस्त तक आंधी-तूफान व भारी बारिश की चेतावनी, एडीएम ने जारी की एडवाइजरी

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य कुमार प्रजापति ने मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मद्देनज़र जनपद में आगामी दिनों के दौरान मेघगर्जन, वज्रपात, तेज आंधी और भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। उन्होने बताया है कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी चेतावनी के तहत जनपद प्रतापगढ़ में 19 अगस्त तक सक्रिय मानसूनी परिस्थितियों के कारण मेघगर्जन, वज्रपात, तेज हवाएं तथा कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। उन्होने बताया कि 17 अगस्त तक ऑरेंज जोन व 18 एवं 19 अगस्त को यलो जोन में प्रर्दशित किया गया है। उन्होने बताया है कि आसमानी बिजली के झटके से घायल होने पर पीड़ित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र ले जाने की व्यवस्था की जानी चाहिए।एडवाइजरी में कहा गया है कि बिजली गिरने की घटनाओं से बचाव के लिए सचेत एवं दामिनी मोबाइल ऐप को अनिवार्य रूप से डाउनलोड करें, जिससे मौसम संबंधी पूर्व चेतावनी समय रहते प्राप्त हो सके और संभावित क्षति को कम किया जा सके। आमजन से अपील की गई है कि मौसम संबंधी ताजा सूचनाओं पर नजर रखें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

### किसान पंचायत में उठेंगे ज्वलंत मुद्दे, सब रजिस्ट्रार कार्यालय के घेराव का ऐलान

**उन्नाव।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत मंगलवार को स्थानीय निराला प्रेक्षागृह परिसर में आयोजित होगी। पंचायत में किसानों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विचार-विमर्श करेंगे। इसके उपरांत जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा जाएगा। भाकियू जिलाध्यक्ष किरन सिंह पटेल ने बताया कि पंचायत के दौरान सब रजिस्ट्रार कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा और कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। रजिस्ट्री कराने में सरकारी शुल्क के अलावा कथित रूप से बड़ी रकम रिश्वत के रूप में देने का दबाव बनाया जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बाहरी लोगों से अवैध वसूली की जा रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर उच्च अधिकारियों को पहले ही अवगत कराया जा चुका है। पंचायत में इस मामले सहित किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे के बाद अब गंगा एक्सप्रेसवे ने खोली परतें

## गंगा एक्सप्रेसवे धंसा, सोनिक के पास 10 मीटर लंबा हिस्सा बैठा, मरम्मत शुरू, सपा ने सरकार पर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे के बाद अब प्रदेश के महत्वाकांक्षी गंगा एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। उन्नाव में सोनिक के पास गंगा एक्सप्रेसवे की एक लेन करीब 10 मीटर तक धंस गई। घटना के बाद निर्माण कंपनी ने तुरंत मरम्मत का काम शुरू कर दिया है।

**किमी 421 पर बैठी सड़क** जानकारी के मुताबिक, उन्नाव के सोनिक क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 421 पर मेरठ से प्रयागराज जाने वाली लेन का एक बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया। बारिश के बाद सड़क के नीचे से मिट्टी बह जाने के कारण करीब 10 मीटर लंबा हिस्सा बैठ गया। घटना की सूचना मिलते ही निर्माण कंपनी की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत शुरू कर दी। हालांकि सड़क धंसने के सही कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। गंगा एक्सप्रेसवे करीब 594 किलोमीटर लंबा है और इसे मेरठ से प्रयागराज तक बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका उद्घाटन 29 अप्रैल को किया था। उद्घाटन के महज कुछ महीने बाद ही सड़क धंसने की घटना से निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

**सपा ने सरकार को घेरा** इससे पहले कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भी सड़क धंसने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अब गंगा एक्सप्रेसवे पर भी ऐसा ही मामला सामने आने के बाद समाजवादी पार्टी ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। सपा के सोशल मीडिया सेल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'धंसते एक्सप्रेसवे की कतार में एक और एक्सप्रेसवे जुड़ गया है।' पार्टी ने दावा किया कि गंगा एक्सप्रेसवे उन्नाव और अमरोहा में धंस गया है। सपा ने आरोप लगाया कि 'जनता की गाढ़ी कमाई के लाखों करोड़ रुपये खर्च करके बनाए गए एक्सप्रेसवे धंसते जा रहे हैं, जो भाजपा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में भ्रष्टाचार की कहानी कह रहे हैं।' सपा ने सरकार पर प्रदेश को लूटने और जनता के पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों की जान की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर नहीं है।

**जांच के बाद ही साफ होगा कारण**

फिलहाल निर्माण कंपनी द्वारा मरम्मत कार्य किया जा रहा है। एक्सप्रेसवे पर यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए क्षतिग्रस्त हिस्से को जल्द से जल्द दुरुस्त करना बड़ी चुनौती है। अधिकारियों का कहना है कि सड़क धंसने की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। सपा के इन राजनीतिक आरोपों पर सरकार या संबंधित निर्माण कंपनी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### कुलाबा समितियों की निर्वाचक नामावली में 22 अगस्त तक दर्ज करा सकेंगे दावे- आपत्तियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता शारदा सहायक खण्ड-41 अमेठी ने बताया है कि शारदा सहायक खण्ड-41 अमेठी के अंतर्गत नहरों की कुलाबा समितियों के चुनाव की प्रक्रिया को लेकर निर्वाचक नामावली के आलेख का अंतिम प्रकाशन किया गया है। चुनाव अधिकारी एवं मुख्य अभियन्ता (शारदा सहायक), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में संबंधित कुलाबा समितियों की निर्वाचक नामावली निरीक्षण के लिए निर्धारित स्थलों पर उपलब्ध रहेगी। प्रकाशित नामावली में जौनपुर शाखा की किमी 48.000 से 56.000 के मध्य निकलने वाली अल्पिकाओं के कुलाबे तथा रिछोरा रजबहा, अठेहा रजबहा के कुलाबे एवं उनसे निकलने वाली अल्पिकाओं के कुलाबे शामिल हैं। इसकी नामावली कार्यालय जिलेदारी प्रथम जायस में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार जौनपुर शाखा की किमी 41.000 से 48.000 के मध्य निकलने वाली अल्पिकाओं के कुलाबे तथा जायस रजबहा के कुलाबे एवं उससे निकलने वाली अल्पिकाओं के कुलाबे कार्यालय जिलेदारी द्वितीय गौरीगंज में उपलब्ध रहेंगे। सिंधुपुर रजबहा प्रणाली के अंतर्गत सिंधुपुर, शिवरतनगंज, भवानीपुर, राजापुर, हारीमऊ एवं रस्तामऊ रजबहा के कुलाबे तथा समस्त अल्पिकाओं के कुलाबों की निर्वाचक नामावली कार्यालय जिलेदारी तृतीय तातारपुर में निरीक्षण के लिए रखी गई है।

वहीं इन्हौना रजबहा प्रणाली के अंतर्गत इन्हौना, सिंदुरवा, गेरावां, बाहरपुर देवकली एवं कठेठी रजबहा के कुलाबे तथा समस्त अल्पिकाओं के कुलाबों की निर्वाचक नामावली कार्यालय जिलेदारी चतुर्थ जगदीशपुर में उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया है कि निर्वाचक नामावली में किसी नाम को शामिल किए जाने के संबंध में कोई दावा अथवा सम्मिलित किसी नाम के संबंध में कोई आपत्ति या अन्य विवरण के संबंध में अपील हो तो निर्धारित प्रारूप परिशिष्ट-19, 20 अथवा 21 में 22 अगस्त 2026 तक संबंधित जिलेदारी कार्यालय में दाखिल की जा सकती है।

## श्री अन्न के सेवन से किसानों को मिलेट्स की फसलों और उत्पादों के लाभ बताए गए



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** श्री अन्न (मिलेट्स) के उपभोग के प्रति आमजन एवं किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में विकास खंड स्तर शुरू प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 से 20 अगस्त तक आयोजित कर किसानों को मिलेट्स फसलों, उनसे तैयार होने वाले उत्पादों तथा उनके उपयोग से होने वाले लाभों की जानकारी दी जा रही है। सोमवार को विकास खंड बाबा बेलखरनाथधाम, मंगरौरा, सदर, पट्टी एवं आसपुर देवसरा में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संबंधित विकास खंडों के किसानों ने बढ़- चढ़कर प्रतिभाग किया और मिलेट्स की उपयोगिता एवं लाभों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी, शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं वीर विक्रम सिंह वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए, सुनील कुमार सिंह तकनीकी सलाहकार, राजेन्द्र उपाध्याय, सुरेश कुमार सिंह तथा संबंधित विकास खंडों के बीज भंडार प्रभारी एवं प्रशिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षकों ने किसानों को मिलेट्स फसलों एवं उनसे तैयार होने वाले विभिन्न उत्पादों तथा उनके उपयोग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बताया है कि मिलेट्स प्रशिक्षण कार्यक्रम के अगले चरण में 18 अगस्त को विकास खंड सांगीपुर, कालाकांकर, मान्धाता, कुण्डा एवं बाबागंज में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### तहसील दिवस में ग्रामोद्योग विभाग ने लगाया जागरूकता शिविर

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से सोमवार को तहसील परिसर बीघापुर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के आमजन, मातृशक्ति तथा माटीकला से जुड़े कारीगरों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक तेजवन्त सिंह, जिला विकास अधिकारी देव कुमार चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार यादव, तहसीलदार बीघापुर धीरज कुमार त्रिपाठी तथा नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया। पूर्व एलडीएम बीएन शुक्ला ने भी विभागीय योजनाओं और स्वरोजगार के अवसरों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। ग्रामोद्योग अधिकारी मो. शारिब ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा बेरोजगार युवाओं को योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## सीडीओ एवं एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें, 06 शिकायतों का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 95 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 95 शिकायतों में से 40 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 35, विकास विभाग से 10, विद्युत विभाग से 06 एवं 04 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया।

सीडीओ ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने और शिकायतों का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी तथा निष्पक्ष तरीके से करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सीडीओ ने विशेष रूप से भूमि संबंधी मामलों पर गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी जाए और विवादों का निष्पक्ष एवं शीघ्र निस्तारण कराया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने भी पुलिस अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को संवेदनशीलता एवं विनम्रता के साथ सुना जाए तथा निष्पक्ष जांच कर पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में सोमवार को तहसील बीघापुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, पूर्ति समेत विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 85 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत जिस श्रेणी की है, उसका निस्तारण भी उसी श्रेणी में किया जाए और शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**भूमि विवाद और अवैध कब्जे के मामलों पर विशेष निर्देश**

जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि विवाद, पैमाइश, अवैध कब्जे तथा अन्य संवेदनशील मामलों में उपजिलाधिकारी के स्तर से पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की जाए। टीम मौके पर जाकर प्रकरण की जांच करे और नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रत्येक प्रकरण का समाधान निर्धारित समयसीमा में करते हुए शिकायतकर्ता को संतोषजनक निस्तारण उपलब्ध कराया जाए।

**लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई, भूमि विवाद और अवैध कब्जे के मामलों में संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच के निर्देश**

## उचित दर विक्रेताओं का कमीशन बढ़ाकर 125 रुपये प्रति क्विंटल, उन्नाव के 127 विक्रेताओं को मिलेगा लाभ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि को लेकर सोमवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया तथा मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा उचित दर विक्रेताओं के कमीशन को 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की घोषणा की गई। इस व्यवस्था से जनपद उन्नाव के 127 उचित दर विक्रेता लाभान्वित होंगे। जिलाधिकारी ने सभी उचित दर विक्रेताओं को लाभांश में हुई वृद्धि पर बधाई दी। कार्यक्रम में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत ई-पॉस आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का भी शुभारंभ किया गया। राज्य सरकार द्वारा लाभांश वितरण के लिए करीब 336 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजट की व्यवस्था की जाएगी।

उचित दर दुकानों को जनपोषण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए 39 मानक वस्तुओं की बिक्री की अनुमति दिए जाने की जानकारी भी दी गई। इसके साथ ही उचित दर दुकानों पर कॉमन सर्विस सेंटर एवं ई-पॉस मशीन के माध्यम से बिजली बिल जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। ऑनलाइन वितरण प्रणाली लागू होने से उचित दर विक्रेताओं को मैनुअल रिकॉर्ड रखने की बाध्यता से भी राहत मिली है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने उचित दर विक्रेताओं को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मात्रा के अनुसार आवश्यक वस्तुओं का पारदर्शी एवं नियमानुसार वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और पात्र लाभार्थियों तक खाद्यान्न की उपलब्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी राजबहादुर सिंह, पूर्ति निरीक्षक उन्नाव शैलेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### नाव पलटने से तालाब में डूबे युवक की मौत

**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के मझखोरिया गांव में सोमवार दोपहर तालाब में नाव पलटने से एक युवक की डूबकर मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। मृतक की पहचान माखी थाना क्षेत्र के रूपपुर गांव निवासी मांगू (37) पुत्र सुल्तान के रूप में हुई है। बताया गया कि सोमवार दोपहर करीब तीन बजे मांगू मझखोरिया गांव स्थित तालाब में नाव से मछली पकड़ रहा था। इसी दौरान अचानक नाव अनियंत्रित होकर पलट गई और मांगू गहरे पानी में डूब गया। बताया जा रहा है कि नाव पर दो लोग सवार थे। हादसे के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने एक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि मांगू पानी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर माखी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मझखोरिया की लेखपाल राधा सिंह तथा रूपपुर के लेखपाल अखिलेश समेत राजस्व विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। माखी थानाध्यक्ष योगेश सिंह के अनुसार, मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## मंडलीय खेल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय जनपदीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चयन/ट्रायल प्रतियोगिता (अंडर-14 आयु वर्ग बालिका)का आयोजन सोमवार को हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ सेवानिवृत्त जिला व्यायाम शिक्षक जीशान खलील मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। स्पोर्ट्स स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में बैडमिंटन की प्रतियोगिता में शोहरतगढ़ केजीबीवी से ज्योति एवं वर्तिका तथा उसका बाजार से अमृता एवं सुंदरावती का चयन मंडल स्तरीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चयन/ट्रायल हेतु किया गया। तैराकी की बैक स्ट्रोक, फ्रीस्टाइल, ब्रेस्ट स्ट्रोक की स्पर्धा में उसका बाजार से चांदनी और सुंदरी का चयन हुआ। इसी तरह कबड्डी के प्रतियोगिता के चयन/ट्रायल के अंतर्गत बहुत ही कड़े मुकाबले में डुमरियागंज से अंकित वर्मा, सोनिया, नौगढ़ से ममता, खेसरहा से नेहा, कुसुम, शालिनी, गुड्डी। बांसी से निशा, पल्लवी, प्रिया। भनवापुर से निधि, शोहरतगढ़ से स्मिता, मानसी, दुर्गावती, भनवापुर से मनीषा का चयन किया गया। वॉलीबॉल के चयन/ट्रायल प्रतियोगिता के अंतर्गत शोहरतगढ़ से कंचन, ज्योति, मनसा, सत्यभामा, किरन, सुंदरी, स्मिता, रागिनी, उसका बाजार से सुंदरवती, चांदनी साहनी तथा खेसरहा से शालिनी जायसवाल, कुसुम का चयन मंडलीय चयन/ट्रायल प्रतियोगिता हेतु किया गया। 18 अगस्त 2026 को खो- खो, शतरंज, हाकी, हैण्ड बाल, तथा एथलेटिक्स का चयन/ ट्रायल के अंतर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन आयोजित प्रतियोगिता अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्र उपाध्याय, रविंद्र गुर्जर, सत्येंद्र गुप्त, राजकुमार, मुश्तन शेरुल्लाह, राजेन्द्र सुनील कुमार, मुकेश कुमार, माहेश्वरी पाठक, शशिकांत, अरविंद गुप्ता, सुग्रीम, नयनतारा, सरोज भारती, मीरा पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### विधायक के साथ सीएम कार्यक्रम का लोगों ने देखा सजीव प्रसारण



**सिद्धार्थनगर।** तहसील सभागार शोहरतगढ़ में सोमवार को सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अंतर्गत एप्स आधारित उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली का शुभारंभ एवं उत्तर प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि करने का उपहार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए जाने का सजीव प्रसारण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों ने देखा और सुना। तहसील प्रशासन शोहरतगढ़ की ओर विधायक विनय वर्मा ने एसडीएम राजेश कुमार के साथ मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना एवं दैवीय आपदा के अंतर्गत 11 मृतकों के परिजनों को अनुग्रह सहायता सांकेतिक चेक प्रदान किया। पूर्ति विभाग शोहरतगढ़ की तरफ़ से पांच नये लाभार्थियों को राशनकार्ड विधायक के कर कमलों से उपलब्ध कराया गया। मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि करने का उपहार तहसील क्षेत्र के बढ़नी, शोहरतगढ़, आंशिक ब्लॉक जोगिया, नौगढ़ व बर्डपुर के कुल 215 कोटेदार लाभांश का लाभ उठा सकेंगे। इस दौरान उप जिला अधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव, राम दास मौर्य, पूजा, राजस्व निरीक्षक देवानंद, सहित भारी संख्या में कोटेदार व क्षेत्र वासियों की मौजूदगी रही।

## चार खिलाड़ियों को विश्व ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए भेजा गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जिला ताइक्वांडो एकेडमी सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में सोमवार को कस्बा शोहरतगढ़ में विश्व ताइक्वांडो चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने जा रहे खिलाड़ियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। विश्व ताइक्वांडो चैंपियनशिप भारत में आयोजित हो रही है, जिसमें विभिन्न देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। सिद्धार्थनगर से चार खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए भेजा जा रहा है। सिद्धार्थनगर के खिलाड़ी, सौम्य प्रताप सिंह, प्रिंस, अंकिता कन्नौजिया एवं महक चौधरी का जिला ताइक्वांडो एकेडमी के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह, भाजपा नेता श्याम जायसवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष श्याम सुंदर चौधरी तथा प्रधान राममिलन चौधरी आदि ने मनोबल बढ़ाते हुये उत्साहवर्धन किया।

जिला ताइक्वांडो एकेडमी के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के चलते उन्हें भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल रहा है। यह पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन और मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित सम्मान समारोह को सराहनीय पहल बताया। चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि जिला ताइक्वांडो एकेडमी के नेतृत्व में खिलाड़ियों की प्रतिभा में निरंतर निखार आ रहा है।

ताइक्वांडो प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं भी सामने आ रही हैं। ग्रामीण अंचलों से निकलकर खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं और अपने गांव, शहर तथा देश का नाम रोशन कर रहे हैं। ताइक्वांडो कोच बजरंगी राजपूत ने कहा कि इस बार विश्व ताइक्वांडो चैंपियनशिप भारत में आयोजित हो रही है, जिसमें विभिन्न देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। सिद्धार्थनगर से चार खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए भेजा जा रहा है। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं पूर्व ग्राम प्रधान श्याम सुंदर चौधरी,भारतीय मानवाधिकार परिवार के जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी नीलू रूंगटा, श्याम जायसवाल, सुनील शर्मा, चंदन पाण्डेय, रिंकू चौधरी, पिंटू पटेल, लवकुश चौधरी, प्रदीप चौधरी, घनश्याम गुप्ता एवं राहुल चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भारतीय मजदूर संघ ने विभिन्न मागों को लेकर ज्ञापन सौंपा



**सिद्धार्थनगर।** भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई सिद्धार्थनगर द्वारा श्रमिकों, कर्मचारियों एवं विभिन्न वर्गों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर प्रधानमंत्री भारत सरकार, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री तथा केंद्रीय वित्तमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी रवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को सौंपा गया। ज्ञापन में श्रमिकों एवं कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से संगठन ने 11 सूत्रीय मांग की कि इन मागों को केंद्र सरकार द्वारा शीघ्र सकारात्मक एवं न्यायोचित निर्णय लिया जाए। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रमिक एवं कर्मचारी देश की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। उनके हितों से जुड़े मुद्दों का समाधान सरकार की प्राथमिकता में होना चाहिए। संगठन ने केंद्र सरकार से ज्ञापन में उठाई गई मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए समयबद्ध एवं सकारात्मक कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा की। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई सिद्धार्थनगर के जिला कोषाध्यक्ष हरिशंकर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल, जिला कार्यसमिति सदस्य रतन लाल, इंद्रजीत, मनोज कुमार, कुलदीप गुप्ता, अमितेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कुटीपिसी में दो किराना दुकानों पर छापेमारी, 75 बोतल बीयर के साथ दो युवक गिरफ्तार


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पदमा, हजारीबाग, झारखंडः-** पदमा ओपी क्षेत्र के ग्राम कुटीपिसी में किराना दुकानों की आड़ में अवैध रूप से बीयर की बिक्री किए जाने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों दुकानों से अलग-अलग ब्रांड की कुल 75 बोतल बीयर बरामद की है। गिरफ्तार युवकों की पहचान बादल कुमार (20 वर्ष) पिता बालदेव प्रसाद मेहता, निवासी नावाडीह तथा उपेन्द्र कुमार (20 वर्ष) पिता गणेश प्रसाद मेहता, निवासी कुटीपिसी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 16 अगस्त 2026 को शाम करीब छह बजे हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम कुटीपिसी में कुछ किराना दुकानों में अवैध रूप से विदेशी शराब एवं बीयर की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं बरही अंचल के पुलिस निरीक्षक के निर्देश पर पदमा ओपी प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम कुटीपिसी में विभिन्न दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान दो किराना दुकानों में अवैध रूप से बीयर की बिक्री करते हुए बादल कुमार और उपेन्द्र कुमार को रंगे हाथ पकड़ा गया। तलाशी के दौरान बादल कुमार की किराना दुकान से 650 मिलीलीटर वाली गॉडफादर बीयर की पांच बोतल, 500 मिलीलीटर वाली गॉडफादर कैन बीयर की 10 बोतल, 650 मिलीलीटर वाली किंगफिशर बीयर की छह बोतल और 500 मिलीलीटर वाली किंगफिशर कैन बीयर की नौ बोतल, कुल 30 बोतल बीयर बरामद की गई। वहीं, उपेन्द्र कुमार की किराना दुकान से 650 मिलीलीटर वाली गॉडफादर बीयर की सात बोतल, 500 मिलीलीटर वाली गॉडफादर कैन बीयर की छह बोतल, 650 मिलीलीटर वाली किंगफिशर बीयर की 20 बोतल तथा 500 मिलीलीटर वाली किंगफिशर कैन बीयर की 12 बोतल बरामद की गई। इस दुकान से कुल 45 बोतल बीयर जब्त की गई। दोनों दुकानों से पुलिस ने कुल 75 बोतल बीयर बरामद की है। इस संबंध में बरही स्थित पदमा ओपी में थाना कांड संख्या 289/2026, दिनांक 16 अगस्त 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 274, 275 एवं 292 तथा उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों में बादल कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष पिता बालदेव प्रसाद मेहता, ग्राम नावाडीह, थाना पदमा ओपी जिला हजारीबाग तथा उपेन्द्र कुमार उम्र 20 वर्ष पिता गणेश प्रसाद मेहता, ग्राम कुटीपिसी थाना पदमा ओपी, जिला हजारीबाग शामिल हैं। पुलिस द्वारा जब्त सामग्री में 650 मिलीलीटर वाली गॉडफादर बीयर की 12 बोतल, 500 मिलीलीटर वाली गॉडफादर कैन बीयर की 16 बोतल, 650 मिलीलीटर वाली किंगफिशर बीयर की 26 बोतल तथा 500 मिलीलीटर वाली किंगफिशर कैन बीयर की 21 बोतल शामिल हैं। छापामारी दल में पदमा ओपी प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक श्रवण कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राजेश कुमार हाजरा, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक आलोक कुमार सोरेन तथा पदमा ओपी के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# चौपारण की जर्जर ग्रामीण सड़कों का मुद्दा विधानसभा में उठा, सरकार ने माना परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



श्री मनोज कुमार यादव, मा0 सदस्य, बरही,

**चौपारण, हजारीबाग।** स्वतंत्र प्रभात। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने 12 अगस्त को विधानसभा सत्र के दौरान चौपारण प्रखंड की जर्जर ग्रामीण सड़कों का मुद्दा उठाते हुए सरकार से विशेष मरम्मत कराने की मांग की। सरकार ने भी माना कि इन सड़कों की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों, किसानों और स्कूली बच्चों को आवागमन में परेशानी हो रही है। विधायक ने विधानसभा में पीडब्ल्यूडी रोड हैहर मोड़ से विशुनपुर दैहर होते हुए सोहस, झापा मध्य विद्यालय से नीगा होते हुए हथिन्दर, पीडब्ल्यूडी रोड से बनव, जीटी रोड कमलवार से ग्राम कुतलू की अंतिम सीमा, पीडब्ल्यूडी रोड सवैया मोड़ से परसावां तथा पीडब्ल्यूडी रोड से बोगा होते हुए तेतरिया तक की सड़कों की जर्जर स्थिति का मामला उठाया। विधायक ने सरकार से पूछा कि क्या उक्त सभी सड़कें अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं और क्या इनके कारण ग्रामीणों, किसानों एवं स्कूली बच्चों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने दोनों सवालों का सकारात्मक जवाब दिया। इसके बाद विधायक ने पूछा कि यदि स्थिति ऐसी है तो क्या सरकार जनहित में इन सड़कों की विशेष मरम्मत कराने का विचार रखती है। जवाब में ग्रामीण कार्य विभाग की मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पथ निर्माण तथा मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत सेतु निर्माण की स्वीकृति के लिए विभागीय नीति जारी की गई है। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के संबंध में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अभी विभागीय नीति जारी नहीं हुई है। नीति जारी होने के बाद विभागीय नीति, बजटीय प्रावधान और स्थायी विधानसभा समिति की अनुशंसा के आधार पर संबंधित सड़कों के सुदृढ़ीकरण के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा सकेगी। सरकार के सकारात्मक जवाब के बाद चौपारण क्षेत्र के ग्रामीणों में सड़कों की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्य शुरू होने की उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक द्वारा इस समस्या को विधानसभा में उठाए जाने से उनकी वर्षों पुरानी समस्या को सदन में आवाज मिली है। बताया गया कि 11 अगस्त को सदन की कार्यवाही एक दिन पहले स्थगित हो गई थी, जिसके कारण संबंधित सवाल का जवाब 17 अगस्त को मिला।

# नवयुवक कांवरिया संघ बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** नवयुवक कांवरिया संघ ग्राम पोड़ैया के तत्वावधान में सावन की तीसरी सोमवारी के अवसर पर 42 सदस्यीय कांवरियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए रवाना हुआ। जत्थे में शामिल सभी कांवरिया सुल्तानगंज से पवित्र गंगाजल लेकर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम तक पैदल यात्रा करेंगे और बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। कांवरियों के रवाना होने के अवसर पर गांव में उत्साह और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए यात्रा शुरू की। इस दौरान कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ से क्षेत्र एवं समाज की सुख-शांति, समृद्धि तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कांवरिया जत्थे में समाजसेवी गोविंद कुमार यादव, मुकेश यादव, काली यादव, मिथलेश यादव, उमेश, डब्लू, सुनील, रविन्द्र, मनोज, उपेन्द्र, श्रवण, आकाश, कपिल, शंकर, संतोष, भुवनेश्वर, खिरोधर, धीरज सिंह, नरेश, अखलेश, सतीश, राजकुमार, अंकित सहित अन्य कांवरिया एवं महिला कांवरिया शामिल हैं। कांवरियों को विदा करने के लिए वार्ड सदस्य सुनील कुमार यादव, समाजसेवी संजय यादव, शैलेन्द्र यादव एवं कल्याण यादव समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने कांवरियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित यात्रा और बाबा बैद्यनाथ के दर्शन की कामना की। जत्थे के सदस्यों ने कहा कि सुल्तानगंज से देवघर तक पैदल कांवर यात्रा श्रद्धा, आस्था और भक्ति का प्रतीक है। बाबा बैद्यनाथ की कृपा से यात्रा सफलतापूर्वक पूरी हो, यही सभी की कामना है।

# पालिका की नाला सफाई व्यवस्था की खुली पोल, भूतेश्वर मंदिर में शिवलिंग तक पहुँचा दूषित पानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोंच(जालौन)-** 15 अगस्त को हुई बारिश ने नगर पालिका की नाला सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। बारिश के बाद कस्बे की कई सड़कें तालाब में तब्दील हो गई और चंदकुआं चौराहे पर जलभराव के चलते लोगों के घरों, दुकानों से लेकर मंदिर और अस्पताल तक पानी पहुंच गया। प्राचीन भूतेश्वर मंदिर भी जलभराव की चपेट में आ गया और दूषित पानी शिवलिंग तक पहुंच गया। जलभराव के बीच मंदिर में पुजारी द्वारा आरती किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगर पालिका की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे। प्रशासन के उच्चाधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका प्रशासन को तत्काल नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए। वीडियो वायरल होने के अगले ही दिन पालिका की टीम चंदकुआं पहुंची और जेसीबी की मदद से नाले की सफाई शुरू कराई। बताया गया कि नाले की एक जगह से ही कई ट्रॉली मलबा निकला। इसके बावजूद कुछ देर की कार्रवाई के बाद अभियान बंद कर दिया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नाला सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति की गई। उनका कहना है कि पालिका की टीम कुछ देर तक जेसीबी चलाने के बाद फोटो खिंचवाकर मौके से चली गई। यदि नाले की पूरी तरह सफाई कराई जाती तो जल निकासी की समस्या का समाधान हो सकता था। लोगों का कहना है कि नालों की नियमित सफाई और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर वर्ष उन्हें जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है। अब देखना यह है कि पालिका प्रशासन फोटो सेशन तक सीमित इस कार्रवाई को आगे बढ़ाकर जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान कराता है या फिर अगली बारिश का इंतजार करता है।

### नालों पर अतिक्रमण हटवाने के लिए कराया जा रहा एलान

जलभराव की समस्या को देखते हुए एसडीएम अभिनव कुमार यादव ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा नालों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए एलान कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नालों पर अतिक्रमण के कारण सही से नाला सफाई नहीं हो पा रही है। अतिक्रमण हटने के बाद नालों की सफाई कराकर जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर कराया जाएगा।

# शिवपुर से ग्रामीणों की टोली बाबा धाम के लिए रवाना



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** सावन की तीसरी सोमवारी के अवसर पर बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम शिवपुर से ग्रामीण श्रद्धालुओं की टोली बाबा धाम के लिए रवाना हुई। इस दौरान पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं के रवाना होने से पूर्व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सभी को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया और बाबा धाम की मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। इसके बाद श्रद्धालु बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ बाबा धाम के लिए प्रस्थान किए। जयकारों से पूरा गांव शिवमय हो उठा। इस मौके पर गणेश पंडित, प्रकाश रजक, सकलदीप प्रजापति, फगुनी देवी, सबिता देवी, संदीप पंडित, अनीता देवी, प्रीति कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

# बरही विधायक ने विधानसभा में उठाया बरही की छह पंचायतों को नगर पंचायत बनाने का मुद्दा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान बरही प्रखंड की छह प्रमुख पंचायतों को मिलाकर बरही नगर पंचायत के गठन का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। विधायक ने सरकार से सवाल किया कि क्या बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, करसो, बेंदगी, रसोइया धमना एवं कोनरा पंचायतें घनी आबादी वाले क्षेत्र हैं और राष्ट्रीय राजमार्ग-19 (जीटी रोड) तथा एनएच-31 के प्रमुख चौराहे के कारण यहां तेजी से व्यावसायिक एवं शहरी विकास हो रहा है। सरकार ने इस बात को स्वीकार किया। विधायक ने आगे सवाल किया कि क्या इन छह पंचायतों को मिलाकर अब तक बरही नगर पंचायत का गठन नहीं किया गया है, जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को सुनियोजित ड्रेनेज सिस्टम, ठोस कचरा प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य मूलभूत नागरिक सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। इस पर सरकार की ओर से उत्तर को आंशिक रूप से स्वीकारात्मक बताया गया।विधायक मनोज कुमार यादव ने सरकार से स्पष्ट रूप से पूछा कि यदि उपरोक्त तथ्यों को स्वीकार किया जाता है, तो क्या सरकार जनहित को ध्यान में रखते हुए झारखंड नगरपालिका अधिनियम के तहत बरही नगर पंचायत के गठन का विचार रखती है। उन्होंने सरकार से यह भी जानना चाहा कि यदि नगर पंचायत का गठन किया जाना है तो कब तक किया जाएगा और यदि नहीं किया जाना है तो इसके पीछे क्या कारण है।सरकार ने अपने जवाब में बताया है कि राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड सरकार की अधिसूचना संख्या-3109 के तहत भारत की दिनांक 25 नवंबर 2025 की जनगणना-2027 के निमित्त झारखंड राज्य की सभी प्रशासनिक इकाइयों जिला, अनुमंडल, प्रखंड, नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत, छावनी परिषद, वार्ड, पंचायत एवं ग्राम आदि के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार की सीमाओं में 1 जनवरी 2026 से मार्च 2027 तक किसी भी प्रकार का परिवर्तन किए जाने पर रोक लगाई गई है। सरकार के इस जवाब के बाद बरही नगर पंचायत के गठन का मामला फिलहाल जनगणना-2027 के लिए लागू प्रशासनिक सीमा संबंधी प्रतिबंधों से जुड़ गया है। बताते चलें कि 11 अगस्त को सदन की कार्रवाई एक दिन पूर्व स्थगित हो गई थी। जिसके कारण जवाब सोमवार 17 अगस्त को मिला है।

# कोटेदारों का कमीशन बढ़कर 125 रुपये हुआ, सुरियावां में हुआ कार्यक्रम

**सुरियावां।** कोटेदारों के कमीशन में वृद्धि के उपलक्ष्य में सोमवार को ब्लॉक सभागार सुरियावां में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उचित दर विक्रेताओं का कमीशन 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल किए जाने पर कोटेदारों ने खुशी जताई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कोटेदारों के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी रहे। खंड विकास अधिकारी रेनू चौधरी, पूर्ति निरीक्षक अनुज पटेल और संगीता यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कोटेदार संघ के जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष विवेक कुमार दुबे ने मुख्य अतिथि एवं अधिकारियों का माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कोटेदार उपस्थित रहे। इनमें अजय शुक्ला, विपिन पांडेय, भैयालाल, मनोज स्वामी, प्रकाश शुक्ला, बृजेश बिंद, सूरज मौर्य, नीरज उपाध्याय और मनोज गौतम सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# मोहम्मद फहीम बने राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला-** राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर मोहम्मद फहीम का 17 अगस्त 2026 को टूण्डला शहर में वरिष्ठ साथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।स्वागत समारोह के दौरान मोहम्मद फहीम ने सभी वरिष्ठ साथियों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी लग्न, निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य किया जाएगा तथा समाज के जरूरतमंद लोगों की आवाज को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ सभी वर्गों के हितों के लिए सक्रियता से कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर मोहम्मद सनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद, प्रकाश चंद्र मौर्य, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव, चंद्रवीर यादव, अलकेश सविता, उदयवीर पौनिया, वीरेश यादव प्रधान, विनय यादव, माजिद खान एवं जफर खान सहित अन्य वरिष्ठ साथी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने मोहम्मद फहीम को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा संगठन सामाजिक एवं जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाएगा।

# समाधान समारोह के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन

**फिरोजाबाद।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 'सहभागी न्याय'तथा 'न्याय की द्वार-प्रदाय व्यवस्था' की संकल्पना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'समाधान समारोह-2026' का आयोजन किया जा रहा है। समाधान समारोह का शुभारंभ 21 अप्रैल 2026 को किया गया था तथा इसका समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित विशेष लोक अदालत के माध्यम से किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का प्रमुख उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित ऐसे उपयुक्त मामलों का सहमति आधारित समाधान तंत्र के माध्यम से सौहार्दपूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना है, जिनमें आपसी समझौते की संभावना विद्यमान है। समाधान समारोह-2026 के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के ऐसे मामलों को चिन्हित किया गया है, जिनमें पक्षकारों के मध्य विवाद को सहमति एवं समझौते के आधार पर समाप्त किए जाने की संभावना है। इनमें सिविल मामले, पारिवारिक विवाद, बैंकिंग मामले, प्रतिकर एवं एम.ए.सी.टी. मामले, उपभोक्ता एवं रेरा विवाद, परक्राम्य लिखत अधिनियम से संबंधित मामले, श्रम एवं औद्योगिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, संपत्ति कर, किराया एवं बेदखली, सेवा संबंधी मामले, स्थानांतरण याचिकाएं तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कराधान से संबंधित मामले सम्मिलित हैं। इस विशेष पहल के माध्यम से पक्षकारों को अपने विवाद का समाधान पारंपरिक न्यायिक प्रक्रिया के साथ-साथ सहमति, संवाद एवं मध्यस्थता की भावना के आधार पर प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसका उद्देश्य न केवल लंबित वादों के निस्तारण में तेजी लाना है, बल्कि पक्षकारों के मध्य दीर्घकालिक एवं सौहार्दपूर्ण समाधान स्थापित करना भी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद द्वारा समाधान समारोह-2026 के उद्देश्यों एवं विशेष लोक अदालत के संबंध में संबंधित पक्षकारों एवं आमजन में आवश्यक जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि पात्र एवं संबंधित पक्षकार इस महत्वपूर्ण पहल का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। समाधान समारोह-2026 न्याय व्यवस्था में सहमति, सहभागिता और संवाद के माध्यम से विवादों के समाधान की दिशा में सर्वोच्च न्यायालय की एक महत्वपूर्ण एवं अभिनव पहल है। यह पहल इस मूल भावना को सशक्त करती है कि न्याय का उद्देश्य केवल विवाद का निर्णय करना ही नहीं, बल्कि जहां संभव हो, वहां पक्षकारों के बीच स्थायी, शांतिपूर्ण एवं स्वीकार्य समाधान स्थापित करना भी है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में छाया भ्रष्टाचार का मुद्दा, डीएम ने दिए कड़े जांच तथा दोषी पाए जाने पर एफआईआर के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवादाता



**फिरोजाबाद।** जनता की समस्याओं का पारदर्शी एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सदर तहसील में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस में अवैध भूमि कब्जा, स्वच्छता, कानून व्यवस्था सहित विभिन्न मामलों से संबंधित शिकायतें सामने आई। जिलाधिकारी ने कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया, जबकि अन्य शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### लालऊ में शौचालय निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर सख्त हुए डीएम

समाधान दिवस के दौरान ग्राम पंचायत लालऊ में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत शौचालय निर्माण से जुड़ा गंभीर मामला सामने आया। आरटीआई के माध्यम से सामने आई जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत में फेज-1 एवं फेज-2 के तहत अभिलेखों में शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये की सहायता राशि का भुगतान दर्शाया गया है, जबकि लाभार्थियों के खातों में कथित रूप से केवल 6-6 हजार रुपये की किस्त पहुंचने की बात सामने आई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल सख्त रुख अपनाया और परियोजना निदेशक तथा उपायुक्त श्रम रोजगार के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर पूरे प्रकरण की जांच के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत लालऊ में फेज-1 एवं फेज-2 के अंतर्गत बनाए गए सभी शौचालयों का मौके पर जाकर शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल सरकारी अभिलेखों में दर्ज विवरण को निस्तारण का आधार न माना जाए, बल्कि संबंधित बैंकों से आरटीजीएस, यूटीआर नंबर एवं ट्रांजैक्शन हिस्ट्री प्राप्त कर वास्तविक लाभार्थियों के खातों का मिलान कराया जाए। डीएम ने कहा कि जांच के दौरान यदि बिना शौचालय निर्माण के भुगतान अथवा किसी भी स्तर पर सरकारी धन के गबन की पुष्टि होती है तो संबंधित दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### जनता के हक का पैसा सीधे लाभार्थी तक पहुंचे: डीएम

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार अथवा शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योजनाओं के लिए निर्धारित धनराशि पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र लाभार्थी तक पहुंचनी चाहिए और उसका सही उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### दिव्यांग महिला की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

समाधान दिवस में ग्राम नगला मौजा जाखई निवासी दिव्यांग आवेदिका रेनू ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनकी गाटा संख्या 1539, 1557 एवं 1566 की भूमि पर स्थानीय दबंगों द्वारा जबरन अवैध कब्जा कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांच करने तथा यदि शिकायत सही पाई जाती है तो दिव्यांग महिला की भूमि को तत्काल कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि भू-माफिया एवं अवैध कब्जा धारकों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनमानस, विशेषकर महिलाओं एवं दिव्यांगजनों के अधिकारों का हनन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए और शिकायतकर्ता को कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामबदन राम, उपजिलाधिकारी सुदर्शन सिंह, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विकास की तस्वीर: निर्माण के छह माह में ही जर्जर हुआ एनएच- 8, बांस लगाकर रोका ट्रक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि:** श्रीभूमि जिले के पाथारकांदी विधानसभा क्षेत्र के लोइरपोआ ब्लॉक अंतर्गत हाथीखिरा-चुराईबाड़ी ह्वा-8 के लोइरपोआ इलाके में करीब चार किलोमीटर सड़क की बदहाल स्थिति ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। महज छह महीने पहले मरम्मत किए गए सड़क के इस हिस्से पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि एक मालवाहक ट्रक को बांस लगाकर रोकना पड़ा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, करीब छह महीने पहले सड़क के लगभग चार किलोमीटर हिस्से की मरम्मत का कार्य जीबी कंस्ट्रक्शन को सौंपा गया था। लेकिन छह महीने पूरे होने से पहले ही सड़क फिर से जर्जर हो गई। लगातार बारिश के बाद सड़क की स्थिति और भयावह हो गई है। वाहन चालकों को गड्ढों से होकर जोखिम उठाते हुए आवागमन करना पड़ रहा है। हाथीखिरा-चुराईबाड़ी NH-8 असम और त्रिपुरा को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों के साथ मालवाहक ट्रकों की आवाजाही होती है। सड़क की बदहाली का सीधा असर स्थानीय लोगों, यात्रियों, स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थियों तथा आपातकालीन सेवाओं पर पड़ रहा है। एंबुलेंस को भी इस जर्जर सड़क से गुजरने में कठिनाई हो रही है।

**बाईपास बंद, मुख्य सड़क पर बढ़ा दबाव**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इसी मार्ग के समीप बाईपास सड़क का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका था और कुछ समय तक उस पर वाहनों की आवाजाही भी हुई। हालांकि, पिछले करीब एक वर्ष से नए कलवर्ट एवं ओवरब्रिज के निर्माण के कारण बाईपास को अस्थायी रूप से बंद रखा गया है। इसके चलते भारी वाहनों समेत सभी यातायात का अतिरिक्त दबाव मुख्य NH-8 पर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब राष्ट्रीय राजमार्ग को हल्के और भारी दोनों प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बनाया जाता है, तो मरम्मत के महज छह महीने के भीतर सड़क की ऐसी हालत कैसे हो गई, यह जांच का विषय है। लोगों ने सड़क निर्माण में इस्तेमाल सामग्री और कार्य की गुणवत्ता की जांच की मांग की है।

**ओवरलोड वाहनों को लेकर भी उठे सवाल**

सूत्रों के अनुसार, जीबी कंस्ट्रक्शन की ओर से चार लेन निर्माण की जिम्मेदार एजेंसी NHIDCL की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। कंपनी की ओर से कथित तौर पर कहा गया है कि सड़क पर अत्यधिक ओवरलोड वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क पर दबाव बढ़ रहा है। दूसरी ओर, बाईपास को बंद रखकर भारी वाहनों को मुख्य NH-8 से गुजारने की व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण और संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा आम लोगों और वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने सीओ, जिला प्रशासन, NHIDCL तथा मंत्री कृष्णेंदु पाल से तत्काल हस्तक्षेप कर सड़क की मरम्मत कराने, यातायात व्यवस्था सुचारु करने और समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं की गई और भारी वाहनों के परिचालन की उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में इस मार्ग पर बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# काटाबाड़ी ब्रांच पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराने का आरोप

## 'हर घर तिरंगा' अभियान के बीच पोस्ट ऑफिस में नहीं फहराया गया झंडा!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमि:** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जहां हर तरफ राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा था, वहीं जिले के काटाबाड़ी ब्रांच पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराए जाने के आरोप को लेकर इलाके में चर्चा और नाराजगी का माहौल है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय महत्व के दिन केंद्र सरकार के अधीन आने वाले एक पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया जाना बेहद दुखद है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कटाबाड़ी ब्रांच पोस्ट ऑफिस में यह पहली बार हुआ है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया गया। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कटाबाड़ी ब्रांच पोस्ट ऑफिस की ब्रांच पोस्टमास्टर आयेशा खातून कुछ महीने पहले कोलकाता से यहां पदभार संभालने आई हैं। उनके साथ एडिशनल ब्रांच पोस्टमास्टर के पद पर कार्यरत बाप्पा मियां भी कोलकाता से आए हैं, ऐसा स्थानीय लोगों ने बताया। स्थानीय ग्राहकों का आरोप है कि पोस्टमास्टर के रूप में जिम्मेदारी संभालने के बाद से वह पोस्ट ऑफिस के विभिन्न नियम-कायदों के बारे में ग्राहकों को जानकारी देती रही हैं। ऐसे में लोगों का सवाल है कि एक केंद्रीय सरकारी कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस उचित तरीके से मनाने की प्रक्रिया की जानकारी क्या उन्हें नहीं थी? यह घटना अनजाने में हुई गलती, प्रशासनिक लापरवाही या किसी अन्य कारण से हुई–इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच और संबंधित कर्मचारियों का पक्ष जानना जरूरी है, ऐसा स्थानीय लोगों का कहना है। 'हर घर तिरंगा' अभियान के बीच उठे सवाल इधर, बैठाखाल जीपी के अध्यक्ष देश के प्रधानमंत्री के 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से अपने स्तर पर स्थानीय लोगों के बीच राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर रहे हैं। ऐसे समय में एक केंद्रीय सरकारी कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के दिन राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराए जाने के आरोप को लेकर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई है। अब इस मामले में डाक विभाग के उच्च अधिकारी क्या कदम उठाते हैं, इस पर स्थानीय लोगों की नजर है। साथ ही उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक कारण सामने लाने की मांग की है।

# चोरी की चार मोटरसाइकिल और स्कूटर बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जालंधर।** शाहकोट पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिल और एक स्कूटर बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गगनदीप सिंह उर्फ गगन पुत्र जैमल सिंह निवासी बोपाराय कलां, थाना सदर नकोदर तथा अमित उर्फ आशु पुत्र दलजीत राम निवासी टुरना, थाना लोहियां, जालंधर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जालंधर ग्रामीण हरविंदर सिंह विर्क के निर्देश पर पुलिस टीम ने शाहकोट क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। मलसियां चौकी क्षेत्र में पुलिस ने एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल को रोककर जांच की। दोनों आरोपियों से मोटरसाइकिल के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में उन्होंने मोटरसाइकिल मलसियां से चोरी करने की बात स्वीकार की। इस संबंध में थाना शाहकोट में मुकदमा संख्या 211 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) और 317(2) में मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपियों ने वाहन चोरी की अन्य घटनाओं में भी शामिल होने की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर चोरी की तीन अन्य मोटरसाइकिल और एक स्कूटर बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया है और उनसे अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना शाहकोट के प्रभारी निरीक्षक अमन सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।

# पाथारकांदी में ध्वजारोहण के दौरान टूटी रस्सी, नीचे गिरा राष्ट्रीय ध्वज

**श्रीभूमि।** स्वतंत्रता दिवस के केंद्रीय समारोह के दौरान पाथारकांदी में उस समय असहज स्थिति पैदा हो गई, जब ध्वजारोहण के दौरान ऊपर से रस्सी टूटने के कारण राष्ट्रीय ध्वज नीचे गिर गया। घटना के बाद समारोह स्थल पर कुछ देर के लिए अफरातफरी और नाराजगी का माहौल बना रहा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह नौ बजे ध्वजारोहण होना था, लेकिन करीब 10 मिनट की देरी से 9:10 बजे ध्वजारोहण किया गया। अनुमंडलाधिकारी ससती एंडोये द्वारा ध्वजारोहण किए जाने के दौरान अचानक ऊपर से रस्सी टूट गई और राष्ट्रीय ध्वज नीचे गिर पड़ा। घटना के तुरंत बाद प्रशासन ने स्थिति को संभाला। दूसरा राष्ट्रीय ध्वज लाकर दोबारा ध्वजारोहण किया गया और समारोह को आगे बढ़ाया गया। स्वतंत्रता दिवस जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय समारोह में हुई इस घटना ने प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि ध्वजारोहण से पहले ध्वज, रस्सी और ध्वजारोहण स्थल की समुचित जांच की गई थी या नहीं। घटना को लेकर लोगों में नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस चूक को लेकर क्या कदम उठाता है।

# खन्ना पुलिस की सिक्योरिटी ने जीता भरोसा, ISRU इवेंट में पहली बार FRS का इस्तेमाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खन्ना, लुधियाना।** गोवा की आजादी के महान शहीद मास्टर करनैल सिंह इसरू की स्मृति में खन्ना के इसरू गांव में आयोजित राज्य स्तरीय शहीदी समारोह के दौरान खन्ना पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. दर्पण आहलूवालिया के नेतृत्व में समारोह स्थल और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। नाकाबंदी, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी, वाहनों की जांच और सीसीटीवी सहित आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। समारोह की सुरक्षा व्यवस्था में पहली बार चेहरा पहचान प्रणाली (एफआरएस) का इस्तेमाल विशेष आकर्षण रहा। पुलिस के अनुसार, इस तकनीक की मदद से सीसीटीवी और लाइव कैमरा फुटेज के जरिए संदिग्ध तथा वांछित व्यक्तियों की पहचान की जा सकती है। पुलिस के मुताबिक, प्रणाली में वांछित व्यक्ति की तस्वीर और संबंधित जानकारी अपलोड करने के बाद उसके चेहरे का विशिष्ट डिजिटल नमूना तैयार किया जाता है। इसके बाद कैमरों के माध्यम से सामने आने वाले चेहरों की लगातार जांच की जाती है। संभावित मिलान होने पर प्रणाली तत्काल चेतावनी जारी करती है, जिसमें व्यक्ति का नाम, मिलान प्रतिशत, स्थान, तारीख और समय जैसी जानकारी उपलब्ध होती है। इससे पुलिस अधिकारी मौके पर ही संदिग्ध की पहचान का सत्यापन कर सकते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. दर्पण आहलूवालिया के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल को प्रभावी पुलिसिंग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों तथा राजनीतिक और सामाजिक नेताओं की मौजूदगी को देखते हुए समारोह स्थल पर कई स्तरों की सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

**कैबिनेट मंत्री ने की पुलिस व्यवस्था की सराहना**

राज्य स्तरीय समारोह में पहुंचे पंजाब के कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने भी खन्ना पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पारंपरिक सुरक्षा उपायों के साथ आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से खन्ना पुलिस ने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और सुरक्षा व्यवस्था को तकनीक आधारित बनाने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

# सरस्वती विद्यानिकेतन में स्वतंत्रता दिवस और ऋषि अरविंद जयंती पर दो दिवसीय आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**श्रीभूमि।** 80वें स्वतंत्रता दिवस एवं ऋषि अरविंद जयंती के अवसर पर श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा स्थित सरस्वती विद्यानिकेतन में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रमों से विद्यालय परिसर उत्सव के रंग में रंगा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास रंजन कलवार, सचिव कृष्ण चंद्र पाल और मुख्य अतिथि असीत बरण नाथ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद वंदना प्रस्तुत की गई। अतिथियों ने भारत माता और ऋषि अरविंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया। सभी अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन समिति के सह-सचिव चंदन पाल के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए हुई। अध्यक्ष, सचिव, अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थियों ने सुभाषित पाठ, अमृतवचन, कविता पाठ, संगीत, एकल एवं सामूहिक नृत्य तथा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। विद्यार्थी दिवाकर दास ने ऋषि अरविंद के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। वहीं राजदीप सिन्हा, उद्दीयन पाल और विराट दास ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने विचार रखे। 'जैसा चाहो वैसा बनो' कार्यक्रम में अंकुर, मुकुल एवं किशलय वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय की प्रधान आचार्या सूर्यरेखा सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया। विद्यालय अध्यक्ष विकास रंजन कलवार ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व, ऋषि अरविंद के जीवन-दर्शन और विद्यालय के सर्वांगीण विकास पर विचार रखे। सचिव कृष्ण चंद्र पाल, मुख्य अतिथि असीत बरण नाथ और अन्य अतिथियों ने भी अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस एवं ऋषि अरविंद के आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर दुल्लभछड़ा ग्राम पंचायत के चार नंबर वार्ड सदस्य टिंकू मालाह ने विद्यालय के विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने अगले वर्ष ग्राम पंचायत के माध्यम से विद्यालय की चहारदीवारी का कार्य पूरा कराने तथा प्रत्येक वर्ष जनवरी माह का अपना एक माह का वेतन विद्यालय को दान करने की घोषणा की। उन्होंने अन्य वार्ड सदस्यों से भी विद्यालय के विकास के लिए सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य रघुनाथ साहू, मातृ मंडली की अध्यक्ष बीनापनि राय, समाजसेवी सुभाष काहार, वार्ड सदस्य दिलीप तेली, टिंकू मालाह, प्रधान आचार्या सूर्यरेखा सिन्हा, अभिभाविका प्रतिनिधि लवली नाथ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों एवं विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन आचार्य राजराम कालोआर एवं शुभेंदु कुमार दास ने किया, जबकि मंच संचालन सागर रंजन दास ने किया। आयोजन को सफल बनाने में आचार्य रंजू देव और सानी देव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा। अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# खेलों की मशाल का पटियाला में स्वागत, 5 सितंबर से बठिंडा में गूंजेगी खेलों की गूंज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटियाला।** पंजाब के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने 'खेदान वतन पंजाब दियां' के तहत पटियाला पहुंची मशाल का स्वागत करते हुए कहा कि पंजाब सरकार राज्य में खेल संस्कृति को और मजबूत करने के लिए खास कोशिशें कर रही है। उन्होंने कहा कि 5 सितंबर से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान बठिंडा में 'खेदान वतन पंजाब दियां' को लॉन्च करेंगे। डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि इन खेलों के तहत ब्लॉक लेवल पर 7, जिला लेवल पर 28 और राज्य लेवल पर 38 खेल आयोजित किए जाएंगे। इन खेलों में हर उम्र के लोगों को हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। बेटे-बेटियों से लेकर दादा-दादी और नाती-पोते तक, हर कोई इन खेलों का हिस्सा बन सकेगा। उन्होंने पंजाब के सभी लोगों से अपील की कि वे इन खेलों में पूरे जोश के साथ हिस्सा लें और पंजाब सरकार की इस पहल को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के 'रंगला पंजाब' बनाने के सपने को पूरा करने के लिए खेलों से जुड़ना समय की ज़रूरत है। युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि युवाओं को अपनी एनर्जी खेलों में लगानी चाहिए और एक सेहतमंद समाज बनाने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सीधी भर्ती के मौके भी दे रही है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे ज़्यादा से ज़्यादा खेलों में हिस्सा लें, मेहनत करें, इनाम जीतें और अपने खेल टैलेंट के दम पर नौकरी के मौके पाएं। उन्होंने कहा कि 'खेदन वतन पंजाब दियां' सिर्फ़ एक खेल मुकाबला नहीं है, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों से जोड़ने और पंजाब और देश का नाम रोशन करने का एक बड़ा प्लैटफ़ॉर्म है।

# अमृतसर में पुलिस स्टेशन पर हमले की साजिश नाकाम, 690 ग्राम आईईडी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंडीगढ़/अमृतसर।** अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने पुलिस स्टेशन को निशाना बनाने की कथित आतंकवादी साजिश को नाकाम करते हुए 690 ग्राम वजनी इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किया है। इसके साथ इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, बैटरी, टाइमर और लोहे का बक्सा भी मिला है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि बरामद विस्फोटक सामग्री को निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत सुरक्षित तरीके से संभाला गया। बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने कहा कि अमृतसर ग्रामीण पुलिस की तत्परता से संभावित खतरे को टाल दिया गया। मामले की जांच कर साजिश में शामिल लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। अमृतसर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कंवलप्रीत सिंह चहल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जिले में पहले से ही नाकों पर जांच बढ़ा दी गई थी और सरकारी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पर विशेष निगरानी रखी जा रही थी। उन्होंने बताया कि 15-16 अगस्त की मध्यरात्रि को सहायक उपनिरीक्षक कुलबीर सिंह गश्त पर थे। इसी दौरान पुलिस चौकी गग्गोमहल के क्षेत्र में काले रंग का मोम से लिपटा एक संदिग्ध पैकेट मिला। जांच के दौरान पैकेट में आईईडी के साथ इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, बैटरी, टाइमर और लोहे का बक्सा बरामद हुआ। सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया। दस्ते ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विस्फोटक को सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया, जबकि अन्य सामान पुलिस ने कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में थाना रामदास, अमृतसर ग्रामीण में प्राथमिकी संख्या 162 दर्ज की गई है। मामले में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं 3, 4 और 5 के तहत कार्रवाई की गई है।

# रूधौली तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस, जिलाधिकारी ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले की तहसील रूधौली में सोमवार, 17 अगस्त 2026 को जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों को एक-एक कर गंभीरता से सुना और मौके पर उपस्थित संबंधित विभागीय अधिकारियों को जनशिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और आवश्यकतानुसार स्थलीय निरीक्षण एवं मौके पर जाकर जांच की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। सभी अधिकारी समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

**पुलिस से संबंधित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने भी फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थानों से संबंधित मामलों का तत्परता से निस्तारण कराया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

**63 शिकायतें प्राप्त, 7 का मौके पर निस्तारण**

उप जिलाधिकारी अहमद फरीद खान ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 63 मामले प्राप्त हुए, जिनमें से 7 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में सबसे अधिक मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे।

विभागवार प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग के 30, पुलिस के 3, विकास विभाग के 4, पूर्ति विभाग के 12, नहर विभाग के 3, विद्युत विभाग के 3, नगर पंचायत के 5, बाल विकास विभाग के 2 तथा स्वास्थ्य विभाग का 1 मामला शामिल रहा।

**जिला स्तरीय अधिकारियों की रही मौजूदगी**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव निगम, परियोजना निदेशक आनन्द कुमार गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी धनश्याम सागर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ए.के. गुप्ता, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, जिला कृषि अधिकारी बी.आर. मौर्या, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण अंकुर वर्मा, बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप तिवारी, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता, जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी अरूण त्रिपाठी, प्रभारी तहसीलदार नीरज सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाए और प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# इफको फूलपुर में अध्यक्ष संघाणी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस पर फहराया तिरंगा

## कहा देश की प्रगति का रास्ता गांवों और खेतों से होकर गुजरता है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दया शंकर त्रिपाठी**

**ब्यूरो प्रयागराज।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंडियन फॉर्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव( इफको ) संस्था केअध्यक्ष दिलीप संघाणी ने इफको की फूलपुर इकाई में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित इस गरिमामय समारोह में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और किसानों की समृद्धि के संकल्प की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति का रास्ता गांवों और खेतों से होकर गुजरता है और किसानों को सशक्त किए बिना विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। श्री संघाणी ने इफको फूलपुर इकाई द्वारा उर्वरक उत्पादन, आधुनिक कृषि तकनीकों, किसान सेवा तथा सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इफको किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि' के विजन के अनुरूप निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन करते हुए कहा कि आजादी केवल हमारे लिए गौरव का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की निरंतर जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति का रास्ता गांवों और खेतों से होकर गुजरता है और किसानों को



सशक्त किए बिना विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। स्वतंत्रता दिवस पर इफको परिवार राष्ट्र की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए अपने संकल्प को दोहराया। श्री संघाणी ने कहा कि आजादी के 80वें वर्ष में हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों के भारत के निर्माण के लिए और अधिक समर्पण के साथ काम करना होगा, जिन्होंने अपना सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि किसान की समृद्धि, गांव की खुशहाली और सहकारिता की मजबूती ही आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की आधारशिला है। इफको किसानों की आय बढ़ाने, सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने, कृषि को टिकाऊ बनाने और






भारतीय संस्कृति एवं ग्रामीण जीवन की समृद्ध परंपरा को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इफको फूलपुर में श्री संघाणी ने स्वतंत्रता दिवस पर यही संकल्प एक बार फिर दोहराया की देश की धरती, देश के किसान और देश की समृद्धि के लिए इफको की ओर से हर संभव प्रयास जारी रहेगा

### कार्डेट किसान सभा और सहकारी बंधुओ को किया संबोधित।

इसके पूर्व श्री संघाणी ने इफको कॉर्डेट में एक दिन पूर्व आयोजित किसान सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा और आर्थिक मजबूती में किसान की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग, जैव-उर्वरकों तथा पोषक तत्वों से युक्त उर्वरकों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने पीएम प्रणाम तथा 'उर्वरक की पाठशाला' जैसी पहलों के माध्यम से धरती और पर्यावरण की रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों में इफको फूलपुर की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी, स्वस्थ पर्यावरण और समृद्ध किसान ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भारत की नींव रखेंगे। श्री संघाणी ने इफको के नैनो उर्वरकों–नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक और नैनो कॉपर को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरक कृषि क्षेत्र में नई तकनीकी क्रांति का हिस्सा हैं और इनके माध्यम से कम मात्रा में अधिक प्रभावी पोषक तत्व उपलब्ध कराने के साथ-साथ मिट्टी और पर्यावरण पर पड़ने वाले दबाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। इफको फूलपुर इकाई ने अब तक नैनो यूरिया प्लस लिक्विड की 244.8 लाख बोतलें तथा नैनो डीएपी लिक्विड की 12.1 लाख बोतलें, प्रत्येक 500 मिलीलीटर, का उत्पादन किया है। इनका कुल पोषक प्रभाव लगभग 11.5 लाख मीट्रिक टन पारंपरिक उर्वरकों के बराबर है। यह उपलब्धि इफको फूलपुर की टिकाऊ कृषि और अगली पीढ़ी की उर्वरक तकनीकों के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका को रेखांकित करती है। अपने कार्यक्रम में श्री संघाणी ने किसानों एवं सहकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ आत्मीय संवाद किया तथा उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नैनो उर्वरकों और संतुलित पोषण प्रबंधन को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'इफको की असली सफलता केवल उत्पादन के आंकड़ों में नहीं, बल्कि उस किसान के चेहरे की मुस्कान में है, जिसके खेत में बेहतर उत्पादन हो और जिसके परिवार का भविष्य सुरक्षित हो।' इफको का मानना है कि राष्ट्र की वास्तविक समृद्धि ग्रामीण भारत की प्रगति और खुशहाली में निहित है। इसी सोच के अनुरूप कॉर्डेट (कोऑपरेटिव रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट) तथा मोतीलाल नेहरू किसान प्रशिक्षण संस्थान किसानों को आधुनिक, वैज्ञानिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इफको फूलपुर स्थानीय समुदायों से प्राप्त नीम के बीजों का उपयोग कर नीम-लेपित यूरिया, जैव-उर्वरक तथा नीम तेल का उत्पादन भी करता है। इससे एक ओर टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिलता है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्थानीय आजीविका को भी मजबूती मिलती है। इफको फूलपुर इकाई केंद्रीय विद्यालय कल्याण कार्यक्रम, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आईआरडीपी), महिला चेतना क्लब और ओम कल्याण समिति जैसी पहलों के माध्यम से आसपास के गांवों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सक्रिय योगदान दे रही है। इन प्रयासों के अंतर्गत स्वच्छता सुविधाएं, सुरक्षित पेयजल, सौर ऊर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, शैक्षिक सहायता तथा आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

### नवनिर्मित तकनीकी भवन का उद्घाटन किया

दो दिवसीय फूलपुर दौरे के दौरान श्री संघाणी ने इफको फूलपुर संयंत्र में नवनिर्मित तकनीकी भवन का उद्घाटन किया। इस भवन से संयंत्र के सभी वरिष्ठ अधिकारी एक साथ बैठकर कार्यों की समीक्षा और समन्वय कर सकेंगे, जिससे निर्णय प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी तथा कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इफको फूलपुर इकाई के वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री पी.के. सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री संघाणी को इकाई की कार्यप्रणाली, उत्पादन क्षमता, नई तकनीकों तथा पर्यावरण-संवेदनशील उत्पादन प्रक्रियाओं की जानकारी दी। श्री संघानी ने इकाई में अपनाई जा रही आधुनिक एवं पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों की सराहना की।

# कांग्रेस पर्यवेक्षक ने संगठन सृजन अभियान के तहत नैनी के पन्द्रह वार्डो की समीक्षा बैठक की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज ।** कांग्रेस पार्टी कार्यालय कॉटन मिल्स पर नैनी के सभी पंद्रह वार्डो के अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवम् वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की संगठन सृजन अभियान के तहत मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं अभियान पर्यवेक्षक सुश्री जरीता लतफलांग एवम् पी, सी,सी, प्रभारी प्रयागराज अनिल कुमार श्रीवास्तव, शह प्रभा उज्ज्वल शुक्ला के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष फुजैल हाशमी और संचालन महानगर कांग्रेस कमेटी के महासचिव राकेश श्रीवास्तव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक सुश्री जरीता लतफलांग ने कहा कि जिला अध्यक्ष एवम् महानगर अध्यक्ष का चयन पारदर्शी तरीके से होगा। आम कार्यकर्ताओं से सीधे बात करके रिपोर्ट ए, आई, सी, सी, दिल्ली भेजी जाएगी, उन्होंने बताया कि अध्यक्ष के नियुक्ति का अन्तिम निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व लेगा। उन्होंने यह भी





कहा कि कांग्रेस क अध्यक्ष वही बनेगा जिसकी जनता में छवि अच्छी हो हर जाति, समुदाय को साथ लेकर चल सकें। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करने वालों में सर्वश्री हरिकेश त्रिपाठी कॉर्डिनेटर प्रतापगढ़, किशोर वार्ष्णेय पूर्व प्रवक्ता, विजय मिश्रा पूर्व प्रत्याशी मेयर, नयन कुमार कुशवाहा उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस, राकेश श्रीवास्तव महासचिव महानगर कांग्रेस,राम मनोरथ सरोज, सुष्मिता यादव, अंजुम नाज,अनूप त्रिपाठी, निजामुद्दीन, अल्पना निषाद, निखिल श्रीवास्तव, सुरेश वर्मा, विनोद जैकब, विवेक पांडे, धर्मराज रत्नाकर, प्रदीप वर्मा, नागेंद्र मिश्रा, बांके लाल पटेल, वैभवी जोशी, सुनील निषाद, अनिल गौर, नज़रीना बानो, मोहम्मद सारिक, रिंकू भारतीय आदि लोग शामिल रहें।

# धर्म जागरण समन्वय की जिला स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** नगर पालिका कार्यालय में धर्म जागरण समन्वय की जिला स्तरीय बैठक प्रांत परियोजना प्रमुख अजय सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में दर्जनों पदाधिकारियों ने भाग लिया। धर्म जागरण समन्वय की बैठक में प्रांत परियोजना प्रमुख अजय सिन्हा ने धर्म रक्षा समिति के माध्यम से बस्तियों में रक्षासूत्र बंधन के कार्यक्रम को समारोह पूर्वक मनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। जिला संयोजक सर्वेश कुमार स्वर्णकार ने बताया कि हमें अपने सभी सनातनी भाइयों और बहनों को घर-घर जाकर रक्षासूत्र बंधन कार्यक्रम हेतु आमंत्रित करना चाहिए। ताकि हमारा कोई भी भाई-बहन इस कार्यक्रम में शामिल होने से वंचित न रह पाए। बैठक में प्रांत लव जिहाद प्रमुख प्रदीप सक्सेना, जिला संयोजक सर्वेश कुमार स्वर्णकार, जिला सह संयोजक सतीश कुमार, जिला निधि प्रमुख अंशु गुप्ता, सह जिला परियोजना प्रमुख रोहित स्वर्णकार, जिला



प्रशासनिक संपर्क प्रमुख तेज बहादुर शर्मा, पूरनपुर नगर संयोजक राहुल सक्सेना, नगर सह संयोजक डॉ. संजय स्वर्णकार, नगर सह संयोजक अमित सैनी, पूरनपुर खंड संयोजक भगवान अवस्थी, खंड सह संयोजक हिमांशु दीक्षित, माधोटांडा खंड संयोजक राजपाल, माधोटांडा खंड सह संयोजक गंगाराम, धर्म रक्षा समिति के संयोजक गौर अधिकारी, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार, महेन्द्रपाल वर्मा, विश्वनाथ सिंह कुशवाहा, राधेश्याम, हर्ष शर्मा, भवतोष मलिक, हिमांशु सैनी, सक्षम मिश्र आदि मौजूद रहे।

### संयुक्त शिक्षक संघ की बैठक में नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** नगर के गांधी पार्क में संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में ब्लाक की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संयुक शिक्षक संघ की ब्लाक स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष सतीश कुमार की अध्यक्षता में नगर के गांधी पार्क में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के लिए सभी को एकजुट रहना होगा। बैठक में ब्लाक की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संयुक्त शिक्षक संघ ब्लाक पूरनपुर की नई कार्यकारिणी में ब्लाक संरक्षक इंतजार अहमद, ब्लाक अध्यक्ष रावेन्द्र प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्विज कमलनाथ त्रिपाठी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा, ब्लाक महामंत्री प्रभुदयाल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण, संगठन मंत्री विमलेश कुमार राठौर, सचिव अविनाश सिंह, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश कुशवाहा को जिम्मेदारी सौँपी गई। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि शिक्षकों की पुरानी पेंशन सहित हर समस्या को एक जुटता के साथ संघर्ष कर हल कराने में तत्पर रहेंगे।

# नारायणी फाउंडेशन द्वारा धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नारायणी फाउंडेशन में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समारोहपूर्वक ध्वजारोहण किया गया। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक एवं महासचिव सुशील कुमार दुबे ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ देश की एकता और अखंडता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, सचिव मारुति नन्दन मिश्र, कोषाध्यक्ष बैजनाथ पांडेय, वरदान अग्रवाल, उमा मिश्रा, नंदिता



मिश्रा, पंकज प्रसाद, नीलिमा मिश्रा एवं क्षमा अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए देश के विकास एवं राष्ट्रहित में योगदान देने का आह्वान किया।

# दवा लेने निकली मां-बेटी की मालगाड़ी से कटकर दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** यमुनापार के मांडा थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम एक हृदयविदारक हादसे में मां और उसकी मासूम बेटी की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। दोनों दवा लेने के लिए घर से निकली थीं। उमापुर कला गांव के सामने रेलवे ट्रैक पार करते समय डाउन लाइन पर आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही जान चली गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक, मांडा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कस्तूरा देवी (40) अपनी करीब तीन वर्षीय बेटी देविका को लेकर शनिवार की शाम दवा लेने टिकरी की ओर



**उमापुर कला गांव के सामने रेलवे ट्रैक पार करते समय डाउन लाइन पर आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही जान चली गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक, मांडा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कस्तूरा देवी (40) अपनी करीब तीन वर्षीय बेटी देविका को लेकर शनिवार की शाम दवा लेने टिकरी की ओर जा रही थीं।**

जा रही थीं। बताया गया कि शाम करीब 6:30 बजे दोनों उमापुर कला गांव के सामने रेलवे ट्रैक पार कर रही थीं। इसी दौरान डाउन लाइन पर तेज गति से आ रही मालगाड़ी की चपेट में मां-बेटी आ गईं। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मालगाड़ी के गुजरने के बाद आसपास मौजूद लोगों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। कुछ ही देर में घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मासूम बच्ची की मौत के बाद गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया।

# नारायणी ब्राइट माइंड्स स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नैनी, प्रयागराज।** नारायणी ब्राइट माइंड्स स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेविका सुषमा पांडेय ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रध्वज फहराते ही विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उपस्थित लोगों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह में उत्साह भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधिका क्षमा अग्रवाल, प्रधानाचार्या नीलिमा मिश्रा, शिक्षिकाएं एकता मिश्रा, ममता मिश्रा, पूनम सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश के प्रति उनके कर्तव्यों से भी अवगत कराया गया।

# बजरंग दल कार्यकर्ताओं को देख युवक मांस और बाइक छोड़कर भागा, रिपोर्ट दर्ज

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को देख युवक मांस और बाइक छोड़कर मौके से भाग निकला। इस घटना को लेकर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कड़ी नाराजगी जताई। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक प्रतिबंधित पशु का मांस बिक्री करने के लिए ला रहा था। हालांकि अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में रविवार रात संदिग्ध मांस मिलने से हड़कंप मच गया। केसरपुर कलां और भरकलीगंज के बीच करीब साढ़े दस बजे भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक युवक को मांस ले जाते देखा। कार्यकर्ताओं ने मांस गोवंश पशु का होने का दावा किया। उनके पहुंचते ही युवक बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर दोनों थाने खुटार और सेहरामऊ पुलिस मौके पर पहुंची और जाँच शुरू की।

# कोटेदारों का लाभांश बढ़कर हुआ 125 प्रति कुंतल

## ब्लॉक सभागार में मुख्यमंत्री के संदेश को विधायक ने कोटेदारों तक पहुंचाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** प्रदेश के 78 हजार से अधिक उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) के लिए सोमवार दोपहर को बड़ी सौगात की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोटेदारों का लाभांश 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया।

इसके साथ ही सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के तहत ई-पॉस आधारित 'उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली' का भी शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सोमवार को ब्लॉक सभागार पूरनपुर में देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे भाजपा विधायक बाबूराम पासवान व ब्लॉक प्रमुख




ने सम्मानित कोटेदारों को प्रतिरूप चेक प्रदान किए। इस दौरान कोटेदारों में खुशी का माहौल रहा और उन्होंने सरकार के निर्णय का स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि लाभांश बढ़ने से उचित दर विक्रेताओं को आर्थिक राहत मिलेगी। वहीं फीडबैक प्रणाली से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यप्रणाली में सुधार आएगा। नई व्यवस्था से राशन वितरण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुख बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान कोटेदारों को मुख्यमंत्री के निर्णय के लिए बधाई दी गई।

इस मौके पर एसडीएम मयंक गोस्वामी, प्रभारी खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव, पूर्ति निरीक्षक बृजेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**मुयमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोटेदारों का लाभांश 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। इसके साथ ही सिंगल स्टेज डोर-स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के तहत ई-पॉस आधारित 'उचित दर विक्रेता फीडबैक प्रणाली' का भी शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सोमवार को लॉक सभागार पूरनपुर में देखा गया।**

### झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर रंगदारी मांगने का आरोप

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** छात्र अपनी पढ़ाई के खर्च को उठाने के लिए मनरेगा श्रमिक के रूप में कार्य करता है। गांव के कुछ लोग छात्र से झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रंगदारी मांगते हैं। आरोप है कि छात्र को परेशान करने वाले पिता पुत्र आए दिन गांव के अन्य लोगों की छवि धूमिल करने के लिए मनघड़ंत शिकायतें भी करते हैं। छात्र ने इस पूरे मामले की कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से शिकायत कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेरपुर कलां के मोहल्ला नवदिया वार्ड नंबर 9 के निवासी रेहान रजा पुत्र हमीदुर्रहमान ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दी तहरीर में कहा कि वह पॉलिटेक्निक प्रथम वर्ष का छात्र है और अपनी पढाई का खर्च उठाने के लिए मनरेगा श्रमिक के रूप मे गांव में होने वाले कार्य करता है, ताकि पढ़ाई के खर्च के अलावा उसका गुजर बसर हो सके। छात्र ने तहरीर में पुलिस को बताया कि गांव का ही इरशाद खां पुत्र प्यारे खां, मोहतरम खां पुत्र इरशाद खां उससे आये दिन रंगधारी मांगते है और न देने पर उसे झूठे मुकदमे मे फंसानेकी धमकी देते है।

# एडिशनल एसपी ने काबड़ियो की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किया निरीक्षण

पूरनपुर (पीलीभीत)। सावन माह के तीसरे सोमवार को शारदा नदी के धनाराघाट तट पर पहुंचने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सोमवार दोपहर करीब दो बजे एडिशनल एसपी विक्रम दहिया ने धनाराघाट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शारदा नदी के तट, कांवड़ियों के आवागमन वाले मार्ग तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। नदी के किनारे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, भीड़ को नियंत्रित करने तथा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां रखने को कहा गया। अधिकारियों ने कांवड़ियों की सुविधा के लिए लगाए गए बैरिकेडिंग व अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। एडिशनल एसपी ने पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहने के निर्देश दिए।

# वन विभाग की आपत्ति से अटका सड़क का डामरीकरण, 19 को धरना देंगे किसान

### .......टिकरा चौराहे से नेवाजखेड़ा तक एक किलोमीटर सड़क के पकीकरण की मांग, कुबहरा में जुटेंगे किसान और ग्रामीण।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** नगराम-खुजौली मार्ग से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के डामरीकरण में वन विभाग की आपत्ति को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने आंदोलन का ऐलान किया है। संगठन की ओर से 19 अगस्त को कुबहरा स्थित सामुदायिक मिलन केंद्र पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। सोमवार को नेवाजखेड़ा में पूर्व प्रधान रामनरेश लोधी के आवास पर हुई बैठक में आंदोलन की रणनीति तय की गई। संगठन के पदाधिकारियों के मुताबिक नगराम-खुजौली मार्ग के टिकरा चौराहे से नेवाजखेड़ा तक करीब एक किलोमीटर सड़क पर अभी खड़ंजा लगा है। वन विभाग की आपत्ति के चलते इसका डामरीकरण नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क के पक्कीकरण की मांग की जा रही है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने से किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इसी तरह कमलापुर-विचिलखा माइनर से कुबहरा तक कच्चे मार्ग के डामरीकरण में भी वन विभाग की आपत्ति को बाधा बताया जा रहा है। बरसात में कच्चे रास्ते की हालत खराब होने से ग्रामीणों को आवागमन में और अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बैठक के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने नेवाजखेड़ा समेत आसपास के गांवों में जनसंपर्क किया। बरसात के बीच गांव-गांव पहुंचकर किसानों और मजदूरों से 19 अगस्त के धरने में शामिल होने की अपील की गई। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों से भी आंदोलन में सहयोग मांगा गया, जिस पर उन्होंने समर्थन का भरोसा दिया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सड़क का डामरीकरण ग्रामीणों की मूलभूत जरूरत है। शांतिपूर्ण धरने के माध्यम से अधिकारियों के समक्ष सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर कराने की मांग उठाई जाएगी। बैठक और जनसंपर्क अभियान में प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर, प्रदेश महासचिव दिनेश यादव, मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह, प्रधान पति रामकुमार, गांव अध्यक्ष केशव लोधी, राम कुमार यादव, रमेश कुमार, अरविंद कुमार समेत अन्य पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे। संगठन ने 19 अगस्त को कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर होने वाले धरने में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।



# फर्जी पहचान पत्र बनाकर जमीन बेचने के आरोप में दंपती गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** बहरिया थाना पुलिस ने फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दूसरे की जमीन को अपने नाम से बेचने के आरोप में एक दंपती को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी एक पुराने मुकदमे में वांछित थे। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के मुताबिक थाना बहरिया में दर्ज मु0अ0सं0 009/2023, धारा 419, 420, 467, 468 व 471 भादवि से संबंधित आरोपी इंद्रभान हरिजन पुत्र नंदलाल हरिजन तथा उसकी पत्नी कंचन देवी को 14 अगस्त 2026 को उनके कपसा स्थित घर के सामने से गिरफ्तार किया गया। इंद्रभान की उम्र करीब 38 वर्ष तथा कंचन देवी की उम्र करीब 37 वर्ष बताई गई है।

**राजकुमारी के नाम की जमीन हड़पने का आरोप**-पुलिस के अनुसार इस मामले की शुरुआत 16 जनवरी 2023 को प्राप्त शिकायत से हुई थी। शिकायतकर्ता राजकुमारी पत्नी स्वर्गीय टेढ़ूराम, निवासी ग्राम कपसा, थाना बहरिया ने आरोप लगाया था कि उनके नाम दर्ज आराजी संख्या 1075स, रकबा 0.3080 हेक्टेयर, मौजा कपसा की जमीन को फर्जी तरीके से चंदा देवी के नाम इकरारनामा करा दिया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि इकरारनामे में आधार कार्ड के स्थान पर वोटर आईडी का इस्तेमाल किया गया तथा ऋञ्ञत्तऱ के माध्यम से 1.50 लाख रुपये के हस्तांतरण को दर्शाते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार किए गए। मामले में कंचन देवी, इंद्रभान, चंदा देवी और छोटेलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

**खुद को राजकुमारी बताकर जमीन बेचने का आरोप**-विवेचना के दौरान पुलिस के सामने मामला और गंभीर रूप में सामने आया। पुलिस के अनुसार कंचन देवी ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता राजकुमारी का फर्जी निर्वाचन कार्ड तैयार कराया और खुद को राजकुमारी के रूप में प्रस्तुत करते हुए उक्त जमीन को चंदा देवी पत्नी छोटेलाल, निवासी सरायखंदुदमीर, थाना फूलपुर के पक्ष में बेच दिया। जांच के दौरान निर्वाचन कार्यालय से राजकुमारी के नाम दर्ज वोटर कार्डों का ऑनलाइन सत्यापन कराया गया। पुलिस के अनुसार एक वोटर कार्ड नंबर रिकॉर्ड में प्रदर्शित नहीं हुआ, जबकि दूसरे कार्ड का विवरण राजकुमारी पत्नी टेढ़ूराम के नाम दर्ज मिला। इसके बाद सब-रजिस्ट्रार फूलपुर कार्यालय से इकरारनामा की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर उसमें लगे फोटो का शिकायतकर्ता के फोटो से मिलान कराया गया। पुलिस के मुताबिक इकरारनामे में लगा फोटो शिकायतकर्ता राजकुमारी का नहीं बल्कि आरोपी कंचन देवी का पाया गया।

**जांच में सामने आया कथित फर्जीवाड़ा**-पुलिस का कहना है कि विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर विक्रेता, क्रेता और गवाहों द्वारा आपस में मिलकर कथित रूप से कूटरचित निर्वाचन कार्ड तैयार किया गया और उसी के आधार पर इकरारनामा तैयार कराया गया। इन तथ्यों की पुष्टि के बाद पुलिस ने इंद्रभान और कंचन देवी को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया।

# पहले रंगदारी अब जानलेवा हमला, जयसिंहपुर में बेख़ौफ़ बदमाश

### आरोपित पर पहले से हत्या समेत कई संगीन मुकदमे दर्ज, पीड़ित ने पूर्व में भी रंगदारी मांगने का मुकदमा कराया था; अब खुलेआम फायरिंग से क्षेत्र में दहशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सुलतानपुर।** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात हुई फायरिंग की घटना ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। डेयरी से दूध लेकर घर लौट रहे एक युवक पर कथित तौर पर जानलेवा हमला किया गया। खास बात यह है कि जिस व्यक्ति पर फायरिंग का आरोप लगा है, उसके खिलाफ पहले से हत्या समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, हालापुर निवासी अनुराग तिवारी रविवार रात करीब आठ बजे तिवारीपुर तिराहे के पास स्थित अनिल यादव की डेयरी से दूध लेकर वापस लौट रहे थे। पीड़ित के अनुसार, वह अपनी मोटरसाइकिल स्टार्ट कर रहे थे, तभी पहाड़पुर रायपट्टी निवासी मोलू सिंह अपने एक साथी के साथ वहां पहुंच गया। आरोप है कि मोलू सिंह ने अनुराग तिवारी को निशाना बनाते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। हालांकि, संयोगवश गोली उन्हें नहीं लगी और उनकी जान बच गई। घटना के बाद आरोपित अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गया। मामले को और गंभीर इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि पीड़ित अनुराग तिवारी ने इससे पहले भी मोलू सिंह के खिलाफ रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बावजूद आरोपित पर किसी तरह का प्रभावी अंकुश नहीं लग पाया। अब एक बार फिर उसी व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी आरोपित के खिलाफ पहले से हत्या जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं और उसके बाद भी वह खुलेआम फायरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहा है, तो यह आम लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर जयसिंहपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रेम नारायण राजपूत को सौंपी गई है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है। अब लोगों की निगाहें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना मुश्किल हो जाएगा।

# निगोहां कस्बे में पुलिस ने चलाया पैदल गश्त व सघन चेकिंग अभियान

### ........अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अलर्ट, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर बढ़ाई निगरानी।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निगोहां, लखनऊ।** अपराध नियंत्रण एवं क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को निगोहां पुलिस ने थाना प्रभारी रविंद्र कुमार के नेतृत्व में पैदल गश्त और सघन चेकिंग अभियान चलाया। एसीपी राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कस्बे के भीड़भाड़ वाले बाजारों, प्रमुख मार्गों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों को रोककर उनकी जांच की तथा आवश्यक पूछताछ भी की। पुलिस टीम ने बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद लोगों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। पैदल गश्त के दौरान पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों और क्षेत्रीय लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त और चेकिंग अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# इंदिरा नगर में देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में देशभर के साथ 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया। इंदिरा नगर के सेक्टर-12 स्थित आवासीय जनकल्याण सेवा समिति की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशेष ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा विधायक ओपी श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आजादी के महत्व और देश के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में जनकल्याण सेवा समिति सेक्टर-12 के अध्यक्ष सुभाष शर्मा, महासचिव सुशील कुमार बच्चा और उपाध्यक्ष नवीन सिंह सहित समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। ध्वजारोहण कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रभक्ति के नारों और देशभक्ति के माहौल के बीच लोगों ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मिठाई का वितरण भी किया गया। समारोह का समापन देशभक्ति, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे के संदेश के साथ हुआ।

# सचिव के अभाव में बसंतपुर क्लस्टर की ग्राम पंचायतों का कामकाज ठप, ग्रामीणों में नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अंबेडकर नगर।** विकासखंड कटेहरी के बसंतपुर क्लस्टर में पिछले डेढ़ महीने से सचिव के पद पर तैनाती न होने के कारण ग्राम पंचायतों का कामकाज प्रभावित होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव के अभाव में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र सहित कई महत्वपूर्ण कार्य लंबित पड़े हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र निर्धारित समय के भीतर जारी होने पर प्रक्रिया ब्लॉक स्तर पर पूरी हो जाती है, लेकिन समय सीमा निकल जाने के बाद लोगों को तहसील का रुख करना पड़ता है। सचिव की अनुपस्थिति के कारण कई लोगों के प्रमाण पत्र समय पर नहीं बन पा रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त भागदौड़ करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले लगभग 25 दिनों से जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) स्तर से जल्द सचिव की तैनाती का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन अब तक स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि पंचायत से जुड़े कई कर्मचारियों और सहायकों का मानदेय भी कई महीनों से लंबित है। उनका कहना है कि पंचायत सहायकों और केयरटेकर को चार से पांच महीने से मानदेय नहीं मिला है, जबकि सरपंच भाई के मानदेय का भुगतान भी लंबे समय से लंबित बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, बसंतपुर क्लस्टर में मित्रसेन यादव का स्थानांतरण किया गया था, लेकिन उन्होंने चिकित्सा अवकाश ले लिया, जिसके बाद सचिव का पद फिर से खाली हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सचिव की तैनाती करने और लंबित कार्यों का निस्तारण कराने की मांग की है। वहीं, कर्मचारियों से अवैध वसूली के लगाए गए आरोपों पर संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हुए प्रभावित ग्राम पंचायतों में व्यवस्था बहाल करता है।

# दो लाख रुपये दो, वरना सोशल मीडिया पर बदनाम करेंगे! पालिकाध्यक्ष की शिकायत से मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महमूदाबाद, सीतापुर।** नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के अध्यक्ष आमिर अराफात ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी सार्वजनिक छवि धूमिल करने और कथित तौर पर अनुचित दबाव बनाने के मामले में एक शिकायत की है। पालिकाध्यक्ष ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र के मुताबिक पालिकाध्यक्ष का आरोप है कि शिवेंद्र प्रताप यादव, निवासी मोतीपुर चौराहा, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के निकट, महमूदाबाद द्वारा नगर पालिका के कार्यों में उन पर अनुचित एवं अनैतिक दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है। आरोप है कि नियम-विरुद्ध अथवा किसी व्यक्ति विशेष के हित में कार्य करने से इनकार करने पर सोशल मीडिया, विशेषकर फेसबुक के माध्यम से भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित कर उनकी सामाजिक एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, आरोप है कि दो लाख रुपये की मांग, न देने पर बदनाम करने की धमकी दी जा रही है। शिकायत में पालिकाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर लगाए गए कथित आरोपों के संबंध में उन्होंने शिवेंद्र प्रताप यादव से बातचीत की। इस दौरान अकील अहमद पुत्र अब्दुल अजीज, निवासी कटरा महमूदाबाद तथा इमरान पुत्र इदरीस, निवासी रमुआपुर महमूदाबाद के सामने कथित रूप से दो लाख रुपये की मांग की गई। शिकायतकर्ता के अनुसार रुपये न देने पर सोशल मीडिया के माध्यम से बदनाम करते रहने की धमकी दी गई। पालिकाध्यक्ष ने शिकायती पत्र में कहा है कि वह नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में जनहित, निष्पक्षता और विधि के अनुरूप कार्य करना अपना कर्तव्य समझते हैं तथा किसी व्यक्ति विशेष के अनुचित दबाव में नियम-विरुद्ध कार्य करना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने संपूर्ण मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायत के साथ फेसबुक पोस्ट और स्क्रीनशॉट की छायाप्रतियां भी संलग्न किए जाने का उल्लेख किया गया है।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में भव्य समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, इंदिरा नगर, लखनऊ में 15 अगस्त 2026 को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। समारोह में संस्थान के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने संस्थान परिसर में ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। अपने संबोधन में डॉ. संजय कुमार सिंह ने संस्थान द्वारा रोगियों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने आयुर्वेद के क्षेत्र में संस्थान द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों एवं उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के योगदान को याद करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, जिम्मेदारी और सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उत्तर प्रदेश में प्रथम पंचकर्म तकनीशियन कोर्स शुरू होने की तैयारी समारोह के दौरान संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में बताया गया कि उत्तर प्रदेश में प्रथम पंचकर्म तकनीशियन कोर्स का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में प्रारंभ होने जा रहा है। यह पहल आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में कुशल एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान मीडिया द्वारा भी समारोह का कवरेज किया गया। समारोह का समापन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं समृद्धि के संकल्प के साथ हुआ।

# विकास नगर में फिर धंसी सड़क, दो दिन पहले ही खुला था मार्ग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** विकास नगर इलाके में एक बार फिर सड़क धंसने की घटना सामने आई है। भगवान शिव की मूर्ति के पीछे वाले हिस्से में रविवार देर रात सड़क का एक बड़ा हिस्सा फिर से धंस गया। यह वही स्थान है जहां दो महीने पहले सड़क धंस गई थी और मरम्मत के बाद हाल ही में आवागमन शुरू किया गया था। सोमवार सुबह से इस हिस्से को बंद कर दिया गया है। विकास नगर के सेक्टर-2 में यह घटना हुई। यहां दो महीने से सीवर लाइन की मरम्मत का काम चल रहा था। काम पूरा होने के बाद सड़क पर आवागमन बहाल कर दिया गया था। लेकिन पिछले दो दिनों की जोरदार बारिश के कारण गड्ढे में भरी गई मिट्टी और बालू रात से ही धंसने लगी। सुबह प्रशासन ने बैरिकेडिंग लगाकर सड़क को पूरी तरह बंद कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह इलाका बार-बार सड़क धंसने की घटनाओं के लिए चर्चा में रहता है। क्षेत्र में पुरानी सीवर लाइन की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। पहले भी कई बार इसी हिस्से में धंसाव हो चुका है। बारिश के पानी और सीवर लाइन से रिसाव के कारण मिट्टी कमजोर पड़ जाती है, जिससे सड़क धंस जाती है। नगर निगम और संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे। यातायात को वैकल्पिक मार्गों से मोड़ा जा रहा है, जिससे आसपास के इलाकों में जाम की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय निवासी चिंतित हैं कि बार-बार होने वाली इन घटनाओं से दुर्घटना का खतरा बढ़ रहा है। इतिहास पर नजर डालें तो विकास नगर में सीवर लाइन संबंधी समस्याओं के कारण पिछले कुछ वर्षों में कई बार सड़क धंसने की घटनाएं हो चुकी हैं। प्रशासन ने पहले भी नई सीवर लाइन बिछाने और मरम्मत के दावे किए थे, लेकिन समस्या पूरी तरह नहीं सुलझ पाई है। अभी मरम्मत का काम कब शुरू होगा और सड़क कब दोबारा खुलेगी, इस बारे में आधिकारिक जानकारी का इंतजार है। स्थानीय लोग स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं ताकि बार-बार आवागमन बाधित न हो।